लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -317, पृष्ठ- 16+4, मूल्यः- 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बढ़ती आबादी हांफते संसाधन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस... 14

www.amritvichar.com

आज का मौसम

29.8° अधिकतम तापमान | 23.8° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होगी।

सूर्योदय 05 : 21
सूर्यास्त 07 : 05

कानपुर नगर, रविवार, 7 जुलाई 2024

JK URBANSCAPES
FOUNDATIONS OF TRUST

EMERALD Gulistan

Ritu HOUSING

A CITY WITHIN A CITY

EXPERIENCE LIFESTYLE EXCELLENCE AT

Club Gulistan

OPEN NOW

Experience unmatched comfort and sophistication
at our ultra-luxurious clubhouse, set within a 90-acre sanctuary.
Every detail is meticulously crafted to elevate your lifestyle.

Multipurpose Hall


Gymnasium


TV Room

Cards Room

*Artistic Impression

Children's Room

Billiard Room


Squash Court


Games Room

Promoter RERA No - UPRERAPRM65697 | www.up-rera.in

Emerald Gulistan: Plot No. 2, Scheme No. 39, Jajmau, Kanpur, U.P.-208010

contact@rituhousing.com www.rituhousing.com

+91 80550 05500

Disclaimer: Nothing contained herein constitutes an offer for sale of any kind whatsoever. The contents /depictions are purely imaginary/conceptual.

चेस्ट अस्पताल में नहीं तड़पेंगे गंभीर मरीज

रविवार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इमरजेंसी का किया जाएगा विस्तार, वेंटिलेटर युक्त 15 बेड और बढ़ेंगे
- अस्पताल की इमरजेंसी में हैं अभी उपलब्ध हैं सिर्फ पांच ही वेंटिलेटर वाले बेड

17 जिलों से टीबी, एमडीआर फेफड़े के रोगी यहां आते | **10** मरीज औसतन रोज गंभीर स्थिति वाले आते अस्पताल

हैलट में भार होगा कम

हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह ने बताया कि मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल से अक्सर गंभीर मरीजों को हैलट अस्पताल रेफर किया जाता है। इससे हैलट के आईसीयू पर भार बढ़ता है। चेस्ट हास्पिटल की इमरजेंसी में बेड की संख्या बढ़ने पर हैलट इमरजेंसी पर लोड कम होगा।

> मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल की इमरजेंसी में अभी पांच बेड हैं। यहां इमरजेंसी सुविधा का विस्तार कर 15 और बेड बढ़ाए जाएंगे। इस तरह कुल 20 बेड हो जाएंगे। पीएम केयर फंड के जो वेंटिलेटर ठीक हो जाएंगे, उनमें से ही चेस्ट अस्पताल की इमरजेंसी में वेंटिलेटर लगाए जाएंगे।
> –प्रो . संजय काला, प्राचार्य, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में आने वाले गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अब इमरजेंसी में बेड और वेंटिलेटर की कमी से नहीं जूझना पड़ेगा। वेंटिलेटर की कमी की वजह से मरीजों को हैलट अस्पताल के आईसीयू में रेफर करने की नौबत नहीं आएगी। अस्पताल की इमरजेंसी में वेंटिलेटर युक्त 15 बेड बढ़ाए जाने का फैसला लिया गया है।

रावतपुर स्थित मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में कानपुर समेत 17 जिलों से टीबी, एमडीआर, फेफड़ों में पानी भरने, फेफड़ों में बलगम आने, निमोनिया, सांस लेने में दिक्कत के अलावा सीने में होने वाली समस्या से परेशान मरीज इलाज कराने आते हैं। इनमें औसतन प्रतिदिन 10 से अधिक मरीज गंभीर स्थिति वाले होते हैं। इन मरीजों के लिए अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में वेंटिलेटर की सुविधा नहीं होने से अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। चेस्ट अस्पताल की इमरजेंसी में वर्तमान में सिर्फ पांच बेड ही हैं। ऐसे में मरीजों की संख्या बढ़ने पर डॉक्टरों के सामने हालात चुनौतीपूर्ण हो जाते है। मरीजों को हैलट अस्पताल रेफर करने की मजबूरी होती है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला के अनुसार समस्या को देखते हुए चेस्ट अस्पताल की इमरजेंसी का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इमरजेंसी में 15 बेड बढ़ाए जाएंगे।

एप पर कार बेचने का झांसा देकर 60 हजार हड़पे

कानपुर। जूही थानाक्षेत्र में एप पर कार बेचने का झांसा देकर युवक से 60 हजार रुपये हड़प लिए गए। कार ट्रांसफर न करने पर युवक ने पैसे मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। उनके आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

एजाज नगर निवासी आदिल ने बताया एप पर कार बेचने का एड देखा और दिए नंबर पर संपर्क कर गाड़ी देखने बारादेवी पहुंचे। वहां हरीश सचदेवा, रित्विक व एक अन्य साथी ने गाड़ी की कीमत 3.80 लाख बताई। उन्होंने गूगल पे से हरीश को 50 हजार व 10 हजार रुपये नकद रित्विक को दे दिए। लेकिन गाड़ी ट्रांसफर नहीं हुई तो रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

निकाल रहे खामी, प्रवेश में आनाकानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- बेसिक शिक्षा विभाग में अभिभावक दर्ज करा रहे शिकायतें, होगी कार्रवाई

पहले ही आरटीई आवेदन सत्यापित कर चुका विभाग

अधिकारियों ने बताया कि निजी स्कूल बच्चों के प्रवेश के दौरान खामियां नहीं निकाल सकते हैं। सभी आवेदनों की जांच पहले ही विभाग करके उनका सत्यापन कर चुका है। जो निजी स्कूल अभिभावकों को आवेदन में खामी निकाल कर परेशान कर रहे हैं, उनकी शिकायत अभिभावकों को विभाग में करनी चाहिए।

अमृत विचार। निजी स्कूलों के खुलते ही आरटीई के प्रवेश लेकर निजी स्कूलों की मनमानी शुरू हो गई है। यह हाल तब है, जब स्कूलों ने शिक्षा विभाग को लिखकर दिया था कि स्कूल खुलते ही आरटीई के प्रवेश लेंगे। अब अभिभावनक आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं, तो निजी स्कूल संचालक खामियां निकालकर उन्हें लौटा रहे हैं या दौड़ा रहे हैं। अभिभावकों की ओर से इसकी शिकायतें विभाग में की जा रही हैं। विभाग जल्द ही निजी स्कूलों के प्रतिनिधियों को बुलाकर उन्हें जल्द प्रवेश लेने की चेतावनी जारी करने पर विचार कर रहा है।

आरटीई के तहत विभाग में अभिभावकों ने वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, एनएलके समूह, युपीएस, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की शिकायत की है। शिकायतों में कहा गया है कि इन स्कूलों की ओर से अभिभावकों को यह कहकर दौड़ाया जा रहा है कि उनके भरे गए आवेदनों में गलतियां हैं, जिन्हें विभाग की ओर से दुरुस्त कराया जाना जरूरी है। अभिभावकों ने कई बार दौड़ाए जाने के बाद स्कूलों के खिलाफ विभाग में शिकायतें दर्ज कराई हैं। खास बात यह है कि इन स्कूलों को पूर्व में जिलाधिकारी की ओर से प्रवेश लिए जाने का नोटिस भेजा जा चुका है। नोटिस के बाद इन स्कूलों ने विभाग को प्रवेश लेने के लिए लिखित शपथ पत्र दिया था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी निजी स्कूलों के आरटीई प्रवेशों पर नजर रखी जा रही है। स्कूलों को प्रवेश लेने का आदेश दिया गया है। यदि वे प्रवेश देने में अनाकानी करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

आज से मदरसों में नए सत्र की होगी शुरुआत

कानपुर। मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही इस्लामी नए साल की शुरुआत हो जाएगी। इसी के साथ ही मदरसों में नए सत्र की शुरुआत होगी, जिसकी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। मदरसों में इस सत्र से कुछ नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत हो सकती है, कई ऐसे मदरसे हैं, जो हिंदी, अंग्रेजी, गणित जैसे विषय पढ़ा रहे हैं लेकिन तमाम ऐसे मदरसे हैं जहां अभी भी शुद्ध दीनी तालीम ही दी जाती है। ऐसे में मदरसों का पाठ्यक्रम इस बार कुछ बढ़ा सकता है लेकिन ये पाठ्यक्रम कुछ बच्चों तक ही सीमित होगा क्योंकि जमीअत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी पहले ही कह चुके हैं कि दीनी और दुनियावी दोनों तालीम एक साथ नहीं चल सकती हैं।

शराब के लिए रुपये नहीं देने पर पत्नी को पीटा

कानपुर। अहिरवां में शराब के लिए रुपये न देने पर युवक ने पत्नी को पीट दिया। पीड़ित ने चकेरी थाने में शिकायत की। अहिरवां के संजीव नगर निवासी रानी देवी ने बताया कि उनका पति शराब का लती है। शुक्रवार रात को पति ने शराब के लिए रुपये मांगे, जिस पर उन्होंने इंकार कर दिया। इस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद पति ने उनकी पिटाई कर दी। पड़ोसियों के बीच बचाव करने पर आरोपी मौके से भाग गया।

55 स्कूलों का बिना मान्यता संचालन पढ़ाई बंद करने का दिया गया नोटिस

बेसिक शिक्षा विभाग ने मान्यता विहीन संचालित स्कूल तुरंत बंद करने का दिया आदेश

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- औचक निरीक्षण में नोटिस वाले स्कूल चलते मिले तो होगा एक लाख रुपये जुर्माना
- शिक्षकों ने नामांकन बढ़ाने में सबसे बड़ी दिक्कत गली-गली खुले स्कूलों को बताया

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग ने जिले में बिना मान्यता के चल रहे 55 स्कूलों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में मान्यता विहीन स्कूल तुरंत बंद किए जाने का आदेश दिया गया है। स्कूल बंद नहीं करने पर प्रबंधक पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाए जाने की बात कही गई है। नए सत्र में पढ़ाई शुरू करने से पहले हुई जांच में मान्यता विहीन स्कूल पकड़ में आए हैं।

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होने के साथ शिक्षा महानिदेशक ने परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया है। शिक्षकों ने नामांकन बढ़ाने में सबसे बड़ी दिक्कत गली-गली में खुले निजी प्राइमरी स्कूलों को बताया है। इसी के बाद बीएसए ने जिले के सभी ब्लाकों में कराए गए आंतरिक सर्वे में चिह्नित हुए 55 अमान्य स्कूलों को नोटिस जारी करके तत्काल स्कूल बंद करने के निर्देश जारी किए हैं।

इन स्कूलों पर बंदी की तलवार

न्यू टारगेट पब्लिक स्कूल परमपुरवा, न्यू मदर टेरेसा स्कूल तौधकपुर, यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल विनोबा नगर, एमआर पब्लिक स्कूल लालपुर, दीपक बाल विद्या मंदिर भीतरगांव, नन्हीं दुनिया पब्लिक स्कूल भीतरगांव, आर्यन पब्लिक स्कूल शिवराजपुर, नर्चर ट्री पब्लिक स्कूल शिवराजपुर, जीजस पनाह पब्लिक स्कूल मॉल रोड, स्काई पब्लिक स्कूल जवाहर पुरम, वव किड्स पब्लिक स्कूल, फ्यूचर किड्स पब्लिक स्कूल, लिटिल वंडर स्कूल कैंट, नई दुनिया पब्लिक स्कूल आदि।

बंद होने वाले स्कूलों के बच्चों का पास के सरकारी स्कूल में होगा दाखिला

मान्यता विहीन स्कूलों को बंद कराकर वहां पढ़ाई कर रहे बच्चों का नजदीक के सरकारी स्कूलों में प्रवेश कराया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किया है। अमान्य स्कूलों को भेजी नोटिस में कहा गया है कि औचक निरीक्षण में स्कूल संचालित मिला तो संचालक के खिलाफ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

> जिले में बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों के खिलाफ जांच कराई गई थी। इसके लिए सभी 10 खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी। जांच में मिले अमान्य स्कूलों को नोटिस जारी कर उन्हें बंद कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।
> –सुरजीत कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

8 सबसे ज्यादा अवैध स्कूल घाटमपुर में संचालित

बेसिक शिक्षा विभाग को सर्वे में बगैर मान्यता वाले सबसे अधिक अवैध स्कूल घाटमपुर क्षेत्र में चलते मिले हैं। यहां 8 स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इसी तरह किदवई नगर में 4, कल्याणपुर में 5, प्रेमनगर में 5, सदर बाजार में 6, चौबेपुर में 6, शिवराजपुर में 3, पतारा में 4, भीतरगांव में 4 तथा बिल्हौर में 5 समेत कुल 55 स्कूलों को नोटिस जारी कर तत्काल बंद किए जाने का आदेश दिया गया है।

सीएसजेएमयू में पेटेंट फाइलिंग कार्यशाला

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय एवं छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बौद्धिक संपदा अधिकार की प्राप्ति के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में तुषार श्रीवास्तव एवं जिगनेश मंगलपारा द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। विश्वविद्यालय के 92 प्राध्यापकों एवं रिसर्च स्कॉलर्स के द्वारा पेटेंट फाइलिंग के विषय में अपने शोध से सम्बंधित चर्चा की, पिछली बैठक में 35 से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा पेटेंट फाइलिंग की गई थी। आज की पहली बैठक में स्कूल ऑफ़ लाइफ साइंसेस एंड बायोटेक्नोलॉजी के अध्यापकों एवं रिसर्च स्कॉलर्स द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा कर अपने पेटेंट प्रस्ताव की फाइलिंग प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। द्वितीय बैठक में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर एवं फाइन आर्ट के समस्त विभाग के प्राध्यापकों द्वारा डिजाइन पेटेंट को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए।

जच्चा-बच्चा अस्पताल में जल्दी ही बनेगी एचडीयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एचडीयू बनने से गर्भवती और प्रसूता की जान बचाना होगा आसान
- अभी हालत गंभीर होने पर महिला रोगी या गर्भवती को भेजना पड़ता हैलट आईसीयू

सितंबर तक शुरू होने की उम्मीद, होंगे 8 बेड

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ . नीना गुप्ता ने बताया कि एचडीयू में आठ बेड होंगे। यूनिट के लिए एसी आ गए हैं। वार्ड में ऑक्सीजन की सुविधा है। यहां गंभीर गर्भवती महिलाओं का इलाज किया जाएगा। यूनिट के लिए अभी अलग से स्टाफ नहीं मिला है। फिलहाल इसकी शुरुआत मौजूदा स्टाफ की मदद से की जाएगी। सितंबर तक इसका संचालन शुरू हो सकता है।

अमृत विचार। हैलट का जच्चा-बच्चा अस्पताल अभी तक बिना आईसीयू के संचालित किया जा रहा है। ऐसे में यहां आने वाली गर्भवती महिलाओं को गंभीर स्थिति में हैलट के आईसीयू में भर्ती करना पड़ता है और जच्चा-बच्चा अस्पताल से स्ट्रेचर पर हैलट तक ले जाने में दिक्कतों का सामना पड़ जाता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए जच्चा-बच्चा अस्पताल में जल्द एचडीयू की स्थापना की जाएगी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट अस्पताल के अधीन बाल रोग, जच्चा-बच्चा, मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल व संक्रामण रोग अस्पताल हैं। हैलट में जब से जच्चा-बच्चा अस्पताल बना है, तब से यहां इंसेंटिव केयर यूनिट (आईसीयू) की सुविधा नहीं है। जच्चा-बच्चा अस्पताल में आईसीयू के लिए कुछ विभागाध्यक्षों ने प्रयास जरूर किए, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। ऐसे में अगर किसी महिला या गर्भवती की हालत गंभीर होती है तो उसे हैलट के आईसीयू में रेफर किया जाता है।

जच्चा-बच्चा अस्पताल से हैलट की आईसीयू तक जाने में ही मरीज की हालत बिगड़ जाती है। स्ट्रेचर से करीब 300 मीटर की दूरी तय करने में सड़क के गड्ढे.मरीज को दर्द देते हैं। मरीजों की इस दिक्कत को देखते हुए कुछ माह पहले स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता ने अस्पताल में हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) बनाने की मांग की थी, जिसकी अनुमति मिल गई है। अस्पताल प्रशासन ने जगह भी चिह्नित कर ली है। जल्द ही पीओपी वार्ड में आठ बेड की एचडीयू स्थापित की जाएगी। इस पर काम शुरू हो गया है।

एसएसओ की गलती से करंट की चपेट में आया

कानपुर। कृष्णा विहार सोसाइटी में ट्रांसफार्मर पर शुक्रवार शाम आउटसोर्सिंग पर तैनात लाइनमैन गुंजन वर्मा ने साकेत नगर फीडर का शटडाउन पूर्व सैनिक एसएसओ विमल भदौरिया से लिया था। इसी फीडर के देवमणि ट्रांसफार्मर पर आउटसोर्सिंग पर तैनात लाइनमैन उमेश कुमार सिंह को कार्य करना था। अपना कार्य समाप्त करने के बाद गुजंन वर्मा ने शाम करीब पांच बजकर पांच मिनट पर शटडाउन वापस कर दिया। लेकिन लाइनमैन गुंजन व एसएसओ विमल ने उमेश कुमार से संपर्क कर उन्हें सूचित नहीं किया। उमेश कुमार जैसे ही देवमणि ट्रांसफार्मर पर कार्य करने के लिए पोल पर चढ़े करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गए थे। लाइनमैन ने सुरक्षा उपकरण का प्रयोग नहीं किया था। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक मामले की जांच में अवर अभियंता विमल चंद्र प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए हैं। उन्होंने अपनी देखरेख में संविदा कर्मियों को विद्युत सुरक्षा उपकरण का पालन कराने व शटडाउन नियमों के पालन कराने में लापरवाही बरती। अवर अभियंता विमल कुमार को निलंबित कर दिया गया है। ऑन ड्यूटी एसएसओ को तत्काल हटाए जाने के आदेश भी दिए गए हैं।

गुड़ व औषधि से बनाया सेहतमंद माउथ फ्रेशनर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंडोनेशिया में हुई इंटरनेशनल समिट में शहर के युवा उद्यमी को मिला सम्मान
- आईआईटी के इनक्यूबेशन सेंटर से 10 स्टार्टअप समिट में हुए थे शामिल

बाली इंडोनेशिया में अवार्ड के साथ मानस और आयुषी सेठ। अमृत विचार

अमृत विचार। बाली इंडोनेशिया में हुई इंटरनेशनल समिट में शहर के उद्यमी ने अवार्ड पाया। युवा उद्यमी मानस सेठ को गुड़ से माउथ फ्रेशनर बनाने के लिए सम्मानित किया गया। आईआईटी के इनक्यूबेट सेंटर से 10 स्टार्टअप समिट में शामिल हुए थे। 3 से 5 जुलाई के बीच बाली इंडोनेशिया में हुई इंटरनेशनल समिटि एशियन इंडिया स्केल हब 2024 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में इनक्यूबेट सेंटर के 10 स्टार्टअप ने भागीदारी की।

गेट्स इंटरप्राइजेस टेक चैनल समिट साउथ ईस्ट एशिया के तत्वावधान में हुई समिट में एग्रीटेक कैटेगिरी में चैनल पार्टनर्स द्वारा वोटिंग में प्रथम स्थान के साथ अवार्ड पाने की जानकारी देते हुए शहर के युवा उद्यमी मानस सेठ एवं आयुषी ने बताया कि हाल ही में उन्होंने गुड़ग्राम प्रा. लि. के नाम से स्टार्टअप शुरू किया है और कंपनी आईआईटी कानपुर में इनक्यूबेट है। मिठाई में गुड़ अमृत तुल्य है। इसमें औषधीय फ्लेवर देकर एक से बढ़कर एक माउथ फ्रेशनर तैयार किये गए हैं।

जिसमें ब्राह्मी, अर्जुन, सौंफ, मुलैठी आदि औषधियों को भी शामिल किया है। यह मुख शुद्धि के साथ ही सेहत मंद भी बनाता है। पान मसाले का बेहतर विकल्प भी बन सकता है। मुंबई में रिलायंस के मॉल बीके में जहां इंपोर्टेड आयटम अधिक बिकते हैं वहां भी उनका उत्पाद दस्तक दे चुका है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

यह कि मेरे पुत्र साकिब का चाल चलन ठीक न होने से मैं उससे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। साथ ही समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अब से अपने सभी कृत्यों व लेनदेन का वह स्वयं जिम्मदार होगा। इससे मेरा या परिवार का कोई वास्ता या संबंध नहीं होगा। **–गफ्फार पुत्र जुल्फिकार, निवासी मोहल्ला मुबारकपुर टीला, थाना व जिला कन्नौज।**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरे पति मनोज सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम–गोंदहा, थाना –छपिया जनपद–गोंडा दिनांक 20–12–1995 से लापता हैं। उनकी काफी खोजबीन की गयी लेकिन पता नहीं चला। **– विजया देवी सिंह पत्नी मनोज सिंह, निवासी ग्राम–गोंदहा, थाना –छपिया , जनपद–गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि राम प्रवेश गुप्ता एवं राम प्रवेश राम दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही है भविष्य में मुझे राम प्रवेश राम के नाम से जाना व पहचाना जाये। – S/O LATE-MOTI CHAND RAM, Add: 588K/2K, DEVI KHEDA, TALIBAGH, LUCKNOW (UP)-226002

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री का नाम रिया राजपूत है, आधार कार्ड में त्रुटिवश चांदनी राजपूत अंकित हो गया है जबकि सही नाम रिया राजपूत है भविष्य में उसे रिया राजपूत के नाम से जाना वह पहचाना जाय। **रिया राजपूत पुत्री – सतगुरु प्रसाद पुत्र लोधई, निवासी–194 गंगासागर हास्पिटल के पास, तकरोही चिनहट, जिला लखनऊ–227105**

सूचना

सूचित किया जाता हैं कि मेरे एलआईसी की पालिसी संख्या 214582393 में मेरा नाम नंदू पुत्र गोपी दर्ज है। जबकि अभिलेखानुसार मेरा नाम ननकन पुत्र गोपी है। दोनों नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है। **– ननकन उर्फ नंदू पुत्र गोपी, निवासी– अमवां पो. ऐलनपुर, मनकापुर जनपद– गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम आधार व पैनकार्ड मे MAZAHER HUSAIN दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही नाम MAZHER HUSAIN है। **–मजहर हुसैन पुत्र–यासीन ग्राम – बड़गौ शंकरपुर कला, जिला–बलरामपुर**

उलेमाओं का आह्वान | दादा मियां की मजार पर मन की मुरादें पाने को लगी हाजिरी

चाहे एक वक्त खाना खाएं पर बच्चों को तालीम जरुर दिलाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बारिश के बाद भी नहीं रुका अकीदतमंदों का मेला, चादरपोशी और फातिहा
- देर शाम हुआ नातिया मुशायरा, सुबह कुरआन ख्वानी, 11 बजे कुलशरीफ

मजार शरीफ पर दुआ करते और मन्नत मांगते रहे अकीदतमंद। अमृत विचार

अमृत विचार। बेकनगंज में दादा मियां चौराहा स्थित हजरत दादा मियां की मजार पर दो दिवसीय उर्स मुबारक के पहले दिन शनिवार को मजार शरीफ पर हाजिरी देने वालों का तांता लगा रहा। बारिश के बाद भी अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ती रही। मजार शरीफ पर फातिहा पढ़ने के साथ ही मन की मुरादें पाने के लिए मन्नतें मानी गईं।

मजार शरीफ पर रात तक भीड़ उमड़ी। बारिश के बाद भी शाम को महिलाएं, बच्चे, बूढ़े, जवान सभी पहुंचे और चादरपोशी करने के साथ ही फातिहा पढ़ी। हजरत दादा मियां मजार शरीफ के प्रमुख प्रोफेसर अबुल हसनात हक्की की अध्यक्षता में देर शाम पहले नातिया मुशायरा हुआ, उसके बाद जलसे में उलेमा ने अपने विचार रखे। उलेमा ने लोगों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को तालीम जररूर दिलाओ, चाहे एक वक्त ही खाना खाओ। इस मौके पर मजार शरीफ के सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी ने कहा कि चाय पान की दुकान पर अपना कीमती वक्त बर्बाद करने के बजाए वक्त का सदुपयोग करो। इस बात पर विचार करो कि आपका परिवार कैसे तरक्की कर सकता है। कारोबार कैसे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जुमा के रोज मस्जिदों में जगह नहीं रहती और सामान्य दिनों में मस्जिद खाली रहती हैं। संचालन हनीफ साबरी ने किया। सज्जादानशीन ने बताया कि रविवार को फजिर (भोर) की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी की जाएगी और उसके बाद सुबह 10 बजे उलेमा संबोधित करेंगे और 11 बजे मुल्क, मिल्लत, देश में अमन के लिए दुआ होगी।

हजरत बेरी शाह बाबा का उर्स मनाया

कानपुर। हजरत सैयद बेरी शाह बाबा का 46 वां उर्स सिविल लाइंस में मनाया गया और अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर हाजिरी लगाकर दुआ की। शनिवार को फजिर की नमाज के बाद कुरआनख्वानी आयोजित की गई। हजरत सैयद बेरी शाह बाबा समिति के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद सलीस ने आस्ताना के खादिम (सेवादार) अंसार खां की दस्तारबंदी की। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया में बढ़ती धार्मिक कट्टरता और हिंसा को रोकना है तो सूफी धर्म की रोशनी तेज करनी होगी। उर्स मुबारक के मौके पर कव्वालों ने अपने सूफियाना कलाम से लोगों को मुग्ध किया। अंत में मुल्क के अमन-ओ-अमान की दुआएं की गईं। सूफी मोहम्मद रईस, गोपी शंकर मिश्रा, फरीद आलम, प्रभात मिश्रा, सरताज खां, एसी गौतम, नूर आलम मौजूद रहे।

चादर चढ़ाते अकीदतमंद। अमृत विचार

कानपुर नगर निगम

कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग

निविदा सूचना

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत पंजीकृत / नवीनीकृत विद्युत ठेकेदारों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुसार विद्युत सम्बन्धी आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की गई है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते है।

1–सामान्य निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या:–11, निविदा तिथि:– 11.07.2024

2–ई0 निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या:–02, निविदा तिथि:–16.07.2024

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in. से प्राप्त कर सकते है तथा निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www://etender.up.nic.in/ से प्राप्त कर अपलोड किये जा सकते है।

प्रभारी अभियन्ता (वि0) — नगर आयुक्त

Ro No.42 — दिनांक: 06.07.2024

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -317, पृष्ठ- 16+4, मूल्यः- 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बढ़ती आबादी हांफते संसाधन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस... 14

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 32.5° अधिकतम तापमान | 25.5° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होगी। | सूर्योदय 05 : 21 | सूर्यास्त 07 : 05

कानपुर नगर, रविवार, 7 जुलाई 2024

एक नजर

कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत शौर्य चक्र

शिमला। हिमाचल प्रदेश की पवित्र धरा ने एक और वीर सपूत को देश की सेवा में खो दिया। राइफलमैन कुलभूषण मांटा, जिनकी बहादुरी और साहस की कहानी सुनते ही हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है, उन्हें मरणोपरांत 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी मां दुर्गा देवी और धर्मपत्नी नीतू कुमारी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में ग्रहण किया।

सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को 15 जुलाई तक बढ़ा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर उन्हें विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी।

डीयू ने अंकपत्र, डिग्री में सुधार शुल्क दोगुना किया

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने अपने डिग्री प्रमाणपत्र या अंकपत्र में कोई सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क दोगुना कर दिया है। स्नातक के दिन से छह साल के भीतर अंकपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये और छह साल से अधिक की अवधि के लिए 1,000 से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया है। छह साल के भीतर अपने डिग्री प्रमाणपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया गया है। छह साल से अधिक के लिए शुल्क 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया गया है।

नहीं हुआ मोहर्रम का चांद यौम-ए-आशूर 17 को

लखनऊ। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि 6 जुलाई को मोहर्रम का चांद नहीं हुआ, इसलिए 7 जुलाई को जिलहिज्जा की 30 तारीख होगी और 8 जुलाई को पहली मोहर्रम होगी। 17 जुलाई को यौम-ए-आशूर मनाया जाएगा। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि कि पहली मोहर्रम 8 जुलाई को और यौम-ए-आशूर 17 मोहर्रम को होगा।

राजनीतिक आकाओं से जुड़े भोले बाबा के तार

पटना में दर्ज हुआ साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा पर पहला केस, जांच करेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हाथरस भगदड़ प्रकरण में पुलिस अब आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की जांच में जुट गई है। पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं जो भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की ओर इशारा कर रहे हैं। संदेह है कि कहीं भगदड़ किसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा तो नहीं थी। इस बीच, पटना के जिला न्यायालय में भोले बाबा के खिलाफ पहला केस दर्ज हुआ है। हाथरस के पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के एक बयान में यह तथ्य सामने आया कि भोले बाबा का मुख्य सेवादार और मामले में मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर ने हाल में कुछ नेताओं से संपर्क किया था। इससे घटना के इर्द-गिर्द संभावित राजनीतिक साजिश को भी बल मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मधुकर, भोले बाबा के लिए धन जुटाता था। पुलिस मधुकर को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए छह जुलाई को न्यायालय में याचिका दाखिल करेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी मधुकर से जुड़े वित्तीय लेनदेन और कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। भगदड़ की शुरुआती जांच में पता चला कि प्रशासन ने 80 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की अनुमति दी थी, लेकिन मधुकर ने वहां पर ढाई लाख लोग जुटाए। बता दें कि हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए थे।

डीजीपी ने बनाई फैक्ट्स फाइंडिंग टीम : हाथरस हादसे के बाद भोले बाबा पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने एक फैक्ट्स फाइंडिंग टीम बनाई है। खास तौर से मैनपुरी, एटा, कासगंज, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फिरोजबाद, इटावा और आगरा के पुलिस अधीक्षक और पुलिस आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने अपने जिलों में सेवादारों से बात करें। बातचीत के साथ बाबा के काम काज, उनके आश्रम, फंडिंग और उनके मददगारों के बारे में भी जानकारी लेकर अवगत कराएं।

हमें विश्वास, उपद्रवकारियों को बख्शा नहीं जाएगा : भोले बाबा

हाथरस हादसे में आरोपी भोले बाबा का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने वीडियो बयान जारी कर कहा कि वह दो जुलाई की घटना से बहुत ही व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमें इस दुख की घड़ी से उबरने की शक्ति दें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि सभी शासन और प्रशासन पर भरोसा बनाए रखें। हमें विश्वास है कि जो भी उपद्रवकारी हैं, उनको बख्शा नहीं जाएगा। अधिवक्ता एपी सिंह के माध्यम से उन्होंने समिति के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ खड़े रहें और जीवन भर उनकी मदद करें।

हाथरस पहुंचा आयोग घटनास्थल का निरीक्षण

हाथरस में घटनास्थल पर एसआईटी के बाद शनिवार को न्यायिक जांच आयोग की तीन सदस्यीय टीम जांच करने पुलिस लाइन पहुंची। टीम ने प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद टीम फुलरई मुगलगढ़ी स्थित घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर को भी देखा। आयोग की टीम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस हेमंत राव और पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह थे।

ब्लॉक में बतौर तकनीकी सहायक तैनात था मधुकर

पुलिस की गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी मधुकर एटा जिले के ब्लॉक शीतलपुर में बतौर तकनीकी सहायक (मनरेगा) के रूप में तैनात था, जिसे अब हटा दिया गया है। मधुकर वहां अनुबंध पर 20 ग्राम पंचायतों का कार्य देख रहा था। खंड विकास अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि मधुकर का मुख्य आरोपी के रूप में नाम सामने आने के बाद सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मधुकर की पत्नी भी पंचायत सहायक है, दोनो एक साथ हाथरस के सिकंदराराऊ कस्बे में रहते थे। मधुकर ने ग्राम प्रधान का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गया। मधुकर ने अपने गांव के भी 30 लोगों को सत्संग से जोड़ा था, लेकिन वह सुरक्षित हैं।

14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी

हाथरस भगदड़ मामले के मुख्य आरोपी मधुकर को जिला न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भोले बाबा को समन भेजा जाएगा।

राजस्थान में पेपर लीक करने वाले अपराधी के घर रुकता था भोले बाबा

- जनवरी माह में मीणा के घर पर छापा मारा गया था

भोले बाबा राजस्थान के एक कुख्यात पेपर लीक माफिया का भी परिचित है। पुलिस विभाग में तैनात एक एडीजी ने बताया कि भोले बाबा जब भी राजस्थान जाता था कि तो दौसा जिले में हर्षवर्धन मीणा के घर पर रुकता था। मीणा राजस्थान-2020 जूनियर इंजीनियर परीक्षा (जेईएन) भर्ती पेपर लीक का मुख्य आरोपी है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में मीणा के घर पर छापा मारा गया था, लेकिन हमारे पहुंचने से पहले ही बाबा वहां से भाग निकला। हालांकि बाबा का पेपर लीक मामले से कोई संबंध नहीं निकला। उन्होंने कहा कि उसके घर के सामने आज भी बाबा के पोस्टर बैनर लगे हुए हैं। विगत 15 वर्षों में मीणा ने 500 से अधिक युवाओं को नौकरी दिलवाई है। 20 लोग तो उसके परिवार के ही हैं।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 को पेश करेंगी बजट

- संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा

नई दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त को समाप्त होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार की अनुशंसा पर बजट सत्र, 2024 के लिए 22 जुलाई से 12 अगस्त, 2024 तक संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार का यह पहला बजट होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में कहा था कि बजट में प्रमुख सामाजिक व आर्थिक फैसले लिए जाने की उम्मीद है। अप्रैल-जून में हुए लोकसभा चुनाव के कारण फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था।

केजरीवाल की पत्नी देख सकती हैं उनके चिकित्सा रिकॉर्ड

अदालत ने दी अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता को उनके चिकित्सा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की अनुमति दे दी और उन्हें उनकी ओर से मेडिकल बोर्ड या डॉक्टरों से स्वतंत्र रूप से सलाह लेने की अनुमति भी दे दी। हालांकि, अदालत ने केजरीवाल की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें चिकित्सकों से परामर्श के दौरान सुनीता केजरीवाल को उनकी 'अटेंडेंट' के तौर पर शामिल करने की अनुमति देने के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है और दिल्ली जेल नियमों के अनुसार, जेल अधीक्षक द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ परामर्श करने के बाद किसी विचाराधीन कैदी के साथ 'अटेंडेंट' के रूप में परिवार के किसी सदस्य को तभी अनुमति दी जाती है जब कैदी अस्पताल में भर्ती हो।

चार आतंकी मारे गए, दो जवान शहीद

श्रीनगर, एजेंसी

मुठभेड़ में शहीद हरियाणा का प्रदीप नैन।

- कुलगाम में दो जगहों पर हुईं मुठभेड़ गोलीबारी अभी जारी
- अतिरिक्त सुरक्षाबल मौके पर भेजे गए पूरे इलाके को घेरा

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार आतंकवादी मारे गए और दो जवान शहीद हो गए। एक शहीद सैनिक हरियाणा के जींद जिले के गांव जाजनवाला नरवाना का निवासी पैरामिलिट्री कमांडो प्रदीप नैन है। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम में दो मुठभेड़ें ऐसे समय में हुई हैं जब अनंतनाग जिले में नुनवान-पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग से पिछले शनिवार को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के कारण पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दोनों मार्गों से तीर्थयात्रियों को कुलगाम जिले से होकर गुजरना पड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि पहली मुठभेड़ कुलगाम के मोदरगाम गांव में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान (कासो) चला रही थीं। जब सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी शुरू हुई तो अभियान एक मुठभेड़ में बदल गया। शुरुआती गोलीबारी में सेना की एलीट यूनिट का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सा कैंप में उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों को घेरने के लिए अतिरिक्त बलों को इलाके में भेजा गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन जारी है और सुरक्षा बल मोर्चे पर हैं। मोदरगाम गांव में अभियान चल रहा था तभी कुलगाम जिले के फ्रिसल चिनिगाम में एक और मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी अभी भी जारी है।

अयोध्या में हमने राम मंदिर आंदोलन को हराया : राहुल

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात पहुंचे कांग्रेस नेता ने भाजपा और मोदी सरकार पर साधा निशाना
- अहमदाबाद में बोले-उन्होंने हमारा दफ्तर तोड़ा, हम उनकी सरकार तोड़ेंगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन ने अयोध्या में भाजपा को हराकर राम मंदिर आंदोलन को पराजित कर दिया है जिसे लालकृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले चुनाव में भाजपा का गुजरात में भी यही हश्र होगा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा द्वारा चुनौती दी गई है और धमकी दी गई है, लेकिन वह गुजरात में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को उसी तरह हराएगी, जिस तरह उन्हें अयोध्या में हराया गया। गांधी यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस और भाजपा के बीच गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर झड़प हुई थी, जब भाजपा के कार्यकर्ता हिंदुओं पर उनकी (गांधी की) टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वहां गए थे।

गांधी ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था। गांधी ने उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। अयोध्या फैजाबाद में स्थित है।

हर धर्म में पाया जाता है कांग्रेस का 'हाथ'

गांधी ने कहा कि कांग्रेस का 'हाथ' चिह्न हर धर्म में पाया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''गुरुनानक, महावीर, बुद्ध की तस्वीरों को देखिए। इस्लाम में भी वे आशीर्वाद के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। भगवान शिव के चित्र देखिए और आपको यह वहां भी मिलेगा। इसका मतलब है डरो मत, डराओ मत। गांधी ने कहा कि भाजपा के विपरीत कांग्रेस में पार्टी कार्यकर्ता अपने नेताओं के समक्ष अपनी राय व्यक्त करने से नहीं डरते हैं और यहां तक कि उनके फैसलों पर सवाल उठाते हैं तथा उनके मुंह पर ही कह देते हैं कि उन्होंने जो किया, वह उन्हें पसंद नहीं आया।

20 शहरों में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मौसम विभाग ने 8 जुलाई तक जारी की चेतावनी

लखनऊ के हजरतगंज स्थित अटल चौराहे पर बारिश को कैमरे में कैद करती युवती।

अमृत विचार : मौसम विभाग ने राजधानी सहित उत्तर प्रदेश के 20 शहरों में 8 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, समुद्र तल पर मानसून टर्फ अपनी सामान्य स्थिति से थोड़ा दक्षिण की ओर से होते हुए जैसलमेर से सीकर, उरई, चुर्क, डाल्टनगंज, पुरूलिया एवं कोंटाई होते हुए उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।

इसके अतिरिक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं दक्षिणी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने दो अलग-अलग चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव है। प्रदेश में जारी सक्रिय मानसून की परिस्थितियों के कारण 2-3 दिनों के दौरान प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं भारी बारिश के आसार हैं। बता दें कि यूपी में बीते 24 घंटे में कई शहरों में बहुत बारिश हुई है।

इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट :

देवरिया, गोरखपुर, एसके नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, शाहजहांपुर।

इन जिलों के लिए यलो अलर्ट :

सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कन्नौज, लखनऊ, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मथुरा, हाथरस, एटा, मैनपुरी, औरैया, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन।

सुधारवादी नेता पेजेश्कियान होंगे ईरान के नए राष्ट्रपति

दुबई, एजेंसी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई
- कट्टरपंथी नेता सईद जलीली हारे चुनाव

ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में सुधारवादी नेता मसूद पेजेश्कियान को जीत मिली है। उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हरा दिया है। अब तक गिने गए तीन करोड़ वोटों में से डॉ. मसूद पेजेश्कियान को 53.3 फ़ीसदी वोट मिले हैं, जबकि जलीली को 44.3 फीसदी वोट मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मसूद पेजेश्कियान को ईरान का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर शनिवार को बधाई दी।

पेजेश्कियान पेशे से हार्ट सर्जन रहे हैं। सुधारवादी माने जाने वाले पेजेश्कियान देश में 'मोरल पुलिसिंग' के कड़े आलोचक रहे हैं। उन्होंने ईरान में एकता और सद्भाव लाने का वादा किया था। यह भी वादा किया था कि वह दुनिया से ईरान के अलगाव को खत्म करेंगे। इसके बाद ही ईरान के लोगों का उनकी ओर झुकाव बढ़ना शुरू हुआ। पेजेश्कियान ने चुनाव प्रचार के दौरान ईरान के शिया शासन प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन नहीं करने का वादा किया था।

नीट-यूजी : मासान्त तक काउंसलिंग की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- पहले जुलाई माह की शुरूआत में होनी थी काउंसलिंग

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया इस माह के अंत तक शुरू हो सकती है। काउंसलिंग सत्र जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना थी। हालाँकि, काउंसलिंग अधिकारियों ने कोई तारीख या कार्यक्रम अधिसूचित नहीं किया था।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने अभी तक वर्ष 2024 के लिए नीट यूजी और पीजी की काउंसलिंग कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि चिकित्सा परामर्श समिति ने अभी तक काउंसलिंग अनुसूची अधिसूचित नहीं की है। काउंसलिंग कार्यक्रम की घोषणा एमसीसी अपनी वेबसाइट पर परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के आधार पर की जाती है। वर्ष 2024 के लिए एनएमसी यूजी और पीजी सीटों के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह तक यूजी सीट बंटवारे और अगस्त के मध्य तक पीजी सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे देगा। इसके पश्चात काउंसलिंग कार्यक्रम अधिसूचित करेगा।

दो इनामी सहित पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में शनिवार को दो इनामी माओवादियों समेत पांच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में पांच नक्सलियों करटम सुक्का (41), सोयम बदरा (40), दिरदो केशा (28), मुचाकी मासा (55) और मड़कम हड़मा (38) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। नक्सली करटम सुक्का पर दो लाख तथा सोयम बदरा पर एक लाख रुपये का इनाम है। इन नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

सुरक्षा का जिम्मा | कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा को ऑपरेशन मानसून शुरू, 1288 वर्ग किलोमीटर में फैला है कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

जान जोखिम में डाल वन्यजीवों की रक्षा कर रहे सीटीआर के जवान

विनोद पपनै, रामनगर

अमृत विचार : बियावान जंगल में घुप्प अंधेरा ऐसा कि हाथ को हाथ नहीं दिखाई दे, ऊपर से मूसलाधार बारिश, जंगल में कहीं से बाघ तो कहीं से गुलदार के दहाड़ने की आवाज... ऐसी ही दुरुह स्थितियों में जान जोखिम में डालकर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के कर्मचारी जंगलों में शिकारियों की घुसपैठ रोकते हैं। रात के अंधेरे में अजगर, कोबरा, करैत जैसे जानलेवा सांप-बिच्छुओं से बचते-बचाते हुए शिकारियों की घुसपैठ रोकना और जंगल के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना आसान नहीं है। फिर भी ये वनकर्मी बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' के तहत पार्क में सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहते हैं। सीटीआर के पर्यटन जोन बंद होने के बाद बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' शुरू हो जाता है। एक जुलाई से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के 1288.32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले जंगल में रेड अलर्ट घोषित हो गया है। मानसून सत्र तक सभी वनकर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं, वनकर्मी शिकारियों से वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद हैं।

सीटीआर की दक्षिणी सीमा अति संवेदनशील

बारिश शुरू होते ही शिकारियों की नजर बाघ, गुलदार और हाथी समेत अन्य जंगली जानवरों के साथ ही पेड़ों पर रहती है। सीटीआर में उत्तर प्रदेश के अमानगढ़, अफजलगढ़, शेरकोट, धामपुर नगीना, नजीबाबाद और मंडावली से शिकारियों की घुसपैठ का खतरा बना रहता है। दक्षिणी सीमा पर प्रत्येक दो किमी में 40 वन चौकियां हैं। इनसे विशेष नजर रखी जाती है। बारिश में सड़कें क्षतिग्रस्त होने से कर्मचारी जंगल से बाहर नहीं आ पाते हैं इस वजह से वन चौकियों में पर्याप्त मात्रा में राशन व जीवन रक्षक दवाइयां भेज दी गई हैं। पार्क में जिन इलाकों में वनकर्मी नहीं पहुंच पाते हैं, वहां ड्रोन और थर्मल कैमरे से निगरानी होती है।

> सीटीआर के फील्ड कर्मचारी वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए पूरी मुस्तैदी से दिन-रात तैनात हैं। खोजी कुत्तों, ड्रोन, तथा हाथियों से भी गश्त की जा रही है। वन्यजीवों की सुरक्षा, शिकारियों की घुसपैठ रोकने को हर पल निगहबानी के लिए हम चौकस हैं। - डॉ. धीरज पांडेय, निदेशक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

ऐसे होती है जंगल की निगेहबानी

एक हजार वन कर्मी, 4 स्नीफर डॉग्स व 12 हाथियों के माध्यम से गश्त करते हैं। इसके अलावा वन कर्मियों की लंबी और छोटी दूरी की पैदल गश्त, ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, वायरलैस सेट से सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। इतनी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की वजह से ही सीटीआर में शिकारियों का घुसपैठ करना आसान नहीं है।

बच्चों ने दिया पानी बचाने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ज्ञानस्थली एकेडमी में शनिवार को बच्चों की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए पानी बचाने का संदेश दिया गया। इस दौरान बच्चों ने बरसात के महत्व को बताते हुए कई थीम डांस भी किए। कार्यकम में पीजी से एलकेजी तक के बच्चों ने चॉकलेट और मजेदार खेलों का भी आनंद लिया। कक्षा यूकेजी से कक्षा 3 तक के बच्चों ने रंग बिरंगी छतरियों के साथ नृत्य किया। कक्षा 4 और 5 के बच्चों ने सुंदर छतरियां बनाई जो बूंदों से सजी हुई थी। कक्षा 6 से कक्षा आठ तक के बच्चों ने जल संचयन की जानकारी पोस्टर के जरिए भी दी। कार्यक्रम में एक हाउस भीटिंग का आयोजन भी किया गया। इसमें स्कूल के चार हाउसों के लिये स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई। बैठक में नेतृत्व व जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। प्रधानाचार्य सरिता सिंह व डायरेक्टर अनूप तिवारी ने बच्चों को पढ़ाई व शैक्षणिक गतिविधियों पर जागरुक किया। सुनील सिंह, कंचन, पारूल, संगीता, नेहा, प्रीती सहित अन्य मौजूद रहे।

ज्ञान स्थली एकेडमी में बच्चों ने बरसात की थीम पर डांस किए। अमृत विचार

61 केंद्रों पर आज सीटीईटी, चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परीक्षा केंद्रों पर दो घंटे पहले अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें : नोडल परीक्षा अधिकारी

अमृत विचार। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में शहर के 61 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को करीब 30 हजार अभ्यर्थी केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) में शामिल होंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर दो घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं तो कई ट्रेनों को ठहराव दिया है।

सीटीईटी की जुलाई 2024 परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार ने बताया परीक्षा में प्रश्न पत्र हल करने के लिए उम्मीदवारों को 2 घंटे 30 मिनट समय प्रदान किया जाएगा। सुबह की शिफ्ट में 09:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक परीक्षा का आयोजन होगा। अभ्यर्थी सेंटर पर दो घंटे पहले अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। देरी से आने पर परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी सेंटर पर एडमिट कार्ड, वैलिड पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस में से एक) अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं।

4 पैसेंजर ट्रेनें बदले समय से चलेंगी

सेंट्रल स्टेशन से चलने वाली चार पैसेंजर ट्रेनें रविवार को बदले समय से चलेंगी। सेंट्रल-बालामऊ पैसेंजर 04342 शाम 5.15 बजे, सेंट्रल-रायबरेली पैसेंजर 04154 शाम 5.45 बजे, सेंट्रल-फर्रुखाबाद पैसेंजर 04133 शाम 5.30 बजे, सेंट्रल-खजुराहो 04144 शाम 4.20 बजे रवाना होगी। परीक्षा ट्रेन के कारण इन ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है।

स्टेशनों पर विशेष सुरक्षा, दो ट्रेनों का सभी जगह ठहराव

- कानपुर सीटीईटी परीक्षा को लेकर रेलवे, आरपीएफ और जीआरपी ने खास तैयारी की है। रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें भी चलाई हैं। सेंट्रल स्टेशन, अनवरगंज, पनकी धाम, गोविंदपुरी स्टेशन पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि गाजियाबाद-पं. दीनदयाल उपाध्याय अनारक्षित स्पेशल 4066 रविवार शाम 4.30 बजे गाजियाबाद स्टेशन से चलेगी। यह अलीगढ़, इटावा, कानपुर सेंट्रल होते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचेगी। इस ट्रेन का सभी स्टेशनों पर दो मिनट का ठहराव होगा। ट्रेन संख्या 04048 रात 8.30 बजे गाजियाबाद से रवाना होगी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक जाएगी। यह ट्रेन भी सभी स्टेशनों पर रुकेगी।

इन ट्रेनों का हुआ विस्तार

- सेंट्रल स्टेशन से फतेहपुर मेमू शाम 6.25 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन सूबेदारगंज तक जाएगी। इटावा से सेंट्रल मेमू 04160 इटावा से शाम 5.20 बजे रवाना होगी और यह ट्रेन लखनऊ तक जाएगी।

थाना-चौकी के सामने संचालित अवैध स्टैंड

आए दिन होता विवाद, शनिवार को नौबस्ता में अवैध स्टैंड चलाने को लेकर दिनदहाड़े हुआ हत्याकांड

अराजकता बेलगाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शनिवार को नौबस्ता में अवैध स्टैंड के विवाद में संचालक की हत्या के बाद भी जिम्मेदार ऐसे स्टैंडों पर लगाम लगाने के लिए आगे नहीं आए हैं। शहर में टेंपो-ई-रिक्शा चालक इतने बेखौफ हो चुके हैं कि वह थानों, चौकियों के बाहर ही अवैध स्टैंड संचालित कराकर दिन भर धमाचौकड़ी करते रहते हैं। नतीजन जगह-जगह यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है और जिम्मेदार आंखे मूंदकर बैठे रहते हैं।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने जनवरी 2024 में शहर में अवैध वाहन स्टैंडों के खिलाफ मुहिम चलाने के लिए नगर विकास सचिव को पत्र तक लिखा था, लेकिन इस मामले में अनदेखी के चलते शुक्रवार को अवैध स्टैंड संचालन के विवाद में एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद भी पूरे शहर में अवैध स्टैंड धड़ल्ले से चलते नजर आए।

कर्नलगंज थाने के बाहर सड़क पर बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा। अमृत विचार

कर्नलगंज थाने के बाहर बेलगाम ई-रिक्शा

शनिवार सुबह कर्नलगंज थाने के बाहर अवैध ई-रिक्शा स्टैंड लगा था। मेट्रो निर्माण कार्य के कारण एक तरफ कर्नलगंज से लालइमली तक बेरीकेडिंग लगी हुई है। कर्नलगंज थाने से शनिदेव मंदिर जाने वाली रोड व थाने से बजरिया जाने वाली रोड पर दोनों तरफ ई-रिक्शा चालक पूरी सड़क घेरकर सवारियां बिठा रहे थे। थाने के बाहर यातायात सुचारू रखने के लिए बाइक पर एक ट्रैफिक होमगार्ड बैठा हुआ था।

बेखौफ चालक, थाने के गेट पर बिठाते सवारियां

बजरिया चौराहे के बाहर शनिवार दोपहर ई-रिक्शा व आटो चालक धमाचौकड़ी करते नजर आए। बारिश के बीच ई-रिक्शा चालक बीच चौराहे पर सवारियां भर रहे थे, जिससे बजरिया ढाल से आने वाला यातायात बाधित हो रहा था। नाला रोड से ईदगाह जाने वाले रास्ते पर ई-रिक्शा चालक बेखौफ होकर थाने की दीवार किनारे खड़ी सवारियों को बिठाने में जुटे हुए थे। इस दौरान महिलाओं तक का हाथ पकड़ रहे थे।

> जनवरी माह में अवैध स्टैंडों के खिलाफ नगर विकास सचिव को पत्र लिखा था। मांग की गई थी कि वैध स्टैंड घोषित किए जाएं, जिससे सरकार को राजस्व मिल सके और चौराहों पर अनियमितता खत्म हो सके। लेकिन मामले का कोई हल नहीं निकल सका। शनिवार को मंडलायुक्त से अवैध स्टैंडों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए कहा गया है। उन्होंने नगर आयुक्त से कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।
>
> -अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर

बजरिया थाने के बाहर सड़क पर संचालित अवैध स्टैंड। अमृत विचार

- यातायात अराजकता की हद सवारियां भरने के लिए रास्ता रोककर खड़े रहते
- हत्याकांड के बाद भी जिम्मेदार नहीं आए आगे, पुलिस की नाक के नीचे चल रहे स्टैंड

मूलगंज चौराहे पर घेरा पुलिस सहायता केंद्र

मूलगंज चौराहे पर तो बेलगाम ई-रिक्शा चालक पुलिस सहायता केंद्र के सामने ही डेरा जमाए नजर आए। यहां ई-रिक्शा चालक आधी सड़क घेरे हुए थे, जिस कारण मेस्टन रोड से आने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। वाहन चालकों को निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा था। कैमरे की फ्लैश चमकती देख पुलिसकर्मियों की नजर बेतरतीब यातायात पर पड़ी तो वह ट्रैफिक दुरुस्त कराने के लिए दौड़े, लेकिन ई-रिक्शा चालक टस से मस नहीं हुए। कुछ देर बाद पुलिस कर्मी भी मौके से गायब हो गए।

दो-दो थानों की नाक के नीचे धमाचौकड़ी

ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए घटांघर चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन घोषित किया गया था। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने शहर का चार्ज लेते ही यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए चौराहे का निरीक्षण कर मातहतों को निर्देशित किया था। ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए कई योजनाएं भी लागू की, लेकिन समस्या जस की तस दिखाई पड़ी। घंटाघर चौराहे के पास हरबंश मोहाल व कलक्टरगंज दो थाने है, लेकिन फिर भी चौराहे के सभी ओर अवैध तरीके से स्टैंड संचालित होते है।

अवैध स्टैंड में हिस्सेदार नहीं बनाने पर की हत्या

अमृत विचार फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काफी समय से स्टैंड संचालक पर बना रहा था दबाव
- हर माह लाखों रुपये की वसूली में चाहता था हिस्सा

अमृत विचार। नौबस्ता बाईपास चौराहे पर वैन स्टैंड संचालक की हत्या कमाई में साझेदार नहीं बनाने पर की थी। हत्यारोपी काफी समय से स्टैंड संचालक पर हिस्सेदार बनाने का दबाव डाल रहा था। यह खुलासा खुद हत्यारोपी ने पुलिस की पूछताछ में किया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

मूलरूप से साढ़ थाना क्षेत्र के कुड़नी गाजीपुर का रहने वाला वैन चालक हरिकरन सिंह (58) परिवार के साथ ताज नगर में रहता था। वह नौबस्ता बाईपास चौराहे पर अवैध वैन स्टैंड संचालित करता था। शुक्रवार की सुबह उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड में पुलिस ने रेउना थाना क्षेत्र के देहली निवासी सौरभ सचान को गिरफ्तार किया।

पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह भी अवैध स्टैंड में साझीदार बनना चाहता था, लेकिन हरिकरन उसकी राह में रोड़ा बन गया था।

उसने बताया कि अवैध स्टैंड में हर वैन चालक से 50 रुपये टोकन के रूप में वसूली होती थी, जो महीने में लाखों रुपये पहुंचती थी। अवैध कमाई के लालच में सौरभ ने हरिकरन को 20 वैन इसी स्टैंड में लगाकर ज्यादा वसूली कराने का प्रस्ताव दिया था। हरिकरन ने उसकी बात मान ली थी, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी जब दो-तीन वैन ही लगी तो हरिकरन ने साझेदारी तोड़ दी थी। इसी के बाद से सौरभ उससे खुन्नस रखने लगा था।

कई बार हो चुका था आपस में विवाद

स्टैंड के कुछ चालकों के मुताबिक सौरभ सनकी स्वभाव का है। वह बहकी-बहकी बातें करता था। सौरभ और हरिकरन के बीच कई बार साझेदारी को लेकर विवाद हो चुका था। पांच-छह बार दोनों के बीच मारपीट हो चुकी थी। अक्टूबर में दोनों के बीच मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ था। दो बार पुलिस शांतिभंग की कार्रवाई कर चुकी थी। खास बात यह है कि यह स्टैंड उसमानपुर पुलिस चौकी के पास ही संचालित होता था।

स्टील कारोबारी से 53.17 लाख रुपये की ठगी

कानपुर। नवाबगंज थानाक्षेत्र में स्टील कारोबारी से लाखों की ठगी हो गई। ओडिशा के दो कारोबारियों ने 53.17 लाख रुपये का माल मंगाकर रुपये देने से इंकार कर दिया। दबाव बनाने पर आरोपियों ने गाली गलौज की। पीड़ित ने नवाबगंज पुलिस से शिकायत की। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर नवाबगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

आजाद नगर निवासी राहुल सूद ने बताया कि उनकी रिमझिम इस्पात लिमिटेड के नाम से फर्म है, जिसके वह प्रबंधक हैं। उनकी कंपनी स्टेनलेस स्टील के उत्पाद का निर्माण करती है। वर्ष 2023 में ओडिशा के भुवनेश्वर बोमिखाल की कंपनी रेडान स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनुराग पांडा और राकेश कुमार जेना ने बिजनेस के लिए उनसे संपर्क किया था। कंपनी निदेशकों ने माल की सप्लाई होने पर भुगतान करने का आश्वासन दिया था। भुगतान में देरी होने पर 24 प्रतिशत ब्याज देने की बात तय हुई थी। इसके बाद निदेशक अनुराग पांडा और राकेश कुमार जेना ने उनसे 42 लाख से अधिक का माल मंगाया। काफी समय तक पैसे न चुकाने पर 24 प्रतिशत ब्याज समेत उन पर 53.17 लाख रुपये बकाया हो गया। रकम मांगने पर निदेशकों ने टाल मटोल शुरू कर दी। दबाव बनाने पर रुपये देने से इंकार करते हुए गाली गलौज की।

केबल संचालक की हत्या में एक दोषी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रायल के दौरान महिला आरोपी की हो चुकी है मौत
- एडीजे-7 कोर्ट में सोमवार को सुनाई जाएगी सजा

अमृत विचार। चकेरी थाना क्षेत्र में किराया वसूलने गए केबल संचालक की गैर इरादतन हत्या के मामले में एडीजे-7 ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए दो आरोपियों को बरी कर दिया है। अभियोजन की ओर से इस मामले 9 गवाह पेश किए गए। घटना के 22 साल बाद फैसला आया। ट्रायल के दौरान महिला आरोपी की मौत हो चुकी है। कोर्ट 8 जुलाई को सजा सुनाएगी।

हरजिंदर नगर निवासी केबल संचालक प्रताप सिंह ने बताया कि 4 सितंबर 2002 की दोपहर करीब 12:30 बजे उनका भतीजा जसविंदर सिंह उर्फ लकी केबल का किराया वसूलने के लिए सुभाष बिंद्रा के घर गया था। वहां किराया मांगने के दौरान जसविंदर का सुभाष से विवाद हो गया था। सुभाष, विनय कुमार बिंद्रा उर्फ बाड़े, शशि बिंद्रा और रामकली ने उसकी लोहे की रॉड से पिटाई की थी और मरणासन्न हालत में घर के सामने डाल दिया था। प्रताप सिंह ने चकेरी थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने एडीजे-7 आजाद सिंह की कोर्ट चार्जशीट दाखिल की थी। 10 नवंबर 2006 को चारो आरोपियों के खिलाफ धारा 302 में आरोप तय किए गए थे। एडीजीसी विनोद त्रिपाठी ने बताया कि अभियोजन की ओर से 9 गवाह पेश किए गए। ट्रायल के दौरान आरोपी राजकुमारी की मौत हो गई। शनिवार को कोर्ट ने इस मामले में विनय बिंद्रा उर्फ बाड़े, शशि बिंद्रा को दोषमुक्त करार दिया, जबकि सुभाष बिंद्रा को गैर इरादतन हत्या की धारा में दोषी करार दिया।

महाना और आरोपियों के घर हुआ था पथराव

- जसविंदर की शव यात्रा के दौरान आक्रोशित सिख समुदाय के लोगों ने तत्कालीन विधायक सतीश महाना और आरोपियों के घर व दुकानों पर पथराव किया था। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा था। बवाल की आशंका से पूरी मार्केट बंद करा दिया गया था।

26 लाख के जेवरात की टप्पेबाजी में कई संदिग्ध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नयागंज में सराफा कारोबारी से 26 लाख के जेवरात की टप्पेबाजी करने वाले ठग दो से अधिक थे। पुलिस की जांच में शनिवार को यह जानकारी सामने आई। शातिर आरोपी कोपरगंज में एक ई-रिक्शा से उतरते हुए भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। फुटेज हाथ लगने के बाद पुलिस कोपरगंज से आगे के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

सराफा कारोबारी अजीत ओमर के दो कर्मचारियों को 500 की 6 गड्डियों में ऊपर-नीचे असली नोट और बीच में नकली नोट देकर 26 लाख के जेवरात लेकर फरार होने वाले अरोपियों की तलाश में चार टीमें लगी हुई हैं। पुलिस ने घटनास्थल सीसामऊ व आसपास के इलाकों के 35 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की है। दोनों आरोपियों के साथ दो और लोग कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस का मानना है कि घटना में दो से अधिक लोग शामिल थे। सीसीटीवी कैमरे में शातिरों के साथ दो अन्य युवक चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। डीसीपी सेन्ट्रल रामसेवक गौतम ने बताया कि शातिर ठग घटना को अंजाम देने से पहले अजीत ओमर की दुकान पर भी गए थे। गलियों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में आरोपी जाते दिखाई दे रहे हैं।

पार्ट टाइम का झांसा देकर युवती से ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अनवरगंज थानाक्षेत्र में एक युवती को पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर साइबर ठगों ने 2.2 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने टॉस्क पूरे करने के बहाने युवती के तीन खातों से माल पार किया। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने अनवरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

टुकनियापुरवा चौराहा निवासी श्वेता सिंह ने बताया कि वह निजी कंपनी में कार्यरत है। बीते 3 मार्च को पार्ट टाइम जाब के लिए उनके वाट्सएप पर एक मैसेज आया, इसके बाद टेलीग्राम ग्रुप में उनको जोड़ा गया और रजिस्ट्रेशन के नाम पर वेबसाइट लिंक पर उनसे 100 रुपये का रिचार्ज करवाया। कुछ देर बाद उन्हें के तीन बैंक खातों से 2.2 लाख रुपये जमा करने को कहा, झांसे में आकर उन्होंने रुपये जमा कर दिए। उन्होंने रुपये मांगे तो ठगों ने 10 प्रतिशत टैक्स देने की बात करते हुए और रुपये जमा करने को कहा, मना करने पर ग्रुप से हटा दिया गया।

इलायची कारोबारी को झांसा देकर 9.90 लाख ठगने की रिपोर्ट दर्ज

- **कानपुर।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में इलायची कारोबारी को झांसा देकर ब्रोकर ने 9.90 लाख की ठगी कर ली। ब्रोकर ने 20 बोरा इलायची उधार लेकर 5 बोरी बेच दी और 15 बोरी कोल्ड स्टोर में रखवा कर लापता हो गया। पीड़ित कारोबारी ने परिजनों से पूछताछ की तो उसे धमकाया गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कलक्टरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट सत्ती चौरा निवासी परम सुख ओमर मसालों का कारोबार करते हैं। उन्होंने बताया कि नवंबर 2023 में बाजार के ब्रोकर प्रिंस ओमर को 20 बोरा इलायची बेची थी, जिसके 9.90 लाख रुपये का भुगतान 10 दिनों में करने को कहा था। आरोप है कि प्रिंस ने 5 बोरा इलायची बेंच दी और 15 बोरे कोल्ड स्टोरेज में रखवा कर फरार हो गया। कई दिन तक संपर्क नहीं होने पर उन्होंने परिजनों से जानकारी की तो उन्हें धमकाया गया। पीड़ित ने जन शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत की, जिस पर कलक्टरगंज थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी कर माल हड़पने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घुमड़-घुमड़ बरसे बदरा | अब तक 110 मिमी हो चुकी बारिश, जुलाई में 300 मिमी का आंकड़ा पार होने के आसार

अगले पांच दिन तक झमाझम बरसात की संभावना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया है, वहीं सड़क पर जलभराव मुसीबत बन गया है। लगातार बारिश से तापमान भी सामान्य से नीचे पहुंच गया है। प्रदेश के बड़े क्षेत्र के साथ कानपुर मंडल में मानसून सक्रिय होने से आगामी 5 दिनों में झमाझम बारिश की संभावनाएं हैं।

सीएसए के मौसम विभाग के मुताबिक मानसूनी ट्रफ अच्छी तरह से स्थापित है, जिससे उत्तर प्रदेश और बिहार में वर्षा हो रही है। मौजूदा समय में ट्रफ सतह पर और वायुमंडल की निचली परतों में भी सामान्य स्थिति के उत्तर में स्थित है। ट्रफ के पूर्व-पश्चिम विस्तार में लखनऊ, गोरखपुर, बलिया, दरभंगा, पूर्णिया और आगे उत्तरपूर्वी भागों से होकर गुजरती है। इसके प्रभाव से नेपाल की तलहटी में उत्तर प्रदेश और बिहार के बड़े हिस्से में जोरदार बारिश होने की संभावना है।

बारिश में भीग रहे बाइक सवार। अमृत विचार

खासतौर पर तराई क्षेत्रों में अगले तीन दिनों के बीच अच्छी बारिश होगी। 8 जुलाई को तेज बारिश होने की संभावना है। सामान्य पैटर्न के मुताबिक गर्त (ट्रफ) के चारों ओर तीव्र बारिश नहीं होती, लेकिन इसमें कुछ गर्म स्थान होते हैं, जहां भारी बारिश होती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं दक्षिणी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दो अलग-अलग चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव है।

प्रदेश में सक्रिय मानसून के कारण 2-3 दिनों में भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञ सीबी सिंह ने बताया कि जुलाई में अब तक 110 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

इस माह 300 मिलीमीटर बारिश होने के आसार हैं। लगातार बारिश के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री नीचे गिरकर 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, वहीं न्यूनतम तापमान भी 2.2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 23.8 डिग्री दर्ज हुआ।

रुक-रुक बरसात से जलभराव, गाड़ियों की रफ्तार पर ब्रेक

कानपुर। शनिवार को दिनभर रुक-रुककर बरसात होने से कई सड़कों पर पानी भर गया। देर शाम शुरू हुई रिमझिम बरसात ने जहां एक ओर लोगों को भिगाया तो वहीं कई मार्गों पर जलभराव कर दिया। बरसात ने सिविल लाइंस, वीआईपी रोड, कचहरी रोड, परेड, मोतीझील, कालपी रोड, फजलगंज क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। ग्रीनपार्क से परेड जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे जगह-जगह जलभराव रहा। गली मौहल्लों में भी पानी भर गया। दक्षिण के कई मौहल्ले भी पानी से जलमग्न रहे। कर्रही रोड पर जगह-जगह पानी भरा रहा। दामोदर नगर, नौबस्ता, गुजैनी, दबौली में भी पानी भर गया।

स्मार्ट सिटी पर निःशब्द...

स्मार्ट सिटी में विकास कार्य की यह तस्वीर देख कर हर कोई नि:शब्द हो जाएगा। ऐसे विकास कार्य की व्यवस्था पर क्या लिखा जाए। नगर निगम विभाग द्वारा दीवार पर लिखी इबारत स्वच्छता का सर्वे और क्लीन कानपुर को प्रदूषित करने वाले दोषी पर जुर्माना की बात कितनी सच है या कितनी झूंठ यह तो चुन्नीगंज स्थित सुदर्शन बस्ती के सामने मौके पर पहुँच कर यही तस्वीर देखी जा सकती है। बारिश के मौसम में सड़क पर लगे कूड़े के ढ़ेर से महामारी बीमारियां फैलने का खतरा है। स्वच्छता के माथे पर प्रदूषण का दाग लगाकर शहर को कलंकित करने का दोषी कौन अधिकारी या कर्मचारी। ● अमृत विचार

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

29.8°	23.8°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:22	सूर्यास्त 07:05

एक नजर

गृहकर में 31 जुलाई तक मिलेगी छूट

कानपुर। नगर निगम सदन के निर्णयानुसार भवन स्वामियों को वर्तमान वित्तीय वर्ष के गृहकर पर प्रदान की जाने वाली 10 प्रतिशत की छूट 31 जुलाई मिलेगी। इसके बाद गृहकर में किसी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जायेगी। छूट की अवधि समाप्त होने में मात्र 25 दिवस शेष हैं। नगर निगम ने अपील की है कि सभी भवन स्वामी उक्त छूट का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपना गृहकर अतिशीघ्र जमा करें।

आईटीआर फार्म में बदलाव की दी जानकारी

कानपुर। केसीएएस सीपीआई स्टडी सर्किल ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने आईटीआर फार्म में बदलाव और लेखा परीक्षा के मानक विषय पर कार्यशाला आयोजित की। सिविल लाइन में हुई कार्यशाला में सीए राजेश मेहरा ने बताया कि आईटीआर -4 दाखिल करने वाले करदाता को नई कर व्यवस्था से बाहर निकालने के लिए फॉर्म 10 आईईए दाखिल करना होगा। सीए अमित अग्रवाल ने बताया कि आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म 2 3 5 और 6 का उपयोग करने वाले करदाताओं को पिछले वर्ष के फॉर्म की तुलना में पूंजीगत लाभ खाता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देना अनिवार्य है। सीए वर्णिका वैश्य, सीए अभिलाष बाजपेई सहसंयोजक शिवम सिंह रहे।

गंगा के आठ गेट खोले गये, घाटों पर तेजी से बढ़ रहा पानी

कानपुर। नरोरा डैम से बड़ी मात्रा में छोड़े जा रहे पानी के बाद शहर में गंगा तटों पर गंगा का पानी बढ़ रहा है। शनिवार को अभी तक का सबसे ज्यादा पानी गंगा बैराज से छोड़ा गया। 5313 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिये गंगा बैराज के आठों गेटों को खोला गया। इससे तेजी से पानी गंगा में बढ़ा है। हालांकि पानी के बहाव की वजह से अप स्ट्रीम में पानी 112.31 मीटर ही है। जो अभी खतरे के निशान से दूर है। वहीं, डाउन स्ट्रीम में पानी 109.60 मीटर पहुंच गया है। पानी के तेजी से बढ़ने की वजह से शुक्लागंज में 107.79 मीटर तक पानी पहुंच गया है।

आईआईटी से नयागंज तक मेट्रो का ट्रैक तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अप के बाद डाउन लाइन में भी 75 प्रतिशत से अधिक ट्रैक निर्माण कार्य पूरा
- मोतीझील के आगे मेट्रो का ट्रायल रन जल्दी ही किए जाने की उम्मीद बढ़ी

अमृत विचार। मेट्रो कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत निर्माणाधीन चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन के अप-लाइन पर ट्रैक निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। मैकरॉबर्टगंज में बृजेंद्र स्वरूप पार्क के निकट सीसामऊ नाले के ऊपर रैंप एरिया के अप लाइन पर शनिवार को ट्रैक निर्माण का कार्य पूरा किया गया। इसके साथ ही लगभग 4 किलोमीटर लंबे इस सेक्शन के आखिरी स्टेशन यानी नयागंज तक मेट्रो ट्रेन के जाने का रास्ता साफ हो गया है। इस सेक्शन की डाउन लाइन पर भी 75 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। आने वाले कुछ दिनों के अंदर यहां थर्ड रेल लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद कानपुर मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के दौरान मोतीझील के आगे दौड़ने के लिए पूरी तरह सक्षम होगी।

अप लाइन पर आईआईटी से नयागंज तक मेट्रो के लिए रास्ता तैयार हुआ।

यूपीएमआरसी प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने इंजीनियरों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि कानपुर मेट्रो टीम की निर्माण कार्यों की गति प्रशंसनीय है। अप-लाइन पर नयागंज स्टेशन तक ट्रैक निर्माण पूरा करने के बाद अब हमारा अगला लक्ष्य इस सेक्शन की डाउन लाइन पर ट्रैक स्लैब की ढलाई पूरा करने का है। दोनों लाइनों पर ट्रैक निर्माण पूरा होते ही आईआईटी से नयागंज तक मेट्रो ट्रेन के लिए रास्ता तैयार हो जाएगा। पिछले दिनों भूमिगत स्टेशनों पर तकनीकी कक्षों के निर्माण एवं टनल वेंटिलेशन व एयर हैंडलिंग यूनिट (एएचयू) जैसी प्रणालियों को इंस्टॉल करने की दिशा में भी तेजी से काम हुए हैं। नयागंज सेक्शन तक सिग्नल लगाने का काम भी पूरा किया जा चुका है। कॉरिडोर-1 के बैलेंस सेक्शन पर निर्माण कार्यों की यह गति जारी रहेगी और सभी सिविल निर्माण कार्य सुनियोजित ढंग से पूरे किए जाएंगे।

बिजली का संकट, आंकड़ों में बाजीगरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लाइन बदलने और मरम्मत कार्य में लापरवाही का खामियाजा लोग भुगत रहे

अमृत विचार। शहर में लोग बिजली संकट से परेशान हैं, लेकिन केस्को समस्या दूर करने के बजाय कटौती का आंकड़ा कम दर्शाकर वाहवाही लूट रहा है। केस्को अधिकारी आंकड़ों की बाजीगरी कर शासन व प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं। केस्को द्वारा लाइन बदलने और मरम्मत कार्य में लापरवाही का खामियाजा लोग भुगत रहे हैं।

उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के चैयरमैन डॉ.आशीष गोयल ने जनवरी में केस्को अधिकारियों को दिसंबर से अप्रैल माह तक मरम्मत कार्य और उपकरणों का काम पूरा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन केस्को अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सका है। इस कारण शहरवासियों को बिजली के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पनकी गंगागंज में शुक्रवार रात नौ बजे गुल हुई बिजली शनिवार सुबह आई। शनिवार को बर्रा छह, सरोजनी नगर, कबाड़ी मार्केट, दर्शनपुरवा, गुमटी नंबर पांच, धनकुट्टी, शास्त्री नगर, तिलक नगर, श्याम नगर, सागर मार्केट, जाजमऊ गंगा विहार समेत दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में बिजली का संकट रहा। केस्को के मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक पेड़ छटाई और रिकंडक्टरिंग के लिए मंजूश्री फीडर, एलटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से जेके जूट मिल, जरीब चौकी फीडर, 33 केवी लाइन पर कार्य की वजह से गुमटी के गिरधर कोल्ड स्टोरेज व कालपी रोड फीडर, दर्शनपुरवा फीडर, वाहन की टक्कर से पोल व ब्रैकेट क्षतिग्रस्त होने से श्याम नगर फीडर की आपूर्ति बाधित हुई थी।

आज इन इलाकों में नहीं रहेगी बिजली

गोविंद फीडर, साकेत नगर के कृष्णा विहार व इंद्रा नगर में रविवार सुबह साढ़े नौ से शाम साढ़े चार बजे तक, रूमा के एलेन हाउस स्कूल और फजलगंज के शेतलया फीडर में सुबह 10 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक और जेके जूट मिल एंड जी-23 फीडर की बिजली दोपहर एक से शाम साढ़े चार बजे तक बंद रहेगी। इस्पात नगर साइट दो व तीन में 33केवी सीटी और ओल्ड सीआरपी पैनल बदलने की वजह से सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

ट्रेन पकड़ने के लिए कीचड़-जलभराव से पड़ रहा जूझना

छावनी क्षेत्र की सड़कें बदहाल, बारिश से हाल हुए बदहाल

मुश्किल-1

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घंटाघर छोर पर मेट्रो के काम की वजह से कैंट की तरफ से रेल यात्रियों की रहती भीड़
- सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड में सड़कों की खस्ताहालत से पैदल गुजरना मुश्किल

अमृत विचार। छावनी क्षेत्र की सड़कें बदहाल हैं, यहां की ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर चलना दूभर है। सेंट्रल स्टेशन के घंटाघर साइड में मेट्रो का काम चलने से यात्रियों की ज्यादातर भीड़ कैंट साइड से ही स्टेशन पहुंचती है और इसी साइड से यात्री बाहर निकलते हैं, लेकिन यहां कीचड़ और जलभराव से जूझना पड़ता है।

जीटी रोड से सेंट्रल स्टेशन की ओर मुड़ते ही यात्रियों को सड़क पर दर्जनों गड्ढों का सामना करना पड़ता है। रेलबाजार मोड़ पर तो सड़क का बुरा हाल है। स्टेशन के सामने कैंट साइड में सड़क इतनी खराब है कि वहां पैदल चलना तक मुश्किल है। छावनी में सर्किट हाउस से जाजमऊ की ओर जाने वाली सड़क तो चमाचम है, लेकिन अन्य सड़कें ठीक नहीं हैं।

जाजमऊ मोड़ से अंदर आबादी की ओर जाने वाली सड़क भी खराब है। फेथफुलगंज, रेलबाजार, पुलिस लाइन मार्ग समेत कई ऐसे मार्ग हैं, जहां की हालत बद से बदतर है। बारिश ने इन सड़कों को और खराब कर दिया है। लोगों को गड्ढों पर हुए जलभराव और कीचड़ के बीच गुजरना पड़ रहा है।

कैंट की तरफ सड़क पर कीचड़ और जलभराव है। अमृत विचार

सिर पर सामान रखकर, पानी मंझाते पहुंचे यात्री

सेंट्रल स्टेशन के घंटाघर साइड में जलभराव के कारण यात्री परेशान होते हैं। मेट्रो के कार्य की वजह से स्टेशन के बाहर हालत बेहद खराब है। शनिवार को बारिश के कारण घंटाघर साइड में सैकड़ों यात्री परेशान रहे। तमाम यात्रियों को सिर पर सामान रखकर पानी मंझाकर स्टेशन पहुंचना पड़ा।

> जहां सड़कें खराब हैं, उनका सर्वे हो चुका है। बरसात के कारण सड़कों के निर्माण में दिक्कत आ रही है। बारिश खत्म होते ही सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। –अमित यादव, अभियंता छावनी बोर्ड

घंटाघर क्षेत्र में सीवर मंझाने की मजबूरी

मुश्किल-2

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम के निर्देश के बाद भी जलकल चोक सीवर लाइनों की सफाई में दिखा रहा लापरवाही
- एक जून को हुई भारी बरसात के बाद आईजीआरएस पोर्टल पर जनता की शिकायतों की झड़ी

अमृत विचार। सेंट्रल स्टेशन के घंटाघर छोर और आसपास के मोहल्लों में सीवर लाइने चोक होने की वजह से बरसात में जल भराव हो रहा है। नगर निगम में इसको लेकर लगातार शिकायतें दर्ज हो रही हैं। लेकिन नगर निगम के निर्देश के बाद भी जलकल द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। नगर निगम ने कहा है कि जल्द ही सीवर लाइनें साफ नहीं की गईं तो लोगों में आक्रोश बढ़ सकता है।

शहर में बरसात के दौरान बाद नाला सफाई में लापरवाही की पोल खुल गई है। नगर निगम जोनल स्वच्छता अधिकारी जोन-1 मनोज कुमार पाल ने बताया कि जोन - 1में जल की निकासी सीवर लाइनों से ही होती है। रेलवे स्टेशन रोड पर समस्त पानी यहां डाली गई सीवर लाइनों से निकलता है। उन्होंने जलकल जोन एक के अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखकर कहा है कि सीवर लाइनें चोक होने की वजह से वर्षा का जल भर रहा है।

घंटाघर छोर पर सीवर लाइनें चोक होने से जलभराव। अमृत विचार

9 वार्डों के 11 मोहल्लों में सड़कों-गलियों में गंदा पानी

9 वार्डों के 11 मोहल्लों में सीवर लाइनें चोक होने के कारण बरसात में गंदे पानी का भराव हो रहा है। वार्ड 106 कलक्टरगंज, 101 चौक सर्राफा, 109 नाजिरबाग, 83 दलेलपुरवा, 104 जनरलगंज, 98 महेश्वरी मोहाल, 103 परेड, 76 हरवंश मोहाल, 78 सिविल लाइंस, 94 पटकापुर में सीवर लाइनें चोक होने के कारण गंदे पानी का भराव सड़कों और गलियों में हो रहा है।

यहां खत्म नहीं हो रहा जलभराव

घंटाघर स्टेशन रोड पर, सुतरखाना मथुरी मोहाल, धनकुट्टी 52 दुकान के पीछे, कोठारी बिल्डिंग नयागंज, 44 चक चौबे गोला, 42 चक मखनिया बाजार, खलवा, बेकनगंज सब्जी मंडी, हटिया पार्क बर्तन बाजार, द्वारिकाधीश रोड, रोटी वाटी गली, तीन मंदिर चौराहा, डीएवी डिग्री कॉलेज इंडियन बैंक एटीएम, बाल भवन रोड रैन बसेरा के बाहर, भाटिया स्पीकर, राम नारायण बाजार।

दलित की भूमि को बेचने में फर्जीवाड़ा

कानपुर। राजस्व गांव बगदौधी परगाही कछार में जमीन में फर्जीवाड़ा के मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अभिलेखागार की लिपिक साधना, तायल पाइप इंडस्ट्रीज के निदेशक सुशील कुमार, फेलोरा इन्फ्राविल्ड के निदेशक शशि गौड़ व दिनेश कुमार राठौर नामजद किए गए हैं।

खलासी लाइन निवासी कल्पना गुप्ता ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह से इस मामले की शिकायत की थी। उसके बाद बगधौली कछार, परगही कछार की जांच की गई। जांच में मामला फर्जी पाया गया था। जांच में सामने आया कि 1404 से 1409 की खतौनी खाता संख्या 296 अनुसूचित जाति के वंशीलाल की है। यह जमीन प्रशासन से बगैर अनुमति लिए लायल पाइप इंडस्ट्रीज के निदेशक सुशील कुमार ने खरीद ली। जमीन को कृषि से आवासीय में बदलकर ऋण ले लिया गया। ऋण अदा न करने पर जमीन की नीलामी भी करा दी गई। मामले की शिकायत होने पर जिलाधिकारी ने जांच कराई तो अभिलेखागार के लिपिक की मिलीभगत सामने आई। एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ पर लिपिक सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

डेढ़ लाख में सिर्फ 2556 ढक्कनों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। महापौर प्रमिला पांडेय ने पार्षदों के साथ क्षेत्र में मैनहोल, सीवर के ढक्कन, नाला-नाली, सीवर सफाई के सम्बन्ध में बैठक करने के बाद शनिवार को जलकल विभाग की बैठक की। महाप्रबन्धक आनंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शहर में लगभग डेढ़ लाख सीवर चेम्बर हैं, इनमें से छह महीने में 2556 मैनहोल के ढक्कनों की मरम्मत कराई गई है। महापौर ने कहा कि ढाई हजार ढक्कनों की मरम्मत काफी कम हैं, निरीक्षण कराकर और मैनहोल ठीक कराएं। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता प्रमोद कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता राघवेन्द्र पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता जगत पाल, अधिशाषी अभियन्ता मो. शमीम, अधिशाषी अभियन्ता राजेन्द्र उपस्थित रहे।

महापौर ने शनिवार को जलकल अधिकारियों के साथ की बैठक। अमृत विचार

काउंसलिंग से सीधे लें प्रवेश

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कैंपस में यूआईईटी में बीटेक की खाली सीटों में प्रवेश के लिए स्पाट काउंसिलंग से प्रवेश दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सीएसजेएमयू के मीडिया प्रभारी विशाल सिंह ने बताया कि स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बीटेक की खाली सीटों को भरने के लिए स्पाट काउंसलिंग का आयोजन 11 जुलाई को किया जाएगा। 11 जुलाई को 11:00 से 2:00 बजे के बीच विद्यार्थी स्पॉट काउंसलिंग के जरिए बीटेक में एडमिशन ले सकते हैं। काउंसिलिंग यूआईईटी के कांफ्रेंस हाल में किया जाएगा।

नाबालिग वाहन चलाते पकड़े गए तो गाड़ी मालिक पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वाहन स्वामी पर लगाया जाएगा 25000 रुपये जुर्माना, एक वर्ष के लिए पंजीयन होगा रद
- नाबालिग को 25 वर्ष तक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा

अमृत विचार। यदि कोई युवक जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम है, वाहन चलाते मिलेगा तो उसके अभिभावक यानी वाहन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी और 25,000 रुपये जुर्माना भी लगेगा। प्रदेश सरकार ने सड़क हादसे रोकने के लिए नाबालिग के हाथ में वाहन देने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और जुर्माना लगाने का फैसला लिया है, ताकि इस तरह की मनमानी पर अंकुश लग सके।

नए नियम के अनुसार नाबालिग को वाहन देने वाले अभिभावक, संरक्षक या वाहन स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और एक वर्ष के लिए वाहन का पंजीयन भी रद कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं, नाबालिग को 25 वर्ष की उम्र तक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। विशेषकर उन नाबालिग बच्चों पर ट्रैफिक विभाग, आरटीओ टीम की विशेष नजर रहेगी, जो दो पहिया वाहन से स्कूल आते-जाते हैं, ताकि उन्हें हादसों से बचाया जा सके। फिलहाल लखनऊ कमिश्नेट पुलिस ने इस आदेश को लागू कर दिया है और जल्द ही कानपुर में भी वाहन स्वामी, अभिभावक, संरक्षक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

तैयारी पहले विजय नगर या जूही की एक मलिन बस्ती का किया जाएगा पुनरुद्धार

गुजरात मॉडल पर शहर में विकसित होंगी मलिन बस्तियां

अभिषेक वर्मा, कानपुर

अमृत विचार। शहर में गुजरात मॉडल पर मलिन बस्तियों का विकास किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगम के अधिकारियों ने मलिन बस्ती का चयन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल एक मलिन बस्ती का पुनरुद्धार किया जाएगा। चयनित मलिन बस्ती में बहुमंजिले आवासीय परिसर के साथ ही स्कूल, मार्केट, पार्क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। विजय नगर या जूही की एक मलिन बस्ती में यह योजना लागू हो सकती है। अधिकारी इसका खाका तैयार करने में जुटे हैं। इन बस्तियों में पीएम आवास योजना की भी झलक दिखेगी। बस्ती में विकसित होने वाली मार्केट में दुकानें भी बस्ती के लोगों को ही एलॉट की जाएंगी, ताकि उनका जीवकोपार्जन हो सके।

मलिन बस्तियों में अभी कई मूलभूत समस्याएं हैं। अमृत विचार

- बहुमंजिले भवन में आवास के साथ बाजार व बुनियादी सुविधाएं जुटाई जाएंगी

शहर में 390 मलिन बस्तियों में 10 लाख से ज्यादा आबादी रहती है। स्मार्ट सिटी के तहत कई योजनाएं तो बनी हैं, लेकिन मलिन बस्तियों के विकास के लिए कोई खाका नहीं तैयार किया गया है। कई बार मलिन बस्तियों को मल्टी स्टोरी में बदलने की बात चली। केडीए ने इस बारे में योजना भी बनाई। जूही राखी मंडी की तस्वीर बदलने का प्लान बना, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। मौजूद हाल यह है कि मलिन बस्तियों में विकास तो दूर पानी और जल निकासी की व्यवस्था तक नहीं है। बस्ती के लोग पानी दूर से लाते हैं। कूड़ा उठता नहीं है। गंदगी की वजह से संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। पार्षद नवीन पंडित ने बताया कि कानपुर में विजयनगर और दबौली वेस्ट मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों को भी पीपीपी मॉडल पर पक्के मकान बनाकर दिए जाने की योजना तैयार हुई थी। इसके लिए डूडा ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मलिन बस्तियों का सर्वे शुरू किया।

बस्तियों की आधी जमीन का होगा व्यावसायिक इस्तेमाल

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार कानपुर के साथ ही प्रदेश के अन्य शहरों में भी राज्य सरकार की जमीन पर तमाम बस्तियां बसी हैं। इन्हें स्थाई करने की योजना है। योजना के मुताबिक बस्तियों को तोड़कर खाली होने वाली जमीन में आधे स्थान पर दुकानें आदि बनाकर भूमि का व्यावसायिक उपयोग किया जाएगा। इससे होने वाली आय से शेष जमीन पर चार मंजिला मकान बनाए जाएंगे। इन मकानों का आवंटन बस्ती में रहने वाले लोगों को ही किया जाएगा।

यहां स्थित हैं मलिन बस्तियां

गोविंद नगर में धर्मेंद्र नगर, रामआसरे नगर, शिवनगर, गोपालनगर, संजयनगर, आंबेडकर नगर मलिन बस्तियां हैं। जूही, उस्मानपुर, खाड़ेपुर, ढकनापुरवा. किदवईनगर, तरबगिया, तिवारीपुर, संजय नगर, नई बस्ती, जाजमऊ, परदेवन पुरवा, गांधीग्राम, बीबीपुर, बाबाघाट, विजय नगर, ईदगाह, शास्त्रीनगर, रानीघाट जाजमऊ समेत अधिकतर बस्तियों के निवासी समस्याओं के लिए जूझ रहे हैं।

> मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। योजना से मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में काफी सुधार आएगा। सरकार लगातार गरीबों के हित में कार्य कर रही है। –प्रमिला पांडेय, महापौर

डंपर से भिड़ा ट्रक चालक की मौत

कानपुर। चकेरी हाईवे पर चालक को झपकी आने से ट्रक आगे चल रहे डंपर में जा घुसा। हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

शनिवार सुबह चकेरी हाइवे पर मूंग की दाल लदा एक ट्रक राजस्थान से पश्चिम बंगाल जा रहा था। राजस्थान के बीकानेर छादा रडेतोलाई मूलवान निवासी चालक पप्पू राम (38) को झपकी आ गई, जिससे ट्रक आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक और राजस्थान निवासी क्लीनर हरीराम गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को ट्रक से निकालकर कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। चकेरी इंस्पेक्टर अशोक दुबे ने बताया कि चालक के परिजनों को सूचना दी गई है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

9 साल की बच्ची से रेप में 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छोटी बहन के साथ दोषी के घर डीजे देखने गई थी पीड़िता
- अक्टूबर 2022 में घटना, बिठूर थाने में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

अमृत विचार। बिठूर थाना क्षेत्र में नौ साल की बच्ची से रेप के आरोपी को एडीजे-22 की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। दोषी ने अक्टूबर 2022 में बच्ची को बहला कर मंदिर के पास ले जाकर रेप किया था। दोषी को बच्ची के पिता ने पकड़कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बिठूर थाना क्षेत्र के डंबपुरवा निवासी बब्लू कमल के घर गोवर्धन पूजा के दौरान 26 अक्टूबर 2022 की रात करीब 10 बजे डीजे बज रहा था, जिसे देखने के लिए पड़ोस की नौ वर्षीय बच्ची अपनी छोटी बहन के साथ गई थी। इसी दौरान बब्लू ने छोटी बहन को फुलझड़ी देकर घर भेज दिया और फिर नौ वर्षीय बच्ची को घर के पास स्थित मंदिर के पास ले गया। वहां उसके साथ रेप किया। काफी देर खोजबीन करने के बाद बेटी का कोई पता नहीं चलने पर उसका पिता तलाश करते हुए मंदिर के पास पहुंचा तो बब्लू को रंगे हाथ दबोच लिया।

पीड़ित पिता ने बब्लू के परिजनों से शिकायत की तो वे विवाद पर आमादा हो गए। पीड़ित ने बिठूर थाने में रेप और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

मामला एडीजे 22 योगेश कुमार की कोर्ट में विचाराधीन था। विशेष लोक अभियोजक भावना गुप्ता ने बताया कि पीड़िता, उसके माता-पिता समेत इस मामले में 8 गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल के कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

हाईटेंशन लाइन टूटी, बाइक सवार जिंदा जला

रात में बाइक से मसाला लेने दूसरे गांव जाते समय हुआ हादसा, सूचना मिलते ही परिजनों में छाया मातम

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। धरमपुर गौरी गांव में रात को मसाला लेने जा रहे एक बाइक युवक पर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गई। जिससे युवक बाइक समेत जिंदा जल गया। जानकारी पर परिजनों में मातम पसर गया।

सुदामा।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी सुदामा (36) सरसों बेचने का काम करता था। शुक्रवार की रात को वह बाइक से मसाला लेने पास के गौरी जा रहा था। वह धरमपुर व गौरी गांव के बीच पहुंचा था कि उसके ऊपर अचानक 11 हजार वोल्टेज का विद्युत का तार टूटकर गिर गया। जिससे वह और उसकी बाइक जलने लगी। वहां से निकल रहे लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिजली विभाग से संपर्क कर लाइट को कटवाया और युवक को सीएचसी भेजा। जहां ईएमओ डॉ. अंकिता चंद्रा ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बेटे की मौत होने की जानकारी पर मां रामावती बदहवाश हो गईं। जबकि भाई अजय, भूरा, पंकज, बहन अंजू, मोना, सुरभी, सोनी समेत अन्य परिजन रोते-बिलखते रहे। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

प्रथमदृष्टया बिजली का तार टूटकर गिरने से हादसा होने की बात सामने आई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

युवक की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

विद्युत अधिकारियों से फोन पर बात करते पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी।

लटक रहे हैं तार, प्रशासनिक अफसरों के निर्देश बेकार

शिवली। जिले के अधिकांश जगहों पर जर्जर विद्युत तारों से लगातार हादसे होते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इन्हें बदलने की कोई कवायद नहीं करते हैं। शिवली क्षेत्र में कई जगहों पर सड़क किनारे से खींची गई विद्युत लाइनों के नीचे गार्डिंग तक नहीं की गई है। वहीं तेज हवाओं व बारिश के चलते कुछ जगहों पर विद्युत तार ढीले होकर लटक गए हैं। साथ ही नगर व गांव में कई जगहों पर विद्युत लाइनें घरों के ऊपर से निकली हैं। इसके बावजूद इन्हें दुरस्त करने के लिए हादसे का इंतजार किया जाता है। जबकि जिले स्तर पर होने वाली बैठकों में प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदारों को जर्जर विद्युत तार बदलने के लगातार निर्देश देते हैं। इसके बावजूद नतीजा सिफर रहता है और आए दिन दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान गंवाते हैं।



शिवली में सड़क किनारे लटकता जर्जर विद्युत तार। अमृत विचार

हादसे की सूचना पर भी नहीं काटी गई बिजली

कानपुर देहात। धरमपुर गौरी गांव से मसाला लेने जाते समय बाइक सवार युवक की एचटी लाइन टूटकर गिरने से जिंदा जलकर मौत की जानकारी पर पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी पीड़ित के घर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि हादसे के समय लोगों ने एसडीएम ईश्वर चंद्र तिवारी, जेई पुनीत शर्मा व जेटीओ रमाकांत को फोन किया। इसके बावजूद बिजली नहीं काटी। पूर्व सांसद ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रसूलाबाद को फोन कर बरती गई लापरवाही के बावत जानकारी दी और नाराजगी जताई। साथ ही पीड़ित परिजनों को बिजली विभाग व बटाईदार होने से 5-5 लाख रुपये मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद भी दी। गौरव शुक्ला, आशीष अग्निहोत्री, शेखर तिवारी, हर्षित मिश्रा, हर्षित तिवारी आदि मौजूद रहे।

> संभावना है कि किसी पक्षी के टकराने से विद्युत लाइन का टूटकर गिरा है। मृतक के परिजनों को नियमानुसार सहायता दिलाई जाएगी। मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।
>
> –संतोष कुमार एक्सईएन विद्युत वितरण खंड झींझक

आज निकलेगी प्रभु जगन्नाथ रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्वस्थ होकर प्रभु जगन्नाथ रविवार को भक्तों पर कृपा बरसाने निकलेंगे। प्रभु जगन्नाथ के साथ सुभद्रा और बलभद्र भी होंगे। शहर में सात किमी रथयात्रा निकलेगी। देवी-देवताओं की झांकियां, रथयात्रा पर पुष्प वर्षा और फूलों की होली रथयात्रा का आकर्षण होगी। भक्त काठ रथ को खींचकर पुण्य कमाएंगे।

पुरी मान्यताओं अनुसार शहर में भी दो दिन प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। मान्यता के अनुसार भक्तों के जल स्नान से प्रभु जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाते हैं। 15 दिन बाद स्वस्थ होने पर वह भ्रमण पर निकलते हैं और भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। रविवार को आषाढ़ सुदी द्वितीया पर शहर में प्रभु जगन्नाथ मंदिर बाईजी से रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में सबसे आगे प्रभु जगन्नाथ का काठ का रथ होगा, जिसे भक्त खींचते हुए चलेंगे। पीछे सुभद्रा और बलभद्र की रथ होगा। रथयात्रा में देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां होंगी। प्रभु जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए भक्तों में होड़ रहेगी। रथयात्रा के आयोजन से जुड़े ज्ञानेंद्र विश्नोई ने बताया कि रविवार सुबह मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ प्रभु का फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। शाम को प्रभु सिंहासन पर विराजमान होंगे।

बलभद्र-सुभद्रा के साथ प्रभु जगन्नाथ।

इन मार्गों से होकर गुजरेगी रथयात्रा

प्रभु जगन्नाथ की काठ रथयात्रा काहूकोठी, नयागंज, हूलागंज, भूसाटोली, नागेश्वर मंदिर, जनरलगंज, मनीराम बगिया, चौक सराफा, शिवाला, सरसैया घाट होते हुए प्रभु जगन्नाथ मंदिर बाईजी पहुंचेगी। इससे पहले सरसैया घाट पर पूजन-अर्चन भी होगा।

सोमवार को भी दर्शन देंगे प्रभु

आषाढ़ सुदी तृतीया को भी जगन्नाथ महाराज बिरजी भगत और उमा जगदीश मंदिर से भी प्रभु जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की रथयात्रा निकलेगी। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रभु का पूजन होगा और प्रभु नगर भ्रमण के दौरान भक्तों को दर्शन देंगे। बिरजी भगत मंदिर से रथ काहूकोठी, नयागंज, जनरलगंज, मनीराम बगिया आदि क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। इसी दिन उमा जगदीश मंदिर की रथयात्रा धनकुट्टी धर्मशाला से निकालेगी। रथयात्रा कलक्टरगंज, गल्ला मंडी, शक्कर पट्टी आदि क्षेत्रों में भ्रमण करेगी।

पहले सिर्फ दो यात्राएं निकलती थीं

लोगों का कहना है कि पहले शहर में सिर्फ दो रथयात्रा निकलती थीं। करीब 135 साल पहले दो यात्राएं एक ही दिन निकलने पर विवाद हो गया था, जिस पर अंग्रेज प्रशासन ने पंचायती बाईजी मंदिर को पहले रथयात्रा निकालने और पारिवारिक बिरजी भगत मंदिर को दूसरे दिन यात्रा निकालने की अनुमति दी थी। बाद में विवाद के कारण विरजी भगत मंदिर की यात्रा बंद हो गई, लेकिन क्षेत्रीय भक्तों ने यात्रा की परंपरा शुरू की। पारिवारिक विवाद खत्म होने पर तीसरी यात्रा चालू हो गई।

14 को निकलेगी विदाई रथयात्रा

पुरी की परंपरा के अनुसार शहर में प्रभु जगन्नाथ की विदाई रथयात्रा भी बिरजी भगत मंदिर से निकाली जाएगी। इस बार 14 जुलाई को विदाई यात्रा निकलेगी, जो तीन-चार किमी चक्कर लगाने के बाद मंदिर पहुंचेगी। प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा के साथ देवी-देवताओं की झांकियां भी होंगी।

जगन्नाथ यात्रा पर डायवर्जन

बिठूर तिराहा कल्यानपुर की तरफ से जाने वाला ट्रैफिक बेरी पुलिया से दाहिने मुड़कर इंद्रानगर रोड होते हुए रवाना होगा। बिठूर तिराहा, कल्याणपुर की तरफ जाने वाले सिंहपुर तिराहे से बाएं मुड़कर मैनावती मार्ग होते हुए जा सकेंगे। यह डायवर्जन रविवार की दोपहर बाद दो बजे से रात 10 बजे तक लागू रहेगा।

खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में लगी आग, क्षेत्र में मचा हड़कंप

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। कस्बे के ब्रह्म नगर मोहल्ले में शनिवार दोपहर खाना पकाने के दौरान सिलेंडर में लगी आग से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन धू-धू कर जल रहे सिलेंडर की आग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। लगभग एक घंटे के बाद दमकल के जवान मौके पर पहुंचे, किंतु इससे पहले ही लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया।

ब्रह्म नगर मोहल्ला निवासी राधेलाल यादव के मकान की दूसरी मंजिल में किराए पर रह रहे विष्णु कांत पाल एक निजी कंपनी में काम करते हैं। बताया गया है कि शनिवार को विष्णु कांत अपनी ड्यूटी पर गए थे। तभी घर में मौजूद उनकी पत्नी द्वारा दोपहर खाना बनाए जाने के दौरान सिलेंडर में आग लग गई। शोर मचाए जाने पर दौड़े आसपास के लोगों ने सिलेंडर को चूल्हा समेत दूसरी मंजिल से नीचे जमीन पर फेंक दिया। तेजी से जल रहे सिलेंडर को देख पड़ोस के लोगों में दहशत व्याप्त हो गई।

सूचना पर थाना पुलिस मौके पर तो पहुंची लेकिन जलते सिलेंडर को आग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। इस दौरान मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल जवानों के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने बालू व मौरंग आदि फेंककर सिलेंडर की आग बुझा ली। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सिलेंडर में आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया।

आग बुझने के बाद सिलेंडर चेक करते दमकल जवान। अमृत विचार

- कस्बे के ब्रह्म नगर मोहल्ले में शनिवार दोपहर हुई घटना

पशु चिकित्साधिकारी को दी विदाई, किया पौधरोपण

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। ककवन विकासखंड क्षेत्र के राजकीय पशु चिकित्सालय में बीते 10 वर्षों से तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज पटेल के तबादले पर शनिवार को तमाम क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर उनका 10 वर्ष के कार्यकाल की बधाई देते हुए शानदार विदाई समारोह का आयोजित किया। वर्ष 2014 में पशु चिकित्सा अधिकारी का कौन के पद पर तैनात हुए डॉक्टर नीरज पटेल ने 2021 के पंचायत चुनाव में निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाकर शानदार पंचायत चुनाव संपन्न कराए थे इसके साथी उनके द्वारा विकासखंड क्षेत्र में बीते 10 वर्षों में कई सराहनीय कार्य किए गए जिसको लेकर तमाम आम जनमानस उनकी विदाई के दौरान पहुंचकर उनको सम्मानित किया। इस मौके पर पहुंचे लोगों ने अस्पताल परिसर के अंदर ही पौधरोपण भी कराया और वृक्षों को संरक्षित करने का संकल्प भी लिया।

पशु चिकित्सालय में किया गया पौधरोपण। अमृत विचार

उपकरण चुराने वाले गिरोह को दबोचा

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। बिल्हौर पुलिस ने मोबाइल टॉवर से उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी निवासी कुंदनपुर थाना किशनी मैनपुरी के रहने वाले बताए गए है। पुलिस ने इनके कब्जे से टावर के कई उपकरण बरामद किए हैं। पकड़े गए शातिरों से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

3 जुलाई को राजेपुर गांव में एक मोबाइल टावर में चोरी करते युवकों को देखे जाने के बाद सिक्योरिटी कंपनी के योगेंद्र सिंह ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मोबाइल टावर के उपकरण चोरी करने का मुकदमा बिल्हौर कोतवाली में दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो बिल्हौर पुलिस के हाथ पूरा गिरोह ही लग गया। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल के नेतृत्व में तीन सर्विलांस टीमों की गठन के बाद पुलिस ने पूरे गिरोह को तमाम मोबाइल टावर उपकरण के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूरा गिरोह 5 युवकों का था जो मोबाइल टावरों से महंगे -महंगे उपकरण चोरी कर लेता था।

कानपुर स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता में विजय ढुल ने बताया कि अमन, शिवेंद्र शिवम, सचिन व आलोक निवासी कुंदनपुर किशनी मैनपुरी अलग-अलग जिलों में जाकर मोबाइल टावर से महंगे -महंगे उपकरण चोरी कर बाजार में बेचते थे। 4 जुलाई को पुलिस टीम ने पांचो आरोपियों को नानामऊ गंगा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके उनके पास से 5 डिवाइस एसएफपी, 2 बंडल केबल कनेक्टर, तार कटर व 2 कार बरामद हुई है। गिरोह के खुलासे पर बिल्हौर पुलिस के साथ सर्विलांस टीम को पुलिस आयुक्त ने 50 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

उपकरण और कार के साथ पकड़े गए पांचों शातिर। अमृत विचार

- टावर के उपकरणों के साथ दो कार भी बरामद

मोहर्रम के महीने में गरीबों को खाना खिलाएं

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। मकनपुर कस्बे मे इशरान हुसैन के निवास में स्थित शिफाहत इमाम बारगाह में इमाम हुसैन की याद में एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए शायर व उलेमा ने मजलिस में शिरकत की।

शायर ओशब अली, मुनीफुल जाफरी, अयान खान ने हजरत इमाम हुसैन की शान में कलाम पेश कर कहा कि करम ये मजलिसे शब्बीर का हुआ वरना कहां गरीब का घर और कहां हुसैन की मां। वहीं अंबेडकर नगर से आए मौलाना अज़ीम रिज़वी ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। मौलाना ने हिदायत देते हुए कहा मोहर्रम के महीने में जितना हो सके प्यासों को पानी पिलाएं, गरीबों को खाना खिलाएं। इस मौके पर शबहात अली, शाहिद हसनैन, फ़राज़ जाफरी, अरफात जाफरी, मोजिज रज़ा, रज़ी रिज़वी, काशिफ, शक्कन रिज़वी, सहेर हुसैन , असद रिजवी, शकर रिज़वी आदिल हुसैन समेत आदि अकीदतमंद मौजूद रहे। इस दौरान मकनपुर व आसपास के क्षेत्रों में इमामबाड़ों पर मजलिस पढ़ी गई और नौहाख्वानी की गई।

मजलिस को खिताब करते मौलाना। अमृत विचार

- हजरत इमाम हुसैन की याद में इमामबाड़ों पर नौहाख्वानी

विद्यालय संचालकों को नोटिस से हड़कंप

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में हर छोटे-बड़े कस्बे में कई ऐसे विद्यालय संचालित हो रहे हैं जिनके शासन की स्वीकृति या मान्यता ही नहीं है ऐसे में इन विद्यालय पर शिकंजा करने के लिए शिक्षा विभाग ने एक दर्जन विद्यालयों को नोटिस भी जारी कर दी है।

क्षेत्र में बगैर मान्यता कई स्कूल चल रहे हैं। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने ऐसे विद्यालय के संचालकों को नोटिस जारी कर विद्यालय बंद करने के निर्देश दिए हैं।

जिन स्कूलों को नोटिस जारी की गई है उनमें बिल्हौर विकासखंड क्षेत्र के जगदीश नारायण शारदा देवी विद्यालय नसीरपुर ,विक्रमादित्य नरेंद्र पब्लिक स्कूल सूलनसिरापुर, माता अन्नपूर्णा एजुकेशन सेंटर राजेपुर, सरदार पटेल एकेडमी अरौल ,स्वरूप नारायण पब्लिक स्कूल अरौल हैं। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि नोटिस के बाद भी अगर विद्यालय संचालक नहीं बंद कर रहे हैं तो उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ककवन क्षेत्र के 5 विद्यालयों को नोटिस दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता ने बताया कि आरएस एजुकेशन सेंटर ककवन,आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल मैदों रहीमपुर विषधम, वरुणा पब्लिक स्कूल उठ्ठा, पी आदर्श शिक्षा निकेतन, लक्ष्य एकेडमी ककवन को नोटिस जारी की गई है। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं।

- वर्षों से संचालित हो रहे विद्यालय, संचालन न बंद करने पर होगी कार्यवाही

चोर उठा ले गए ट्यूबवेल के पंखे

शिवराजपुर। थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, वहीं पुलिस की गश्त की पोल भी खोल दी है। बीती रात चोरों ने एक ही गांव में छह ट्यूबवेल के पंखों को लाद कर ले गए। पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के दहारूदपुर गांव निवासी पवन यादव. नारायण छोटा, रामकिशन, पप्पू यादव आदि ने थाने में तहरीर दी कि उनके खेतों पर ट्यूबवेल और पंखे लगे हुए हैं। चोरों ने देर रात इस खेतों के आसपास छह पंखे पार कर दिए।

प्रधान प्रतिनिधि व एपीओ में विवाद बढ़ा

संवाददाता,शिवराजपुर

अमृत विचार। शुक्रवार दोपहर ब्लॉक परिसर में ग्राम प्रधान पति और मनरेगा एपीओ के बीच हुए विवाद के बाद मामला तूल पकड़ रहा है। वहीं मनरेगा एपीओ ने अपने उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र देते हुए ग्राम प्रधान पर अभद्र भाषा से बातचीत करने का आरोप लगाया है। शनिवार को शिवराजपुर ब्लॉक में तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी प्रीति अग्निहोत्री ने उपायुक्त श्रम रोजगार अधिकारी मनरेगा कानपुर नगर से शिकायत कर बताया कि शुक्रवार ब्लॉक परिसर में बने ऑफिस में सुघर देवा ग्राम प्रधान पूजा सिंह के पति हरिपाल सिंह विकास कार्य से संबंधित कार्यों को लेकर मेरे ऊपर दबाव बनाकर उलझने लगे मना और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौच करते हुए जोर-जोर से चिल्लाते हुए मेरे ऑफिस में मारपीट करने की कोशिश की कई प्रधान इकट्ठा होकर मेरे ऊपर अनैतिक दबाव बनाने लगे।

शिकायत में उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार यदि ग्राम प्रधान महिला है तो ग्राम विकास के सभी कार्य उसके द्वारा ही किए जाएंगे न कि उसके पति या अन्य प्रतिनिधि द्वारा होंगे एपीओ प्रीति अग्निहोत्री ने बताया कि उसी समय मेरे कमरे में कुछ रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक भी मौजूद थे जिनकी मौजूदगी में मेरे साथ प्रधान पति द्वारा बदतमीजी की गई है उन्होंने अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए अपने उच्च अधिकारी से समय भी मांगा है इस मामले में उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा ने जांच करा कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है

ग्रामीणों का मनरेगा कार्यों में घोटाले का आरोप

शिवराजपुर ब्लॉक परिसर में कराये जा रहे मनरेगा कार्यो में भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। कहीं अधिक मजदूरो की संख्या डालकर मनरेगा से पैसे निकालने के आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं। वहीं सैलाह ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने डीसी मनरेगा से अधिक हाजिरी डालकर पैसे निकालने की शिकायत की है। जिसकी जांच चल रही है

- मनरेगा एपीओ ने अपने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया

आदेश | डिजिटल रजिस्टर का प्रयोग न करने वाले शिक्षकों पर की जाएगी कार्रवाई

अब कल से ही लगेगी शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को अब 15 जुलाई के बजाय 8 जुलाई यानी सोमवार से ऑनलाइन हाजिरी लगानी होगी। साथ ही सभी 12 तरह के रजिस्टर डिजिटल किए जाएंगे। प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स माड्यूल तैयार किया गया है। स्कूलों को टैबलेट दिए गए हैं और सिम व इंटरनेट के लिए धनराशि भी भेजी जा चुकी है। ऐसे में अगर शिक्षक डिजिटल रजिस्टर का प्रयोग नहीं करेंगे तो कार्रवाई की जा सकती है।

प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स नाम से विकसित मॉड्यूल के संबंध में शासन ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। 12 डिजिटल पंजिकाओं के संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय के उपर्युक्त संदर्भित पत्र के जरिए सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं केजीबी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के बाद छात्र उपस्थिति पंजिका एवं एमडीएम पंजिकाएं डिजिटल रूप में करने तथा अन्य सभी पंजिकाएं 15 जुलाई से डिजिटल रूप में की जाएं। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सभी अध्यापक व कार्मिकों प्रतिदिन अपनी उपस्थिति, विद्यालय आगमन व प्रस्थान का समय 8 जुलाई से डिजिटल उपस्थिति पंजिका में अंकित करेंगे। जबकि सभी विद्यालयों में शिक्षक एक अप्रैल से 30 सितंबर तक आगमन उपस्थिति सुबह 7:45 बजे से सुबह 8 बजे तक और प्रस्थान करते समय दोपहर 2:15 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक अपनी हाजिरी लगा सकेंगे। वहीं एक अक्टूबर से 31 मार्च तक आगमन उपस्थिति सुबह 8:45 बजे से सुबह 9:00 बजे तक और प्रस्थान उपस्थिति 3:15 बजे से 3:30 बजे तक दर्ज कर सकेंगे। बीएसए अजय मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देशों का पालन कराया जाएगा।

- प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स माड्यूल तैयार

शिक्षकों को अब वीडियोग्राफी में भी होना होगा पारंगत

कानपुर देहात। शिक्षकों को अब कक्षा शिक्षण के साथ ही वीडियो बनाने में भी पारंगत होना होगा। अब प्रत्येक शिक्षक को कक्षा में पढ़ाते हुए एक वीडियो बनाना होगा। इसे जांच के लिए डायट पर भेजा जाएगा। उत्कृष्ट वीडियो को लखनऊ भेजा जाएगा। जबकि जिन शिक्षकों के पढ़ाने का तरीका सामान्य होगा। उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों को आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि सभी शिक्षक कक्षा में छात्र-छात्राओं को पढ़ाते हुए पांच-पांच मिनट का वीडियो बनाएंगे। प्रारंभिक में जनपद के परिषदीय स्कूलों के प्रत्येक शिक्षक-शिक्षिकाओं को छात्रों को पढ़ाते हुए एक बार वीडियो बनाना है। इससे छात्रों को पढ़ाने में उत्कृष्ट एवं रोचक तरीकों का प्रयोग किया जाए। शिक्षक वीडियो के शुरूआत में अपना तथा विद्यालय का नाम बताएंगे। इसके बाद संबंधित विषय एवं दक्षता की जानकारी देंगे। यह वीडियो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से हार्ड डिस्क में डायट प्राचार्य को भेजे जाएंगे। वहां पर इनकी जांच होगी। उत्कृष्ट वीडियो को एससीईआरटी लखनऊ भेजा जाएगा। इन वीडियो को बनाने वाले शिक्षकों को विभिन्न कार्यशालाओं व एक्सपोजर विजिट के लिए भेजा जाएगा। सामान्य वीडियो बनाने वाले शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं महान शिक्षाविद् थे डॉ. मुखर्जी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। भाजपा ने शनिवार को महान क्रांतिकारी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दक्षिण और उत्तर जिला पार्टी कार्यालय में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

भाजपा दक्षिण कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माला एवं पुष्पार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का देश की अखंडता और एकता के लिए किए गया त्याग तथा बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। 6 जुलाई 1901 में कोलकता शहर में जन्मे डॉ. मुखर्जी राष्ट्रवादी विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् थे, वे सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक एवं सिद्धांतवादी थे।

भाजपा के शिखर पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रथम लक्ष्य राष्ट्रीय एकता की स्थापना था। उन्होंने कहा था कि देश में दो प्रधान ,दो विधान, दो निशान कतई बर्दाश्त नहीं हैं। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, वंदना, मनीष त्रिपाठी ,गुप्ता, संजीव बेरी, वीरेंद्र दिवाकर, अर्जुन बेरिया, शिवम मिश्रा, आशु तिवारी, योगेश पाण्डेय मौजूद रहे।

नवीन मार्केट स्थित उत्तर जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने पदाधिकारियों के साथ डॉ. मुखर्जी जी के जन्म दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मां भारती का गौरव बढ़ाने वाले डॉ. मुखर्जी बड़े समाज सुधारक और अहिंसावादी थे। राम लखन रावत, जितेंद्र विश्वकर्मा, अवधेश सोनकर, आनंद मिश्रा, जन्मेजय सिंह, विनय पटेल, पारस मदान, रोहित साहू उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यालय में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते नेता।

भाजपा दक्षिण कार्यालय में नेताओं ने डॉ. मुखर्जी को याद किया। अमृत विचार

- भाजपा ने उत्तर और दक्षिण जिले में जंयती पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

शिकायत निस्तारण में 43 से 72वीं रैंकिंग पर शहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मार्च महीने के बाद अब जारी हुई आईजीआरएस की रैंकिंग

अमृत विचार। शिकायतों के निस्तारण में नगर फिसड्डी है। आईजीआरएस की रैंकिंग में जिले की हालत और खराब हो गई है। जिला 72वें स्थान पर पहुंच गया है। 130 में जिले को 96 अंक ही मिले हैं। रैंकिंग जारी होने के बाद जिन विभागों की सबसे ज्यादा शिकायतें लंबित हैं, उनके अफसरों को नोटिस जारी की जाएगी।

आचार संहिता लागू होने के बाद मार्च माह से आईजीआरएस रैंकिंग जारी नहीं हुई थी। उस समय जिले की 43वीं रैंक थी। आचार संहिता खत्म होने के बाद फिर से आईजीआरएस पोर्टल पर आई शिकायतों की निगरानी शुरू हुई, जिसमें पाया गया कि जिले की अधिकांश शिकायतें लंबित हैं। इस बारे में एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि अब विभागों की लंबित शिकायतों की सूची तैयार कराई जाएगी। जिस विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें लंबित या डिफाल्टर मिलेगी, उन अधिकारियों को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया जाएगा।

एक नजर

रामजी शर्मा ने उत्तीर्ण की फुटबाल कोच परीक्षा

कानपुर। कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया द्वारा 17 जून से 3 जुलाई तक आयोजित छह सप्ताह के कोच प्रशिक्षण कोर्स में शहर के राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी रामजी शर्मा ने बी ग्रेड में परीक्षा उत्तीर्ण की। इस कोर्स में प्रदेश से चार खिलाड़ियों का चयन हुआ था, लेकिन सिर्फ दो खिलाड़ी ही उत्तीर्ण हुए हैं। शहर के रामजी शर्मा बी ग्रेड में और बिजनौर के हिमांशु सी ग्रेड में उत्तीर्ण हुए हैं। रामजी शर्मा जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में फुटबाल कोच व क्रीड़ा शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य मलिका अरोड़ा व स्कूल के चेयरमैन संजीव दीक्षित ने उन्हें बधाई दी है।

पानी निकासी के विवाद में महिलाओं को पीटा

कानपुर। दहेली सुजानपुर में घर के पानी की निकासी के विवाद में पड़ोसी ने महिला व बहन की पिटाई कर दी। आरोपियों ने पथराव भी किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दहेली सुजानपुर निवासी कुसुमा देवी ने बताया कि उनके घर का पानी सामने बने चेंबर में जाता है, जिसका पड़ोसी नवीन जैन विरोध करता है। आरोप है कि नवीन ने नाली में मिट्टी व गिट्टी डाल दी, जिससे जल निकासी नहीं हो पाती थी। पीड़िता ने बताया कि 4 जुलाई को वह मिट्टी और गिट्टी को हटा रही थीं। तभी पड़ोसी नवीन जैन, उसकी बहन और मां ने कुसुमा देवी और उनकी बहन से मारपीट कर दी।

जाजमऊ में ट्रीटमेंट प्लांट से ही गंगा में बहा दिया सीवेज

सीएसपीएस का गेट खुला मिला, नाले से सीवेज गंगा में गिरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के निरीक्षण में जाजमऊ एसटीपी से सीवेज गंगा में गिरता मिला। 130, 43 एमएलडी एसटीपी एवं कॉमन सीवेज पंपिंग स्टेशन में निरीक्षण के दौरान सात पंपों में से सिर्फ एक ही चलता मिला, जबकि सीएसपीएस में लगा गंगा गेट (बाईपास) भी खुला मिला। अधिकारियों ने जल निगम की कार्यदायी संस्था कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (केआरएमपीएल) को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि जाजमऊ एसटीपी से सीवेज लगातार गंगा में गिराया जा रहा है। यहां सीएसपीएस का गेट खुला है और एयरफोर्स नाले के माध्यम से भी अशोधित सीवेज गंगा में छोड़ा जा रहा है, जिससे गंगा मैली हो रही हैं। चेतावनी के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है।

इससे पहले भी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गंगा नदी में गंदगी बहाने पर कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर 6.62 करोड़ रुपये जुर्माना लगाया था। वसूली करने के लिए गुरुवार को गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई (ग्रामीण) को नोटिस दिया गया है। पर्यावरण क्षतिपूर्ति के लिए 2.62 करोड़ रुपये भू-राजस्व की तरह वसूलने के लिए राज्य बोर्ड लखनऊ ने जिला प्रशासन को पत्र भेजा है।

गंगा में बहता प्रदूषित पानी। अमृत विचार

- जाजमऊ एसटीपी के 7 में 1 एक पंप ही चलता मिला, क्षेत्रीय अधिकारी ने किया निरीक्षण
- लापरवाही से बाज नहीं आ रही जल निगम की ठेकेदार कंपनी, फिर जारी हुआ नोटिस

लगातार लापरवाही बरत रही निजी कंपनी

- नगर के सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज पंपिंग स्टेशनों का संचालन करने वाली कंपनी पर पहली बार इतना ज्यादा जुर्माना लगा है। नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) ने तीन साल पहले नगर के सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों (एसटीपी) और सभी सीवेज पंपिंग स्टेशनों (एसपीएस) के 15 साल रखरखाव और संचालन के लिए 800 करोड़ से ज्यादा का ठेका केआरएमपीएल को दिया है। कंपनी एसटीपी और एसपीएस के संचालन में लगातार लापरवाही कर रही है, जिसकी वजह से अक्सर गंदा पानी गंगा में जाता है।

अब रोजगार मेले में भी बेरोजगारों का पंजीकरण

कानपुर। सेवायोजन विभाग में लगने वाले रोजगार मेलों में अब युवा अपना बेरोजगारी पंजीकरण भी करा सकेंगे। युवाओं के लिए यह सुविधा 15 से शुरू हो सकेगी। युवाओं की ओर से यह सुविधा शुरू होने से अब ऑनलाइन पंजीकरण के लिए उन्हें कैफे पर निर्भर नहीं होना होगा। इसके लिए विशेषज्ञ कर्मचारियों की ओर से आवेदन भरे जाने की वजह से पंजीकरण में त्रुटि कम हो सकेगी।

सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर फिलहाल 1.27 लाख ऑनलाइन पंजीकरण हुए हैं। विभाग के पोर्टल पर बेरोजगार युवा अपना पंजीकरण कराते हैं। इस पंजीकरण के आधार पर ही उन्हें नौकरी के लिए बुलावा आता है। विभाग की ओर से अब पंजीकरण के लिए रोजगार मेलों में भी युवाओं को यह सुविधा दी जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि मेलों के दौरान युवाओं की बड़ी संख्या आने से उनके लिए पंजीकरण कराना आसान हो सकेगा।

पंजीकरण के साथ ही उन्हें मेलों में सहभागिता के लिए अवसर मिल सकेगा। सहायक निदेशक उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि महीने में चार बार विभाग की ओर से रोजगार मेले लगाए जाते हैं।

चैंपियनशिप का उद्घाटन करते स्कूल के प्रबंधक डॉ. कमल किशोर गुप्ता व मौजूद लोग। अमृत विचार

पॉवर लिफ्टिंग के दो वर्गों में रौनक व अभय ने जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो दिवसीय बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप का शहर में आयोजन
- मोतीलाल खेड़िया स्कूल में पहले दिन 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया भाग

अमृत विचार। बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप में शनिवार को खिलाड़ियों ने अपने दमखम का जोरदार प्रदर्शन किया। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में शहर के विभिन्न स्कूलों और जिम के लगभग 400 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन रौनक और अभय ने स्वर्ण पदक जीता।

कानपुर पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप का आयोजन सेठ मोतीलाल खेड़िया स्कूल विष्णुपुरी में किया गया है।

चैंपियनशिप में 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। पहले दिन बालक वर्ग के 53 किग्रा भार वर्ग में रौनक पासवान ने स्वर्ण, दीपक ने रजत, निखिल कुमार ने कांस्य पदक जीता। 59 किलो भार में अभय दिवाकर ने स्वर्ण, अभिषेक राणा ने रजत और सौरभ राठौर ने कांस्य पदक अपने नाम किया। चैंपियनशिप के नतीजों के आधार पर मंडलीय पावरलिफ्टिंग टीम का चयन होगा। चैंपियनशिप का उद्घाटन स्कूल के प्रबंधक डॉ. कमल किशोर गुप्ता ने किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य सुमन चंदोला, प्रो. विकास चंद्र गंगवार, प्रदेश संघ के सचिव राहुल शुक्ला, विवेक मिश्रा, राजेश दीक्षित, मनीष मिश्रा, नीरज कुमार, अनिल कुशवाहा, प्रकाश बाजपेई, मोहित वर्मा, अभिलेख सिन्हा, सूरज कुशवाहा मौजूद रहे।

निजी अस्पताल में मानकों की जांच करते एडीएम सिटी व एसीएमओ। अमृत विचार

आयुष्मान से इलाज के लिए पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आयुष्मान के तहत इलाज का आवेदन करने वाले अस्पतालों का शनिवार को एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार और एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी ने निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में इलाज का मानक देखा। एसीएमओ ने कहा सभी व्यवस्थाएं ठीक मिलीं तो इलाज की अनुमति दी जाएगी।

फार्च्यून व विमल नर्सिंगहोम समेत कई अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के तहत रोगियों का इलाज करने का आवेदन किया था। एडीएम सिटी व एसीएमओ अपनी टीम के साथ संबंधित अस्पतालों का निरीक्षण करने पहुंचे। अफसरों ने अस्पतालों में न्यूरो, सर्जरी व आपरेशन थिएटर से जुड़े सभी मानकों की जांच की। अनुभवी चिकित्सकों की उपलब्धता और अस्पतालों का रिकार्ड भी देखा।

एडीएम सिटी ने बताया कि आवेदन मिलने पर चेकिंग की गई है। अगर मानक से संबंधित कागजात अस्पताल प्रस्तुत करता है तो प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया जाएगा। एसीएमओ ने बताया कि अस्पताल में व्यवस्थाएं और सुविधाएं पूर्ण पाए जाने पर सुविधा देने का विचार किया जा सकता है।

- कई अस्पतालों ने आयुष्मान इलाज की सुविधा के लिए किया था आवेदन
- एडीएम सिटी और एसीएमओ की टीम ने पहुंचकर देखीं सारी व्यवस्थाएं

चुनावी राजनीति में भी उतर सकते हैं जमीअत के नेता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेकुलर पार्टियों की भूमिका देखकर आगे आए मुस्लिम संगठन

अमृत विचार। देश में कई ऐसे मुस्लिम संगठन हैं, जो मुस्लिमों की रहनुमाई तो करते हैं, लेकिन राजनीति से उनका दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। लेकिन इनमें कई संगठन अब राजनीति की ओर बढ़ रहे हैं। यह बदलाव उन सियासी पार्टियों की भूमिका देखने के बाद आया है, जो सेकुलर के नाम पर मुसलमानों का वोट तो लेती हैं, लेकिन जब मुसीबत आती है तो खामोश हो जाती हैं।

जमीअत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने नई दिल्ली में इशारों में जिस तरह जमीअत के लोगों को राजनीति में उतरने का न्यौता दिया है, उससे यह तय है कि वह दिन दूर नहीं, जब जमीअत के कद्दावर पदाधिकारी राजनीति में कूदेंगे। मौलाना अरशद मदनी का वीडियो मुस्लिम इलाकों में तेजी से फैल रहा है, जिसमें उन्होंने साफ कहा है कि जमीअत का कोई पदाधिकारी, कार्यकर्ता लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़ना चाहे तो लड़ सकता है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी दी राजनीति की छूट

आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को राजनीति में उतरने की छूट दे रखी है। आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुसलमीन (एमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असद उद्दीन ओवैसी, इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, सपा के वरिष्ठ नेता फारुकी समेत कई ऐसे बोर्ड के सदस्य हैं, जो आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में हैं। बोर्ड के सदस्य प्रो. मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि अपनी राजनीतिक पहचान बनाने के लिए गंभीर होना पड़ेगा।

रिजर्व बैंक कर्मी को उसकी पत्नी ने पीटा

कानपुर। कोतवाली क्षेत्र में रिजर्व बैंक कर्मचारी की पत्नी ने पति को फोन कर आफिस के नीचे बुलाया और गाली गलौज कर बीच सड़क पर चप्पलों से पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद गार्ड ने बीच बचाव का प्रयास किया तो महिला ने उसे भी धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मीरपुर कैंट निवासी अमित मिश्रा रिजर्व बैंक में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि बीते 4 जुलाई को वह दफ्तर में काम कर रहे थे। इस दौरान शाम करीब 6 बजे पत्नी गरिमा तिवारी ने फोन कर आफिस के नीचे बुलाया। आरोप है कि नीचे पहुंचने पर पत्नी ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चप्पलों से पिटाई कर दी। गार्ड ने बीच-बचाव पत्नी फर्जी मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत की। इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

आज से इमामबाड़ों में शुरू होगी इबादत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शनिवार को मोहर्रम का चांद नजर नहीं आया लिहाजा करबला के मैदान पर शहीद हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और 72 साथियों की याद में रविवार से शहर गम में डूब जाएगा। शिया महिलाएं करबला बेवाओं की याद में अपनी चूड़ियां तोड़ देंगी।

शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने शनिवार को चांद नहीं होने की पुष्टि की। अब रविवार शाम से शहर के इमामबाड़ों पर नौहाख्वानी, घरों में कुरआनख्वानी, मर्सिया शुरू होगी। चमनगंज, बेकनगंज, कर्नलगंज, बजरिया, बकरमंडी, फेथफुलगंज, रेलबाजार, कंघी मोहाल, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, मछरिया, सुजातगंज, रोशन नगर, रावतपुर गांव, जाजमऊ, मख्दूम नगर में दुकानों पर बजने वाले फिल्मी गीत बंद हो गये हैं। हजरत इमाम हुसैन की शहादत को बयान करने के लिए जगह-जगह दस दिनों तक जलसे होंगे। शिया समुदाय के लोग काले कपड़े पहन लेंगे और घरों में मजलिस, मातम करेंगे। कई इमामबाड़ों पर ताजिये रख दिये जायेंगे और नौहाख्वानी शुरू हो जाएगी। नवाब दूल्हा हाता, पटकापुर, ग्वालटोली मकबरा, छोटे मियां हाता, गम्मू खां हाता, जूही लाल कालोनी, जूही सफेद कालोनी में इमामबाड़ों पर मातम शुरू होगा।

मोहर्रम की पहली तारीख कल

- शहरकाजी हाफिज मामूर अहमद जामई की अध्यक्षता में मरकजी रुअते हिलाल कमेटी की बैठक हुई। उलेमा ने शनिवार को चांद तस्दीक नहीं होने का एलान किया। सोमवार को मोहर्रम 1446 हिजरी की पहली तारीख होगी। बैठक में मुफ्ती अब्दुर्रशीद कासमी, मौलाना समीउल्लाह कासमी, मौलाना मोहम्मद इनाम उल्लाह कासमी, मौलाना मोहमद अनीस खां कासमी, कारी सुहैल अहमद, अलहाज सादिक कमाल नक्शबंदी शामिल थे।

मुंशी पुरवा डाकखाना, बाबूपुरवा में यादे हुसैन मनाएंगे

- अंजुमन अहले बैत के बैनर तले मोहर्रम के महीने में हसनैन रोड स्थित मुंशी पुरवा डाकखाना बाबूपुरवा में यादे हुसैन जलसा आयोजित होगा, जिसकी सरपरस्ती मुफ्ती मोहम्मद हनीफ बरकाती करेंगे। जानकारी सूफी लाल मोहम्मद कादरी ने दी।

अभ्युदय में अब एसएससी के लिए भी लगेंगी कक्षाएं

कानपुर। जेईई, नीट एवं प्रशासनिक सेवाओं के लिए चलने वाली अभ्युदय कोचिंग में अब एसएससी की तैयारी भी कराई जाएगी। कानपुर में एसएससी की कक्षाएं पहली बार चलाई जाएंगी। नि:शुल्क कोचिंग अभ्युदय के लिए छात्र-छात्राएं 15 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में पात्र बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग मिलती है। इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं सिविल सर्विसेज की तैयारी कराने को समाज कल्याण विभाग गरीब विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा प्रदान कर रहा है। अभ्युदय योजना के तहत यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई, एनडीए आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए 85 से अधिक छात्रों ने नामांकन कराया है। जरूरतमंद छात्र फ्री कोचिंग के लिए 15 जुलाई तक नामांकन करा सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह ने बताया कि सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए टीचरों का पैनल बनाया जाएगा। छात्रों को मोटीवेशन के लिए मुख्य परीक्षा या साक्षात्कार देने वाले शिक्षकों को लाया जाएगा। नीट और जेईई में भी जोर दिया जा रहा है। अगले माह से एसएससी के लिए कक्षाएं शुरू होंगी।

शताब्दी वर्ष में होंगे आयोजन

ट्रक से उतारे जाते ही गुर्राया सफेद चीता, रेड ईयर स्लाइडर टर्टल, भालू चौसिंहा, हिरण और सांभर भेजे गए बाड़ों में

हैदराबाद से आए वन्य जीवों ने बढ़ाई प्राणि उद्यान की रौनक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैदराबाद से लाए जा रहे वन्य जीव शनिवार को प्राणि उद्यान में पहुंच गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद सभी वन्य जीवों को स्वस्थ बताया। नए मेहमानों के आने से प्राणि उद्यान की रौनक बढ़ गई है।

कानपुर प्राणि उद्यान शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी कड़ी में नेहरू जुलॉजिकल पार्क हैदराबाद से तीन ट्रकों में वन्य जीवों को लाया गया। ट्रक पर लंबी दूरी की यात्रा करके पहुंचे सफेद चीता को जैसे ही उतारा गया तो उसने गुर्राते हुए हरकत की। सफेद चीता के अलावा दो नर रेड ईयर स्लाइडर टर्टल, दो मादा रेड इयर्स स्लाइडर टर्टल, दो देसी भालू, चार चौसिंहा, दो पाड़ा हिरण, एक मादा सांभर यहां लाए गए हैं। यह सभी वन्य जीव चिकित्सकों की देखरेख में लंबी यात्रा के बाद सुबह 8.30 बजे कानपुर पहुंचे। कानपुर प्राणि उद्यान के चिकित्सक मोहम्मद नासिर, रेंजर नावेद इकराम एवं हेडकीपर की देखरेख में आए वन्य जीवों को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बाड़ों में ले जाया गया। 76 हेक्टेयर में फैले चिड़ियाघर में 92 प्रजातियों के पशु-पक्षी मौजूद हैं। यहां करीब 1200 जानवर हैं।

अब नए वन्य जीव भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। बरसात के मौसम में भी शनिवार को प्राणि उद्यान गुलजार नजर आया। सैर सपाटे पर आए लोग पिकनिक का मजा लेते देखे गए।

कानपुर प्राणि उद्यान पहुंचा देसी भालू। अमृत विचार

जल्दी ही बढ़ सकता अब सफेद चीते का परिवार

- प्राणि उद्यान के सूचना अधिकारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि हैदराबाद से नर सफेद चीता लाया गया है। यहां प्राणि उद्यान में दो मादा चीता हैं। वन्य जीवों की अदला-बदली के तहत अब इनमें से एक मादा चीता को हैदराबाद भेजा जाएगा। कानपुर जू में सफेद नर और मादा चीता का जोड़ा होने से इनका कुनबा बढ़ेगा। उनके मुताबिक हैदराबाद से आया लाल कान वाला स्लाइडर कछुआ और भालू दर्शकों के बीच आर्कषण का केंद्र बनेगा।

अदला-बदली के तहत यहां से भेजे जाएंगे ये वन्य जीव

- वन्य जीवों की अदला-बदली के तहत कानपुर प्राणि उद्यान से एक मादा बंगाल टाइगर, दो नर लेपर्ड, तीन चिंकारा, सात हिरण, एक सांभर हैदराबाद के जुलॉजिकल पार्क भेजा जाएगा।

> हैदराबाद के जुलॉजिकल पार्क से कानपुर प्राणि उद्यान लाए गए सभी वन्य जीव पूरी तरह से स्वस्थ हैं। प्राणि उद्यान प्रशासन एवं चिकित्सकों की देखरेख में उन्हें बाड़ों में रखा गया है।
>
> – नावेद इकराम, क्षेत्रीय वनाधिकारी, कानपुर प्राणि उद्यान

एक नजर

एक्सप्रेस-वे किनारे पड़ा मिला युवक का शव

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर यूपीडा कर्मियों व पुलिस ने गांव बहलोल पुर के सामने एक 20 वर्षीय युवक का शव बरामद किया। उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। बता दें कि यूपीडा कर्मियों व पीतमपुरा चौकी पुलिस ने शनिवार सुबह एक्सप्रेस-वे पर सड़क किनारे एक युवक को पड़ा देखा। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। किंतु इसमें सफलता नहीं मिल सकी।

युवती लापता, पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव मझिगवां सदकू निवासी राकेश ने बताया कि पांच जुलाई की शाम वह घर पर नहीं था और उसकी 18 वर्षीय बेटी अंजली घर पर थी। तभी वह बिना बताए कहीं चली गयी। उसकी काफी खोज की गई लेकिन, कुछ पता नहीं चला। शनिवार को पीड़ित पिता ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

चार दिन से गांव में अंधेरा

औरास। विकासखंड औरास के गांव पुरथ्यावां में चार दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। इसके बाद भी जिम्मेदार इसे बदलने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने डायल-1912 पर कई बार फोन कर शिकायत दर्ज कराई। लेकिन, उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

बारिश में बिलों से बाहर आ गए सांप, बढ़ा सर्पदंश का खतरा

समुचित इलाज न मिलने व झाड़-फूंक के चक्कर में लोग गवां रहे जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अगर आप रात में घर से निकल रहे हैं या अंधेरे में कमरे में जा रहे हैं तो सावधान रहें। क्योंकि बारिश के चलते इन दिनों सांप अपने बिलों से निकलकर बाहर आ गए हैं और इधर-उधर भटक रहे हैं। ऐसे में जिले में सर्पदंश की घटनाएं भी बढ़ रहीं हैं। यही कारण है कि जिले के सरकारी व गैर अस्पतालों में सर्पदंश के मरीजों की संख्या बढ़ गई हैं।

वैसे तो सांपों की सैकड़ों प्रजातियां होती हैं। लेकिन, इसमें से पांच प्रतिशत ही जहरीले प्रजाति के होते हैं। जानकार बताते हैं कि अपने यहां जिले में कोबरा व करैत ज्यादा जहरीले प्रजाति के सर्प हैं। इनके काटने से जान को खतरा हो सकता है। ऐसे में मरीज को सर्पदंश के तीन घंटे के भीतर इलाज मिल जाने पर उसकी जान बच जाती है। वर्तमान में बारिश शुरू होने से हर जगह जलभराव हो गया है। हर तरफ पानी भरने से बिल में रहने वाले सांप बाहर निकलने लगे हैं। बारिश शुरू होते ही वे जंगल छोड़कर गावों व घरों में आ रहे हैं। इसके चलते अचानक सर्पदंश के मामले भी बढ़े हैं। यह मरीज उन्हीं क्षेत्रों से हैं जहां जलभराव अधिक हुआ है। किसी को खेत में सांप ने काट लिया तो किसी को घर में। चिकित्सकों का कहना है कि बारिश में हर वर्ष सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। लोगों को यह ध्यान देने की जरूरत है कि झाड़फूंक के चक्कर में समय न बर्बाद कर वह जल्द से जल्द अस्पताल पहुंच जाएं। जिससे समय से उनका इलाज शुरू हो सके।

केस-1: सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बहरली गांव निवासी मैका देवी (57) को सर्पदंश के बाद परिजन अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।

केस-2: औरास थानाक्षेत्र के गांव काली खेड़ा मजरे लोधा टीकुर निवासी मुनेश्वर की आठ वर्षीय बेटी पारुल को नहाते समय सर्प ने काट लिया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

केस-3: औरास थानाक्षेत्र के दुर्गा गढ़ी गांव निवासी किसान कल्लू की खेतों में फसल रखवाली के दौरान सांप के काटने से मौत हो गई थी।

क्या बोले सीएमओ

सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश ने कहा कि वर्तमान में जिले के अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में स्नेक वेनम उपलब्ध हैं। सर्पदंश के बाद झाड़फूंक के चक्कर में न पड़ंब और जल्द मरीज को अस्पताल पहुंचाएं। सभी डाक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि सर्पदंश का कोई मरीज आए तो तत्काल वैक्सीन लगाकर उसकी हालत के अनुसार ही इलाज करें।

सर्प दंश के लक्षण

- आंखें बंद होने लगती हैं। शरीर के जोड़ों में ऐंठन व तेज दर्द होता है।
- सांप के डसने वाले स्थान पर तेजी से सूजन आने लगती है।
- सांप काटने वाले स्थान पर त्रिभुज जैसा निशान बन जाता है।
- जिसे सांप ने काटा है उसे उल्टी शुरू हो जाती है।

यह बिल्कुल न करें

- जहर का फैलाव रोकने के लिए दंश स्थल के ऊपर रुमाल या रस्सी बांध दें।
- सांप के काटने के बाद दौड़-भाग न करें। खून का प्रवाह बढ़ने पर जहर तेजी से फैलता है।
- सर्प दंश की जगह को काटें नहीं। इससे इंफेक्शन व अधिक रक्तस्राव हो सकता है।
- बंध को अधिक कस कर न बांधे। इससे गैंगरीन होने का खतरा रहता है।

सो रहे किशोर को जहरीले कीड़े ने काटा, हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बारासगवर थानाक्षेत्र के निधानखेड़ा का मामला
- अस्पताल ले जाते समय थम गईं सांसें

अमृत विचार। बारासगवर थानाक्षेत्र के निधान खेड़ा गांव निवासी एक किशोर को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

बारासगवर क्षेत्र के गांव बिभौरा चंदनपुर के मजरा निधान खेड़ा निवासी अशोक गौतम का 13 वर्षीय बेटा भोले शुक्रवार रात खाना खाकर कमरे में सो रहा था। देररात करीब एक बजे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। बेटे की चीख सुन मां नीलम देवी दौड़ी तो उसे कमरे में एक सांप दिखाई दिया। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। इसी दौरान भोले की हालत बिगड़ने लगी।

जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने सांप के डसने की बात कही। वहीं मां ने भी बताया कि सांप कमरे में नजर आया था। बच्चे की हालात बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत ही जिला अस्पताल लाए। लेकिन, उसकी हालत गंभीर होने पर स्थानीय चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत ही उसे कानपुर के हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन, रास्ते में ही युवक की मौत हो गई।

महिला व युवक को जहरीले कीड़े ने काटा

बांगरमऊ उन्नाव। क्षेत्र के दो अलग-अलग गावों में जहरीले कीड़े के काटने से एक युवक व एक महिला की हालत बिगड़ गई। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंसी निवासी मंगली की 35 वर्षीय पत्नी सुषमा शनिवार सुबह घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी उसके हाथ की अंगुली में जहरीले कीड़े ने काट लिया। युवती के शोर मचाने पर परिजन दौड़े और कीड़े को मार डाला। परिजन आनन-फानन मृत सर्प सहित महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव हरदासपुर निवासी शनी (25) पुत्र चांद आलम को बीती शुक्रवार देररात जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन उसे सरकारी अस्पताल लाए। जहां से चिकित्सकों ने युवक को भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कजरी लोक गीत व नृत्य आयोजित कर बढ़ाई जागरूकता

नवाबगंज। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जीवन मार्ग फेलोसिप सोसायटी द्वारा नवाबगंज में कजरी लोक गीत व नृत्य का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पक्षी विहार के रेंजर विवेक सिंह व विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष डा. विनोद मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान रेंजर ने कहा कि कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के सांस्कृतिक कजरी लोक गीत व नृत्य कार्यक्रम आयोजित होने से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। डा. विनोद मिश्र ने कहा कि सिनेमा के बढ़ते युग मे कजरी लीक गीत खत्म होने की कगार पर हैं।

नृत्य करती छात्रा।

इस दौरान सांस्कृतिक टीम के सदस्यों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष अजीम फातिमा, रियाज अब्बास, वहीदा आब्दी, सैय्यद अफजल, सलमान हैदर आदि मौजूद रहे।

कल्याणी नदी में डूबे किशोर का दूसरे दिन मिला शव, परिजन हुए बेहाल

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- शुक्रवार शाम कल्याणी नदी में डूबने के बाद से हो रही थी तलाश

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सेवकी खेड़ा गांव के बाहर कल्याणी नदी में डूबे किशोर का शव वहां से दो किमी दूर शनिवार सुबह उतराता मिला। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के जमाल नगर गांव के मजरा सेवकी खेड़ा निवासी रमेश लोधी का 13 वर्षीय बेटा अजीत शुक्रवार को मवेशी चराने गांव के सामने कल्याणी नदी के पास गया था। शाम करीब चार बजे मवेशी नदी की ओर चले गए। इस पर अजीत उन्हें बाहर निकालने नदी में उतर गया। बारिश के कारण तेज बहाव होने से वह नियंत्रण नहीं कर पाया और तेज बहाव में बह गया। मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी गांव में दी। इस पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर उसकी तलाश की। एसएचओ भी फोर्स के साथ पहुंचे और परियर से तीन गोताखोरों को बुलाकर तलाश कराई। देररात करीब साढ़े 11 बजे तक उसकी तलाश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। अंधेरा होने और बिगड़ते मौसम को देख गोताखोर बाहर आ गए। शनिवार सुबह परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर फिर उसकी तलाश शुरू की तो अजीत का शव करीब दो किमी दूर उतराता मिला। शव देख मां मां रामरानी व अन्य परिजन बेहाल हो गए। दिवंगत चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसकी मौत से भाई रामजी, राहुल व विवाहित बहन रामदेवी बेहाल हैं। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अजीत।

गैंगस्टर को दो साल का कारावास

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्री नगर मोहल्ला निवासी एक युवक गैंगस्टर में निरुद्ध किया गया था। आपरेशन कनविक्शन अभियान में पुलिस की प्रभावी पैरवी व अभियोजन पक्ष की दलील के चलते कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा के साथ 10 हजार जुर्माना भी लगाया है। गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने श्रीनगर के रहने वाले ललित बाजपेयी उर्फ राहुल पर वर्ष-2022 में गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसका मामला कोर्ट में चल रहा था, शनिवार को मामले की अंतिम सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की दलील के चलते गैंगस्टर कोर्ट ने आरोपित पर दोष सिद्ध हुआ। कोर्ट ने दो साल की सजा के साथ 10 हजार जुर्माना भी लगाया है।

धूमधाम से निकली शोभायात्रा, जमकर झूमे भक्त

संवाददाता गंजमुरादाबाद, उन्नाव

अमृत विचार। नगर स्थित गंभीरगिरी मंदिर में आयोजित मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शनिवार को श्रद्धालुओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए तय स्थान पर समाप्त हुई। इसमें सैकड़ों भक्तों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया।

बता दें कि गंभीरगिरि मंदिर में शिव परिवार, राम दरबार व राधाकृष्ण की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के लिये बीती 3 जुलाई से कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। शनिवार को महाभिषेक के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में वाद्ययंत्रों की धुन पर सैकड़ों महिला व पुरुष भक्त नृत्य करते चल रहे थे। यात्रा मंदिर से शुरू होकर खत्रियाना, आनंदी टोला, बड़ी बाजार, सदर बाजार व कछियाना मोहल्लों से होती हुई हरदोई उन्नाव मार्ग से होकर कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के अनुसार रविवार को पूर्णाहुति, प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भंडारा आयोजित होगा। शोभा यात्रा की सुरक्षा हेतु स्थानीय चौकी के इंचार्ज दिनेश तिवारी फोर्स के साथ तैनात रहे। यात्रा में पूर्व चेयरमैन रामनरेश कुशवाहा, गोपाल रस्तोगी, प्रसून शुक्ला, पिंकू शुक्ला, अमित गुप्ता, अंकित सैनी, राम सजीवन यादव व आचार्य हरिओम दीक्षित शामिल रहे।

शोभायात्रा में जयकारे लगा कर चलते श्रद्धालु। अमृत विचार

जिम्मेदारों ने ली सुध, बनने लगी कटी हुई सड़क

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता,परियर

- परियर से बिठूर पुल तक बनी सड़क तेज वर्षा के कारण कई जगह कट गई थी

अमृत विचार। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के गांव परियर से बिठूर पुल तक बनी सड़क तेज वर्षा के कारण कई जगह कट गई है। जिससे सड़क भी धंसना शुरू हो गई थी। जिसकी खबर शनिवार के अंक में अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर छपने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों ने इसे संज्ञान लिया और कटान की जगह मिट्टी व गिट्टी डालकर कटान रोकना शुरू कर दिया। बता दें कि उन्नाव से कानपुर नगर को जोड़ने वाली परियर से बिठूर गंगा पुल तक दो किमी लंबी सड़क 28 जगह से अधिक वर्षा के कारण किनारे से कट गई है। जिससे सड़क भी धंस गई है। इससे सड़क किनारों पर गड्ढे हो रहे थे।

सड़क की कटान रोकने को डाली गई मिट्टी व गिट्टी।

फंदे से लटका मिला युवती का शव

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी युवती अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। परिजन उसका शव लटका देख बिलख उठे। जांच के बाद शव उतरवाकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मदनापुर गांव के रामबाबू की 18 वर्षीय बेटी कामिनी शनिवार को घर में अकेली थी। परिवार के सदस्य खेत में धान की बेड़ की खुदाई करने गए थे। तभी कामिनी ने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। किसी काम से पहुंचे पड़ोसी ने इसकी सूचना परिजनों को दी। घर पहुंचे परिजन बेटी को लटका देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी मौत से भाई सरवन, करन, प्रांशु, रंजीत, बड़ी बहन कल्पना व मां चंदाकली बेहाल हैं।

भटपुरा में फिर हुआ मिट्टी का अवैध खनन, कार्रवाई शून्य

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

- लोग जिम्मेदारों की कार्यशैली को बता रहे संदिग्ध

अमृत विचार। सोहरामऊ थानांतर्गत गांव भटपुरा में 15173 घन मीटर खनन की परमिशन दी गई थी। कुछ दिन पूर्व खनन माफियाओं द्वारा अलग-अलग गाटा संख्या में जमकर मिट्टी का अवैध खनन किया गया था। मामले को जिम्मेदारों द्वारा मामूली जुर्माना लगाकर निपटा दिया गया था। गुरुवार को खनन कर्ताओ द्वारा फिर से अवैध खनन किया गया। लोगों का आरोप है कि अफसरों द्वारा उन्हें कार्रवाई से बचाया जा रहा है।

बता दें कि तहसील हसनगंज के गांव भटपुरा में एक कंपनी द्वारा गांव के दो गाटा संख्या-525 व 491 पर खनन किया जा रहा है। पूर्व में कंपनी द्वारा 915 घन मीटर अवैध खनन में अधिकारियों द्वारा निरस्तीकरण की बात कहते हुए मामूली जुर्माना जमा करवाकर निपटा दिया गया था। गुरुवार को कंपनी द्वारा फिर से अवैध खनन किया गया।

कंपनी द्वारा गाटा संख्या-491 में अवैध खनन किया गया। यह नंबर चकरोड से सटा है। परमीशन में चकरोड के मध्य से 10 मीटर छोड़कर मिट्टी खोदी जानी थी। लेखपाल के अनुसार कंपनी द्वारा अवैध तरीके से खोदकर इसे 7 मीटर ही रखा गया है। बीते दिनों अमृत विचार में छपी खबर का संज्ञान लेकर डीएम ने जांच के लिए विभागकीय अधिकारी को भेजा था। ग्रामीणों में चर्चा है कि संबंधित अधिकारी जानबूझ कर कार्रवाई नहीं करते हैं और वह खनन माफियाओं को बचा रहे हैं।

बोले जिम्मेदार..

इसे लेकर खान अधिकारी केबी सिंह ने कहा कि कल ज्वाइंट टीम जांच करने गई थी। लेकिन हमें अभी इसकी आख्या नहीं मिली है। अगर अवैध खनन जैसी कोई बात सामने आती है तो निश्चित तौर पर फाइल को निरस्त किया जाएगा।

करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। टुल्लू पंप लगे हैंडपाइप से पानी भर रही महिला उसमें आ रहे करंट की चपेट में आ गई। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

औरास थानाक्षेत्र के सैदापुर गांव निवासी रामभजन की 40 वर्षीय पत्नी शनिवार सुबह घर में टुल्लू पंप लगे घरेलू हैंडपाइप का हत्था पकड़कर कपड़े धोने के लिये पानी भर रही थी। तभी नल के हत्थे में अचानक तेज करंट उतर आया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गयी और उसकी मौके पर मौत हो गई। उसे मृत पड़ा देख परिजनों में कोहराम मच गया। उसके दो बेटी विवाहित और एक बेटा अविवाहित है। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए गांव में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

करंट की चपेट में आकर अधेड़ झुलसा

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव शीतल गंज निवासी सोनेलाल पुत्र केशव ने अपने घर में कपड़े सुखाने के लिए लोहे का तार बांध रखा है। तार में बल्व भी लटका था। शनिवार सुबह 5 बजे सोनेलाल (55) ने पालतू पशुओं का गोबर लोहे के तसले में भरकर अपने सिर पर रख लिया और गोबर डालने घर के बाहर जाने लगा। तभी उसके सिर पर रखा तसला तार में छू गया और वह करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा।

राजनीति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बने सहकारिता मंत्री

राहुल की दादी ने घोंटा था लोकतंत्र का गला : जेपीएस राठौर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- एक गेस्ट हाउस में हुआ कार्यक्रम, भाजपा पदाधिकारियों ने मंत्री को भेंट किया प्रतीक चिह्न

अमृत विचार। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मालूम होना चाहिए कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने पीएम रहते हुए संविधान को दरकिनार करते हुए लोकतंत्र का गला घोंटा था। उन्होंने न सिर्फ राजनीतिक लोगों, बल्कि आम आदमी व चौथे स्तंभ के अधिकारों का जबर्दस्त हनन किया था। इमर्जेंसी के बाद जनसंघ के विलय से यूपी की सभी लोकसभा सीटों से कांग्रेस का सफाया हो गया था। वर्ष 2014 से पहले तक केंद्र में रिमोट संचालित सरकार देश को चला रही थी।

यह बात शनिवार को शहर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कही। उन्होंने जनसंघ के संस्थापक डा. मुखर्जी को भाजपा का वैचारिक आधार बताते हुए कहा जम्मू एंड कश्मीर से धारा-370 समाप्त करान उनका ध्येय था। देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान की मांग पर अडिग रहकर उन्होंने अपने जीवन को बलिदान कर दिया। उन्होंने पं. दीन दयाल उपाध्याय सहित जीवन पर्यंत देशहित में संघर्ष किया। इन महापुरुषों के बताए रास्ते पर चल कर ही भाजपा दो सांसदों से शुरुआत कर मौजूदा मुकाम तक पहुंच सकी है। कहा कि कश्मीर मुद्दे पर लड़ाई लड़ते हुए उनका संदेहास्पद परिस्थितियों में निधन हो गया था। आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ रही कांग्रेस ने उनकी मृत्यु के कारणों को सावर्जनिक नहीं होने दिया। तमाम राष्ट्रवादियों ने लोकतंत्र की लड़ाई लड़ते हुए जीवन बलिदान किया है। आपातकाल लागू कर लोगों को जेलों में डाला दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार व सदर विधायक पंकज गुप्ता सहित अन्य भाजपा नेताओं ने मुख्य अतिथि का माल्यापर्ण करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक श्रीकांत कटियार, बंबालाल दिवाकर, बृजेश रावत, अनिल सिंह, आशुतोष शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, प्रभान शंकर दीक्षित, गंगा प्रसाद वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र वर्मा, कार्यक्रम संयोजक आशीष वाजपेयी, सह संयोजक कृष्ण कुमार वर्मा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण कुमार मिश्रा भानू व ब्लाक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को प्रतीक चिह्न भेंट करते भाजपा नेता। अमृत विचार

जानकारी देते समिति के सदस्य। अमृत विचार

बलखंडेश्वर मंदिर में लगेगा सबमर्सिबल पंप

संवाददाता उन्नाव,परियर

अमृत विचार। स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर मंदिर में बीते तीन माह से पेयजल आपूर्ति ठप है। जिससे श्रद्धालुओं को पीने के पानी की समस्या हो रही है। मंदिर परिसर में लगे हैंडपंप से खारा पानी आता है। पीने के पानी की समस्या को देख बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने चंदा लेकर सबमर्सिबल व आरओ लगवाकर पीने के पानी की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालु व आसपास के घरों के लोगों को पीने का पानी मिल सके। इस दौरान रविशंकर मिश्रा, हरि नारायण पांडे, शंकर स्वरूप अवस्थी, देवीप्रसाद, अयोध्या, भोला निषाद, बंशी पाल आदि मौजूद थे।

सात बार प्रधान रहे शंकरलाल का दिल का दौरा पड़ने से निधन

औरास। सात बार ग्राम प्रधान रहे औरास थानाक्षेत्र के गांव शिवाला के मजरा बछौली निवासी वर्तमान प्रधान शंकर लाल पुत्र भोला यादव को शुक्रवार देररात दिल का दौरा पड़ गया। परिजन आनन-फानन उन्हें लखनऊ के लोकबंधु हॉस्पिटल ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह अब तक सात बार प्रधान निर्वाचित हुये थे जिसमें सन-1988 से 2010 तक वे प्रधान रहे। इसके बाद सन-2010 से 2015 तक क्षेत्र पंचायत सदस्य रहे। वहीं, सन-2015 से अब तक ग्राम प्रधान रहे। उनके तीन विवाहित बेटियां हैं। शनिवार अंतिम संस्कार हुआ।

शंकर लाल।

सड़क हादसों में लोडर और बाइक चालक की मौत, तीन युवक घायल

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे और लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर वाहन की टक्कर से पशु लादकर जा रहे लोडर चालक की मौत हो गई। वहीं, अजगैन कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बाइक डिवाइडर से टकराने से घायल युवक की मौत हो गई। एक अन्य हादसे में बिहार थानाक्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे पर ट्रक की टक्कर से कार सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें कानपुर भेजा गया।

औरास में हुए हादसे में घायल युवक।

- ट्रक में पीछे से कार टकराने से कार सवार दो लोग घायल

गंजमुरादाबाद। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव के पास शनिवार सुबह चार बजे पशुओं को लादकर जा रहे लोडर में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें लोडर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसी में फंस गया। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने उसे घायल हालत में बाहर निकालकर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस काफी प्रयास के बावजूद उसकी पहचान नहीं करा सकी। लोडर में मिले कागजों से उसकी शिनाख्त मुकेश सरोज (37) पुत्र राजनाथ निवासी बड़गांव थाना मुंगरा बादशाहपुर जिला जौनपुर के रूप में हुई।

केस 01

केस 02 अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव के मजरा शहजाद खेड़ा निवासी नरेश (35) पुत्र नन्हा मजदूरी करता था। बीती 29 जून को असोहा थानांतर्गत रजवली खेड़ा निवासी अपने भाई रामविलास के घर गया था। जहां से लौटते समय अजगैन क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जगदीशपुर गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। इसमें उसे गंभीर चोटें आई। सीएचसी से जिला अस्पताल लाने के बाद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। शुक्रवार रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आए और अजगैन पुलिस को जानकारी दी।

केस 03 बिहार थानांतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर रावतपुर गांव के पास शनिवार देररात ट्रक में तेज रफ्तार कार पीछे से घुस गई। इसमें कार के परखच्चे उड़ गए और चालक व इसमें सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने कार में फंसे युवकों को बाहर निकालकर सुमेरपुर पीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल फिर कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। कार के पंजीयन नंबर से उसके स्वामी रायबरेली के थाना डलमऊ के अंर्तगत गांव पूरे हुल्लास सिंह का पुरवा चकराई कुरौली निवासी विमलराज से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उसका फोन नहीं उठा। पुलिस घायलों के नाम व पता की जानकारी में जुटी है।

केस 04 **औरास।** बंगाल प्रांत के थाना बरीकपुर क्षेत्र निवासी 31 वर्षीय राहुल बन्धू उपाध्याय पुत्र मालियानंद बन्धू उपाध्याय लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से बाइक से आगरा से कोलकाता जा रहा था। जैसे ही वह हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के तालासरांय गांव के पास पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे यूपीडा कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखकर लखनऊ के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां परिजन उसे ले गए।

करंट की चपेट में दो युवकों की मौत

उन्नाव। औरास थानाक्षेत्र के जब्बर खेड़ा गांव निवासी रामसिंह (40) मजदूरी करता था। शनिवार को वह आसीवन थानाक्षेत्र के लोनारी खेड़ा गांव में अन्य मजदूरों के साथ ट्रक में लकड़ी लोड करने गया था। ट्रक में लकड़ी रस्सी से बांधकर चढ़ाई जा रही थी। तभी नीचे से फेंकी गई रस्सी को पकड़ने के लिए उसने हाथ उठाया तभी वह ऊपर से गुजरी विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। साथी उसे मियागंज सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। राम सिंह पांच भाइयों में छोटा था। बड़े भाई सोनेलाल, नन्हक्के, राजू, राजेश व बहन सीमा, मताना, बल्लो, सोनाश्री हैं। उसने एक साल पूर्व बिहार प्रांत की रोशनी से शादी की थी। इस समय वह गर्भवती है। इसीतरह आसीवन थानाक्षेत्र के टिकरा गांव निवासी रामलखन (40) शनिवार सुबह शौच के लिए घर से निकला था। उसके घर के सामने विद्युत पोल लगा है। जिसमें बारिश के चलते करंट उतर आया। रामलखन का हाथ पोल पर पड़ गया। करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

खोदकर छोड़ दीं सड़कें, हो रहे हादसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले की 1040 ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति के लिए 5420.6 करोड़ खर्च कर जल जीवन मिशन योजना जिले में एक वर्ष पहले शुरू हुई थी। जिसमें 6 लाख 11 हजार से अधिक घरों में नल लगाने का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से चल रहा है।

जिसे लेकर सड़कों की खोदाई कर अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने के बाद कार्यदायी संस्था के ठेकेदारों ने गड्ढों को खुला छोड़ दिया है। जो बारिश में हादसों का कारण बन रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर जिम्मेदार मौन हैं। इससे पानी तो ग्रामीणों को नहीं मिला लेकिन, उन्हें मुसीबत झेलनी पड़ रही है। हालांकि, जल निगम अफसरों का दावा है कि मरम्मत की जा रही है। बता दे कि जिले में 16 ब्लॉक हैं। सभी ब्लॉक की 1040 ग्राम पंचायतों में जलनिगम का काम चल रहा है। इसमें कहीं तो पानी की आपूर्ति शुरू होने की उम्मीद है लेकिन, ज्यादातर गांवों में आपूर्ति शुरू होने की बात तो दूर वहां ओवरहेड टैंक तक नहीं बन सके हैं। अब यह कब टैंक बनेंगे और कब आपूर्ति मिलेगी यह अभी दूर की बात है। अब बारिश के मौसम में यह खोदी गई सड़कें ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई हैं। क्योंकि बारिश के चलते कीचड़ तो हो ही रहा है साथ ही गड्ढे पानी से बड़े हो रहे हैं। जिससे बाइक सवार व पैदल चलने वाले लोग गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। साथ ही कार व अन्य वाहनों के पहिये कीचड़ व खोदे गये गड्ढों में फंस रहे हैं। स्थिति यह है कि लोग घर से निकलने में डर रहे हैं। कई जगह पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को सिर्फ मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। इससे भी हादसे बढ़ रहे हैं। जिले में कई गांव ऐसे हैं जिनमें महीनों पहले पाइपलाइन बिछाई जा चुकी हैं। कुछ में हल्की मिट्टी डालकर खाना पूर्ति कर ली गई है। इनमें पुरवा ब्लॉक के भुलेमऊ, छूलेमऊ, डेला, नवाबगंज ब्लॉक के कुसुम्भी, पाली, आमरेथा, कुंजपुर, मकूर, मदूखेड़ा, बिछिया ब्लॉक के सकरन, कुईथर, पड़री कला, सरांय कटियान, बदलीखेड़ा, गजाखेड़ा व बाबा खेड़ा गांव में भी सड़कों को पाइप लाइन डालने के बाद सही नहीं किया गया।

खोदी गई सड़क में फंसी कार। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार

जहां काम पूरा हो गया है वहां सड़क की मरम्मत कराई जा रही है। जो सड़क मरम्मत से बाकी हैं उनकी भी मरम्मत करा दी जाएगी। अगर कहीं से शिकायत आती है तो उसे भी दिखवाया जायेगा।

-अजीत कुमार सिंह, एक्सईएन जलनिगम-उन्नाव ग्रामीण क्षेत्र

आज निकलेगी जगन्नाथ प्रभु की रथयात्रा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा रविवार को दोपहर दो बजे नेहरु नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकलेगी। इसके लिये भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला मौजूद रहेगा। वहीं पालिका की लापरवाही के चलते तय यात्रा रूट में जगह जगह सड़क पर गड्ढे और तार झूल रहे हैं। जिससे यात्रा में अवरोध आयेगा। वहीं पदाधिकारियों ने शनिवार को यात्रा को लेकर बैठक की।

रविवार दोपहर दो बजे रथ यात्रा गाजे बाजे के साथ निकलेगी। यात्रा में इस बार नौ रथों पर झांकियां सजाई जायेंगी। प्रमुख रथ में भगवान विराजमान रहेंगे। जगह जगह शर्बत वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। जहां भक्त गण यात्रा में शामिल लोगों को शर्बत पिलायेंगे। समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि श्री मद भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा मां बालेश्वरी स्मृति भवन नेहरू नगर से शुरू होगी। यात्रा अम्बिका प्रसाद स्कूल के सामने से घूमकर राजधानी मार्ग थाने के सामने से पोनी रोड में लकी साड़ी सेन्टर से शशि विला गेस्ट हाउस होते हुये प्रेम नगर, शक्ति नगर, सीताराम कालोनी से नवीन पुल होते हुये गंगाघाट थाने के सामने से वापस होकर सब्जी मंडी में कमल ज्वैलर्स की दुकान पर समाप्त होगी। भगवान जगन्नाथ जी के रथ पर बैठकर अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला, महामंत्री अंजनी अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष कमल वर्मा, पदाधिकारी अरुण शुक्ला प्रसाद वितरण करेंगे। वहीं रथ यात्रा में सीओ सिटी, इंस्पेक्टर, दरोगा, महिला दरोगा, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, एक यातायात पुलिस, एक टियर गैस, एक फायर बिग्रेड, मौजूद रहेगी। वहीं पोनी रोड पर जगह जगह मार्ग क्षतिग्रस्त हैं कहीं कहीं गहरे गड्ढे हैं।

बैठक में जानकारी देते समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

गंगा में कूदा युवक गोताखोरों ने बचाया

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी एक युवक कानपुर में नौकरी करता है। जहां कई सालों से काम कर रहा है लेकिन उसकी पगार नहीं बढ़ी। इस पर शनिवार दोपहर उसने नवीन पुल से गंगा में आत्महत्या करने के लिये छलांग लगा दी। हालांकि उसे बचा लिया गया।

नेहरू नगर निवासी एक युवक कानपुर कपड़ा बाजार में काम करता है। शनिवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह नवीन गंगा पुल पर पहुंचा, जहां पुल के फुटपॉथ पर कुछ देर टहलने के बाद रेलिंग पर चढ़कर गंगा में छलांग लगा दी। जिस पर पुल से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाया। शोर सुन तट पर मौजूद गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगाई और उसे किसी तरह सकुशल बाहर निकाला।

गांधी नगर में साफ सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

गांधी नगर में चला सफाई अभियान, चमक उठे रास्ते

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शनिवार को पालिका प्रशासन के निर्देश पर सफाई कर्मियों की फौज गांधी नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ सफाई कराई गई। बारिश होने के कारण आस पास जलभराव न हो, इसके लिये लोगों को जागरूक किया गया।

शासन के निर्देश पर जुलाई माह में संचारी नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये शनिवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देखरेख में सफाई कर्मियों ने वार्ड नंबर 6 गांधी नगर में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया।

सार-संक्षेप

आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुरवा उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तोपखाना मोहल्ला में पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने वाले पति की तलाश में पुलिस टीमों ने कई स्थानों में दबिश दी। लेकिन, अभी तक उसका सुराग नहीं लग सका है। पुलिस कुछ रिश्तेदारों को पूछताछ के लिए कोतवाली भी लाई। लेकिन अभी उसके हाथ खाली हैं। बता दें कि पुरवा नगर के मोहल्ला तोपखाना निवासी हिना (32) पति आसिफ से अलग मायके से 100 मीटर दूर अपने बच्चों बेटी शिफा (7) व बेटा अकिब (3) के साथ रहती थी। पति मुंबई में काम करता है और उसका परिवार भी वहीं रहता है। बच्चों से मिलने के बहाने बीती चार जुलाई को पति मुंबई से हिना के पास पहुंचा और बच्चों से मिलने की गुजारिश कर देररात तक रुका रहा। इसके बाद वह पत्नी के पास पहुंचा तो दोनों में कहासुनी हो गई। इसके बाद वह पत्नी को पीटने लगा। इस पर बच्चे जाग गए तो उसने उन्हें कमरे बंद कर दिया और हिना का दुपट्टे से गला घोंटकर भाग निकला। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार देररात मायके वालों ने दलीगढ़ी कब्रिस्तान में उसका शव दफन किया। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आसिफ की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। उसके बहनोई को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गया है।

ताला तोड़कर सामान बेचने पर जेठ के खिलाफ रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के चंपापुरवा मोहल्ले में रहने वाली एक महिला के घर का उसके जेठ ने ताला तोड़ दिया और घर में रखे जेवर व अन्य सामान बेच दिये। चंपापुरवा निवासी कल्पना पांडेय ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह घर पर नहीं थी, तभी जेठ सतीश ने उसके कमरे का ताला तोड़ डाला। जेवर समेत तमाम सारा कीमती सामान चुरा ले गये। वापस आने पर जानकारी कि तो जेठ ने कहा कि सामान बेच दिया है। विरोध करने पर धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

घर से निकला किशोर लापता

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी एक किशोर घर से बिना बताये कहीं चला गया। कंचन नगर निवासी विक्रम गुप्ता ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा अंश गुप्ता शुक्रवार घर से कहीं चला गया था। शाम को वापस न आने पर उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसकी कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की है।

ऋषि आश्रम में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

मंदिर में हुआ सुंदरकांड, बांटा प्रसाद

शुक्लागंज उन्नाव। श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिन पर शनिवार को नगर के नारदानंद ऋषि आश्रम बागेश्वर धाम सरकार मित्र मंडल शुक्लागंज उन्नाव कानपुर की ओर से पीठाधीश्वर का जन्मदिन मनाया गया। जहां सुंदरकांड पाठ के साथ ही प्रसाद बांटा गया। बागेश्वर धाम सरकार मित्र मंडल शुक्लागंज उन्नाव कानपुर की ओर से शनिवार को ऋषि आश्रम में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का जन्मदिन मनाया गया। इस दरम्यान संगीतमयी सुंदरकांड के साथ भजन संध्या का कार्यक्रम अयोजित किया। जहां उनके अनुयायियों ने पीठाधीश्वर के दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद बांटा जायेगा। इस मौके पर प्रमोद त्रिवेदी, हरीश शुक्ला, राजेश सिंह, आदर्श तिवारी, दुर्गा तिवारी, गोरेलाल आदि मौजूद रहे।

फीडर 4 की गुल रही बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। शनिवार को विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान मिश्रा कॉलोनी में दो स्थानों पर एचटी जंपर उड़ गया। जिस कारण फीडर चार की घंटों बिजली गुल रही। जिससे लोगो को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं बारिश के कारण अन्य मोहल्लों में हुये फाल्टों से भी बिजली गुल रही। शनिवार सुबह मिश्रा कालोनी में मछली गेट और गांधी चौक के पास एचटी लाइन का जंपर उड़ गया। जिस कारण फीडर चार की बिजली गुल हो गई और पश्चिमी क्षेत्र में बिजली न आने पर क्षेत्रीय लोगों ने विभाग को जानकारी दी। जिसके बाद पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिसके बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। इस दौरान दोपहर दो बजे के मिश्रा कालोनी, चंपापुरवा, गोताखोर, राजीव नगर खंती, मनसुख खेड़ा, गगनीखेड़ा, सरैयां समेत कई मोहल्लों की बिजली गुल रही। वहीं चंपापुरवा के मनसुख खेड़ा में ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण कई घरों की बिजली गुल रही। जिससे गर्मी और उसम में लोग परेशान रहे।

रुपये हड़पने का आरोप

औरास। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सैंता गांव निवासी मिनहाज पुत्र रज्जाक ने औरास थाने में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि दो वर्ष पूर्व औरास थानांतर्गत सरांय बद्री गांव निवासी चंद्र पाल पुत्र राम सेवक जो तेलंगाना में उसके गमले बनाने के कारखाने में काम करता था। उसकी समय उसने उससे 1.15 लाख रुपए उधार लिये थे। तब से वह न उसका फोन उठाता है और न ही रुपए दे रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

झमाझम बारिश ने दी गर्मी से राहत

शुक्लागंज। शुक्रवार देर रात से लेकर शनिवार शाम के बीच कई बार हुई रूक-रूक कर बारिश के कारण गर्मी से लोगों को निजात मिली। वहीं झमाझम बारिश होने के कारण निचले इलाकों के मोहल्ले जलमग्न हो गये। जल निकासी न होने के कारण घरों के अंदर पानी घुस गया। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ग्रामीण इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। फोरलेन का नाला ऊंचा बना होने के कारण पॉस इलाकों की गलियां उफनाई। जुलाई माह में कई बार झमाझम बारिश हुई है। जिससे गर्मी से लोगों को निजात मिली है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत दौलतपुर गांव के बाहर निकले उन्नाव-प्रयाग रेलमार्ग पर खेत से लौट रहा युवक ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। पीछे से आई प्रयाग पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी सूचना दी।

दौलतपुर गांव निवासी धरमू (36) पुत्र भिखारी लाल ने अपने खेत में मक्का की फसल बोई थी। वह शुक्रवार रात खेत से काम निपटाकर लौट रहा था तभी उन्नाव-प्रयाग रेलमार्ग पर ट्रैक पार करते समय वह प्रयाग से उन्नाव जा रही प्रयाग-कानपुर इंटरसिटी एक्स्प्रेस की चपेट में आ गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। पीछे से आई प्रयाग पैसेंजर के लोको पायलट ने ट्रैक पर शव पड़ा देख इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। ट्रेन रुकने और पुलिस के पहुंचने पर वहां ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होंने उसे पहचान कर परिजनों को इसकी जानकारी दी।

धरमू।

- खेत से लौटते समय प्रयाग इंटरसिटी की चपेट में आया

रोडवेज ने कार में मारी टक्कर, दर्ज हुई एफआईआर

बिछिया। हमीरपुर डिपो की बस कानपुर से देवरिया जा रही थी। तभी देररात 1 बजे लखनऊ -कानपुर हाईवे स्थित दही थानाक्षेत्र के पुरवा मोड़ पर आगे चल रही कार में टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार चला रहे राजवीर पुत्र सूरज देव सिंह निवासी गांव सोकरा थाना चैनपुर जिला झारखंड बाल-बाल बच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार व बस को किनारे करवाकर यातायात सामान्य कराया। एसओ दही अनुराग सिंह ने बताया कि कार चालक की तहरीर के आधार पर रोडवेज चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

यूपीएससी में रोशन की 44वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीघापुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत करनाईपुर के मजरा साढेमऊ निवासी रोशन सिंह ने अपने नाम के अनुरूप जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 44वीं रैंक प्राप्त की है। इसलिए उनका चयन सीएपीएफ ग्रुप ए में असिस्टेंट कमांडेंट पद पर हुआ है। उनके पिता कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं। साथ ही मौजूदा समय में ग्राम प्रधान का पद भी संभाल रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने अपने बेटे को बड़े भाई अशोक सिंह व चाचा दिलीप सिंह (अधिवक्ता दिल्ली उच्च न्यायालय) के यहां रहकर शिक्षा ग्रहण करने भेज दिया था, जहां इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से बीटेक व नेताजी सुभाष चंद्र बोस तकनीकी संस्थान से एमटेक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर कैंपस सलेक्शन प्राप्त कर सैमसंग कंपनी में 15 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर सेवा देनी शुरू कर दी। हालांकि जी न भरने पर निजी क्षेत्र की सेवा छोड़कर उन्होंने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी और अपने दूसरे अटेम्ट में ही सफलता प्राप्त की। वह सफलता का श्रेय देते हुए ताऊ व चाचा को प्रेरणास्त्रोत बताते हैं। हालांकि उनके पिता गांव में ही रहकर कृषि का कार्य कराते आ रहे हैं।

साथ ही पिछले पंचायत चुनाव में प्रधान निर्वाचित होकर ग्राम प्रधान के दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं। बीघापुर के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह, पूर्व प्रमुख रामचंद्र सिंह, पप्पू सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सुमेरपुर योगेश वाजपेयी, राहुल सिंह, शिक्षक नेता भगवती सिंह, संजय शुक्ला, आशुतोष सिंह, भोले सिंह, बीघापुर प्रधान संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह व प्रिंसू सिंह आदि ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दीं।

रोशन सिंह।

- करनाईपुर के मजरा साढेमऊ निवासी हैं रोशन दिल्ली में रह कर की तैयारी

सम्पूर्ण समाधान दिवस बांगरमऊ तहसील में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सुनीं फरियादें, अधिकारियों को दिए निर्देश

308 शिकायतों में से 24 का मौके पर हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर समाधान दिवस में डीएम, सीडीओ व एसपी सहित अन्य अफसरों ने जनसमस्याएं सुनीं। अफसरों ने कुछ प्रकरणों को मौके पर निस्तारित कराया, जबकि अन्य मामले विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने बांगरमऊ में 308 में 24 शिकायती पत्र मौके पर निस्तारित कराए।

बांगरमऊ तहसील सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना की मौजूदगी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। दिव्यांग संतोष कुमार ने पीएम आवास के सहन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर रास्ता अवरुद्ध करने की शिकायत की। वहीं ब्योली इस्लामाबाद निवासी लीला ने शिकायती पत्र में बताया कि पड़ोसी खेत मालिक ने चकरोड को जोतकर कब्जा कर लिया है, जिससे खेत तक ट्रैक्टर नहीं जा पा रहा है। मुड्डा के माधव शरण ने बताया कि बीडीओ बांगरमऊ ने बैंक आफ बड़ौदा में संचालित बचत खाते में 22995 रुपए स्थानांतरित करा खाता सीज करा दिया। इसलिए खाता संचालन शुरू कराया जाए। मां गार्गी देवी सेवा संस्थान ने डीएम को बताया कि फतेहपुर चौरासी ब्लाक परिसर के पास स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल की सफाई कराते हुए जीर्णोद्धार कराया जाए। डीएम ने तहसील परिसर स्थित तालाब व कर्मचारी आवासों का निरीक्षण कर यहां फल व छायादार पौधे रोपे। इस दौरान एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एसडीएम नम्रता सिंह, सीओ अरविंद कुमार, कोतवाली निरीक्षक बांगरमऊ राजकुमार, प्रभारी निरीक्षक बेहटा मुजावर फूलचंद्र, तहसीलदार राम आसरे व चिकित्साधीक्षक डा. मुकेश आदि के अलावा तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष शुक्ला, सत्यनारायण कनौजिया, मुजम्मिल अहमद, सुरभि श्रीवास्तव, अजीत द्विवेदी, योगेश लोधी, विनोद यादव, प्रतीक कटियार व आदित्य तिवारी आदि अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

पुरवा संवाददाता के अनुसार, एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह व एसडीएम उदित नारायण सेंगर की मौजूदगी आयोजित समाधान दिवस में 239 शिकायती पत्र आए। अधिकारियों ने आठ का निस्तारण मौके पर ही करा दिया। इस दौरान अधिकारियों ने शेष शिकायती पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए समय पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश सहित सौंप दिए गए। तहसीलदार साक्षी राय सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि आदि भी मौजूद रहे।

बांगरमऊ में समस्याएं सुनते जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना।

राजस्व के आए सबसे ज्यादा मामले

- **बांगरमऊ।** डीएम ने विभागाध्यक्षों सहित अधिकारियों को समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक निस्तारण कराने के निर्देश दिए। शिकायत दर्ज कराने की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 308 शिकायत व समस्याओं का पंजीकरण कराया गया। जिसमें सर्वाधिक 141 मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। इसके अलावा पुलिस से संबंधित 52, चकबंदी विभाग के 23, विकास विभाग के 23, खाद्य एवं रसद के नौ, विद्युत विभाग के आठ व 52 प्रकरण अन्य विभागों से संबंधित थे। डीएम ने राजस्व विभाग के 19, पुलिस के तीन, और खाद्य एवं रसद के दो सहित कुल 24 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

एचटी पोल में उतरा करंट, भैंस मरी, कई लोग बचे

शुक्लागंज उन्नाव। शनिवार को हुई बारिश के कारण गोताखोर मोहल्ले में लगा एचटी पोल में करंट उतर आया। इस दौरान एक भैंस वहां से गुजर रही थी, जिससे वह करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। वहीं कई लोग करंट की चपेट में आने से बचे।

चंपापुरवा निवासी हरिश्चंद्र पाल ने बताया कि उसके पास कई भैंसे हैं। शनिवार को वह भैंस चराने के लिये कटरी गया था। शाम करीब चार बजे भैंसों को लेकर घर जा रहा था, तभी गोताखोर मुख्य मार्ग पर लगे एचटी पोल में बारिश के कारण करंट उतर आया। जिस कारण उसकी एक भैंस करंट की चपेट में आकर मर गई। जिससे उसे हजारों का नुकसान हुआ है। वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि कई दिन से पोल में करंट आ रहा था। बिजली विभाग को शिकायत की लेकिन ध्यान नहीं दिया। इसकी जानकारी विभाग को दी गई।

हिन्दुत्वः समग्र दार्शनिक अनुभूति

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब।

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक कहा है। इस वक्तव्य पर अखिल भारतीय प्रतिक्रिया हो रही है। नेता प्रतिपक्ष से सदन की मर्यादा और अतिरिक्त शालीन व्यवहार की अपेक्षा रहती है,लेकिन राहुल जी ने मर्यादा तोड़ दी। वे प्रधानमंत्री को संसदीय परंपरा के अनुसार माननीय नहीं कहते। वे उन्हें 'नरेंद्र मोदी' कहते हैं। वे संभवतः यह बात भी नहीं जानते कि संसदीय व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष का पद बेहद सम्माननीय होता है। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में वह 'गवर्मेंट इन वेटिंग' कहा जाता है। कमाल है कि वे भारतीय उपमहाद्वीप के अभिजनों की विश्ववरेण्य हिन्दू संस्कृति से अपरिचित हैं। हिन्दू उन्हें हिंसक दिखाई पड़ते हैं। हिन्दू समाज व्यवस्था का मूलभूत तत्व लोककल्याण है। हिन्दू भारत की प्रकृति और संस्कृति के संवाहक हैं। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। हिन्दू जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है।

हिन्दुत्व समग्र दार्शनिक अनुभूति है,लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दू तत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, सांप्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। हिंसक हिन्दुत्व राहुल जी ने जोड़ा है। अंग्रेजी भाषांतर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है,लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। आस्तिकता हिन्दू जीवन की मूल प्रकृति है। हिन्दू होना परिपूर्ण लोकतंत्री होना है। हिन्दू सभी विचारों का आदर करते हैं।

हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विकास है। हिन्दू होना भारतीय जीवनशैली है। इस्लाम और ईसाईयत पंथ हैं। वे भारत के बाहर विकसित हुए। भारत में उनका परिचय हिन्दू धर्म से हुआ। हिन्दुओं के लिए भी इस्लाम व ईसाईयत सर्वथा नए विश्वास थे। भारतीय जनता का एक हिस्सा इस्लाम व ईसाईयत को भी धर्म कहता है,लेकिन हिन्दू धर्म ईसाईयत या इस्लामी पंथिक विश्वास जैसा नहीं है। ईसाईयत और इस्लाम में एक ईश्वर, एक देवदूत या पैगम्बर और एक पवित्र पुस्तक के प्रति विश्वास की धारणा है। हिन्दू धर्म किसी एक पवित्र पुस्तक या देवदूत से बंधा नहीं है। कुछ विद्वान भारत में सभी धर्मों में समन्वय की बातें करते हैं। वे इस्लाम और ईसाईयत को भी धर्म कहते हैं। सच यह नहीं है। पंथ, मत, मजहब और रिलीजन अनेक हैं। धर्म एक है। इसे सनातन धर्म भी कहते हैं। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं। भारत में धर्म और धार्मिक विकास की यात्रा मजेदार है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ और धर्म संहिता का विकास बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते हैं और संवाद भी। प्रश्नाकुलता और उदारता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। सबके प्रति बंधुभाव हिन्दू की प्रकृति है। ऐसा उदार हिन्दू समाज हिंसक नहीं हो सकता।

हिन्दू विचार में प्रकृति शाश्वत है। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। प्रकृति सुंदर है। आनंदरस से भरी पूरी है। यह सत्य है। शिव है। कल्याणकारी है। इसी शिव और सुंदर का संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है। यह प्रतिपल सृजनशील है। नया आता है। अरुण होता है। तरुण होता है। गृह नक्षत्र सुनिश्चित नियम में गतिशील रहते हैं। प्रकृति के गोचर प्रपंचों में हिंसा नहीं है। वैदिक पूर्वजों ने प्रकृति के संविधान को 'ऋतु' कहा है। ऋतु वैज्ञानिक अनुभूति है और हिन्दू प्रतीति है। हिन्दू दृष्टि में प्रकृति की शक्तियां उपास्य हैं। इन्द्र, अग्नि, पृथ्वी, पर्जन्य, मरुत, रूद्र आदि अनेक वैदिक देवता हैं। वरुण देवता प्राकृतिक नियमों के संरक्षक-ऋताव हैं। हिन्दू विश्वास में देवता भी नियम पालन करते हैं। मरुत वायुदेव भी नियमानुसार गतिशील ऋतजाता हैं (ऋ०3-15-11)। हिन्दू आस्तिकता में किसी भी शक्तिशाली मनुष्य या देवता को नियम पालन न करने की छूट नहीं है। ऋतु के संरक्षक शक्तिशाली वरुण को भी नहीं।

ऋग्वेद के अनुसार धरती और आकाश वरुण के नियम से धारण किए गए हैं-वरुणस्य धर्मणा (6-70-1)। ऐसे अनुभवजन्य विश्वास में हिंसा की जगह नहीं है। प्राकृतिक नियमों का धारण करना धर्म है। बताते हैं कि शक्तिशाली वरुण ने सूर्य का मार्ग निर्धारित किया है। यह है ऋतु नियम। सूर्य ने यह नियम पालन किया। यह हुआ सूर्य का धर्म। वैदिक काल के बाद ऋतु और धर्म एक ही अर्थ में कहे जाने लगे। ऋतु मार्गदर्शी है। इसके अनुसार कर्म करना धर्म है। धर्मानुसार कर्म में हिंसा नहीं। विष्णु बड़े देवता हैं। उन्होंने तीन पग चलके पूरी धरती नाप ली। ऋग्वेद के अनुसार वे धर्म धारण करते हुए तीन पग चले।

सूर्य, सविता देवता हैं। वे भी द्युलोक, अंतरिक्ष और पृथ्वी को धर्मानुसार प्रकाश से भरते हैं। (4-53-3) प्रजापति सत्यधर्मा हैं (10-121-9) सूर्य भी सत्यधर्मा हैं। प्रकृति की सभी शक्तियां ऋतुबद्ध धर्म आचरण करती हैं। इसलिए हिन्दुओं का आचरण भी नियमबद्ध होता है। सुख आनंद का आधार सत्य है। सत्य नित्य है। सत्य बोलना धर्म है। वैदिक काल से ही झूठ के लिए 'अनृत' शब्द प्रयुक्त होता रहा है। ऋतु सत्य है। अनृत झूठ है। पूर्वजों ने मानव समाज के लिए नियमों का विकास किया। देशकाल के अनुसार इसमें नया जुड़ता रहा है। काल बाह्य छूटता रहा है। इसी आचार संहिता का नाम धर्म पड़ा। हिन्दू धर्म सतत् विकासशील है। हिन्दू ईश्वर को भी मानने या न मानने के लिए स्वतंत्र हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् (2-5-11) में कहते हैं, ''धर्म सभी भूतों का मधु है। समस्त भूत इस धर्म के मधु हैं।" इसी मधु का नाम हिन्दुत्व है। हिन्दू मन स्वाभाविक ही उदार है।

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब। प्रकृति में रहते हैं। इसी के अंगभूत घटक हैं। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता भी हिन्दुत्व है। हिन्दू संपूर्ण अस्तित्व के प्रति सत्यनिष्ठ हैं। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। नचिकेता ने यम से पूछा, "जो धर्म से पृथक हैं, अधर्म से पृथक हैं, भूत भविष्य से भी पृथक हैं, कृपा कर के आप मुझे वही बताइए।" यहां दिक्काल से परे किसी अमृत तत्व की जिज्ञासा है। हिन्दू दिक्काल से परे भी सोचते रहे हैं। धर्म राष्ट्रजीवन की आचार संहिता है। इस आचार संहिता का विकास हजारों वर्ष की साधना से हुआ है। नचिकेता धर्म अधर्म और देशकाल-भूत भविष्य से परे सम्पूर्ण सत्य का जिज्ञासु है।

हिन्दुओं ने वैदिक काल में ही सभा और समितियों का विकास कर लिया था। सभा में मधुर बोलना उच्चतर जीवन मूल्य है। सभा के योग्य लोग सभ्य कहे जाते थे। लोकसभा पवित्र सदन है। कार्यवाही के नियम हैं। अध्यक्षीय आसन का सम्मान सभी सदस्यों का कर्तव्य है। इसी पवित्र सदन में प्रधानमंत्री को नमस्कार करते लोकसभा अध्यक्ष के झुकने की व्याख्या की गई। इस व्याख्या ने भारत का मन आहत किया है। वरिष्ठों का सम्मान हिन्दू संस्कृति का महत्वपूर्ण अंश है। ऋग्वेद में कहा गया है, "नमः ऋषभ्या, पूर्वेभ्यः, पूर्वजेभ्यः, पथिकृभ्यः-ऋषियों को नमस्कार, हमसे पूर्व जन्मे लोगों को नमस्कार, पूर्वजों को नमस्कार और पथ प्रदर्शक को नमस्कार है,लेकिन पवित्र संसद में झुककर नमस्कार का मजाक बनाया गया। यह आहतकारी है।

भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा

भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई हैं वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं।

भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा में विविध शंकराचार्य, गिरी, संत, संन्यासी, तपस्वी, ऋषि, मुनि, यति, नाथ, जोगी, मंहत और भी बहुत कुछ है। मठ, मढ़ी, आश्रम भी है। अखाड़ा परिषद जहां से प्रमाणित साधु कुंभ के उपरांत निकलते हैं, ऐसी सुनियोजित व्यवस्था है फिर भी कंवल बाबा, चटनी बाबा, भोले बाबा साकार हरी जैसे बाबाओं के दरबार भी हरे-भरे रहते हैं। हाथरस कांड गवाही देते हुए कह रहा है कि एक सामान्य सिपाही लाखों लोगों का भगवान बन गया। लाखों अनुयायी चरण धूल के लिए व्यग्र होते हुए अपने प्राण भी गवां देते हैं। ऐसे दरबार और लाखों अनुयायी पोल खोलते हैं। हमारी सामाजिक एवं धर्म व्यवस्था की। आज जब भारत बुलेट ट्रेन, सुपरसोनिक वायुयानों और तकनीकी प्रगति के युग का दावा ठोंक रहा है,उस देश में लाखों लोग किसी के पैरों की धूल लेकर कृतकृत्य हुए जा रहे हैं। चमत्कारी पानी संतान प्राप्ति की दिव्य औषधि बना हुआ है।

प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक, उझानी, बदायूं

भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई है वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं। इन जटिलताओं का आसन समाधान पाने के लिए अल्प शिक्षित या अशिक्षित वर्ग इन फर्जी बाबाओं के दरबार में चक्कर काटता है। अधिकांश भीड़ ग्रामीण महिलाओं की मिलेगी जो अपनी छोटी-छोटी शंकाओं के समाधान इन दरबारों में ढूंढने पहुंच जाती हैं। ये लोग बहुत छोटे से दायरे का ही जीवन देखते व समझते हैं। ज्यादा बड़ी-बड़ी जटिल पौराणिक बाते, धर्मवेत्ताओ के आख्यान प्रवचन समझने में इन्हें मुश्किल लगती है,चूंकि इनका अधिकांश समय बुद्धि आधारित कार्य पर न होकर श्रम पर आधारित होता है। ये बाबा उनके इसी अल्प ज्ञान का लाभ उठाकर आसान शब्दों में लच्छेदार बातें पेश कर देते हैं,उन्ही के जीवन के उदाहरणों को सुनाकर लोकप्रियता हासिल कर लेते हैं। समस्या ये है कि भारत जैसे देश में असली संत, नकली साधु, कथावाचक, सरस कथावाचक, मोटिवेशनल स्पीकर,ओझा तांत्रिक, सिद्धि वाले बाबा जी, गाने वाले बाबाजी, जेल वाले बाबाजी, तेल वाले बाबा जी सबके पास उनकी सधी सधाई श्रोता पार्टी है। सब "मामेकम शरणं व्रज"(केवल मेरी शरण में आ जाओ) कहते हुए भक्त गढ़े जा रहे हैं। लाखों लोग अपना काम धाम छोड़कर इन बाबाओं का प्रताप बढ़ा रहे हैं। इससे इतना तो स्पष्ट होता है कि ये बाबागिरी एक मनोवैज्ञानिक खेल है। इस मनोवैज्ञानिक खेल का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ, प्रभाव राजनीति पर भी है।

भारत का आदमी इतना खाली हो चुका है कि अपने जीवन की समस्या स्वयं न सुलझाकर, कहीं भी उलझने को तैयार हो जाता है। तुलसीदास जी तो कह ही गए थे "पंडित सोई जो गाल बाजवा।" और ये सारे बाबा काबा, तरह-तरह के वाचक अपने विचार को इनके माध्यम से विचारधारा बनाने की महत्वाकांक्षा हासिल कर लेते हैं। भारत जैसे देश में सामाजिक जागरूकता की दिशा में बड़े प्रयास चाहिए। धर्म के नाम पर होती सांस्कृतिक होड़, आर्थिक प्रदर्शन की होड़ रोकनी होगी। जिस किसी के अधिक फॉलोअर हैं ऐसे व्यक्ति कभी भी समाज के लिए "हर्ड पॉइजनिंग" (भीड़ के कानों में जहर घोलने) जैसे कार्य कर सकते हैं। इन पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है।

बिहार के इंजीनियरों से श्रेष्ठ निर्माता त्रेतायुग के वानर थे

अरविन्द त्रिपाठी
कानपुर

रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था, बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था।

पुल पर चलकर-पुल पार होते हैं, न कि नदी। 'सुशासन बाबू' के राज में विगत पंद्रह दिनों के अंतराल में समय और दूरी को पार करने के लिए बने बिहार की विभिन्न नदियों के ग्यारह पुल ढह गए। यह चौंका देने वाली ऐसी घटनाओं का विस्फोटक सिलसिला है,जिसने न केवल राज्य और वहां की सरकार, प्रशासन के साथ-साथ पूरे लोक निर्माण विभाग और तकनीकी व्यवस्था को हिला दिया,बल्कि मानवीय भावना को भी गहराई से झकझोर दिया। इससे विश्व में बिहार की इंजीनियरिंग और मेधा पर गंभीर सवाल उठे हैं।

राजनीतिक हलकों में ऐसा ध्वनित होता रहता है कि वर्तमान केन्द्रीय सरकार राम राज्य के उच्चादर्शों को प्रतिमान मानते हुए कार्य कर रही है। बिहार की सरकार उसी राम राज्य का मजबूत हिस्सा है। त्रेतायुगीन कथाओं के इतिहास में अंकित रामायण के महाकाव्य में भी एक भव्य पुल मौजूद है। भगवान राम की सेना के दो वानर बंधुओं नल और नील के मार्गदर्शन में वानर सेना द्वारा निर्मित पुल ने भारत और श्रीलंका की भूमि को जोड़ा, जिससे विशाल समुद्र को पार करके राक्षसराज रावण की लंका के द्वीप साम्राज्य तक पहुंचा जा सका। न केवल चट्टानों और गारे से,बल्कि भक्ति की इच्छा और विश्वास की शक्ति से बनाया गया यह पुल आज भी उद्देश्य और आस्था के मिलन का प्रतीक माना जाता है।

बिहार के हृदय में पुलों की एक गहरी कहानी है, जहां मिथकों की प्राचीन प्रतिध्वनियां और आधुनिक समय की वास्तविकताएं आपस में टकराती हैं। इस कहानी का रिश्ता बिहार से यूं कायम होता है कि बिहार की बेटी जगदंबा सीता के लिए हजारों साल पहले एक पुल बनाया गया था। राक्षसराज रावण ने उनका पंचवटी से अपहरण कर लिया और लंका ले गया,जिसके बाद उनके स्वामी भगवान श्रीराम ने उन्हें बचाने के लिए अदम्य धैर्य और साहस के साथ वीरतापूर्ण अभियान शुरू किया। शक्तिशाली हनुमान के नेतृत्व में वानर सेना ने राम के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और न्याय के प्रति अपनी भक्ति से प्रेरित होकर विशाल महासागर पर पुल बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह पुल हजारों साल बाद भी मिथ और विज्ञान के बीच आज भी देखा जा सकता है, जिसके अस्तित्व पर समय-समय पर सवाल खड़े किए गए।

अब इसकी तुलना आधुनिक बिहार के पुलों से करें,जहां इंजीनियरिंग बुनियादी ढांचे और स्थिरता की चुनौतियों का सामना करती है। आवागमन और प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन के बाद बने ग्यारह पुल अब टूट और बिखर गए हैं। इन्हें बनाने के लिए टेंडर जारी करने से लेकर तमाम विशेषज्ञ समितियों की ओर से चरणवार जांचा-परखा और मंजूर किया गया,लेकिन तकनीकी विफलताओं और पर्यावरणीय तनावों में निहित होने के बावजूद, इन पुलों के ढहने के कारण मानवीय प्रयास और नश्वर सरलता की सीमाओं की गहरी कहानी को प्रतिध्वनित करते हैं।

रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था,बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था। माता सीता और प्रभु राम के प्रति अपने प्रेम और निष्ठा से प्रेरित वानर सेना ने इस चमत्कार को बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। उनके प्रयासों को एक ही उद्देश्य ने प्रेरित कियाः एकजुट होना और बचाव करना, विशाल महासागर द्वारा उत्पन्न दुर्जेय चुनौती को पार करना।

इसके विपरीत बिहार के पुल अपनी इंजीनियरिंग क्षमता के बावजूद अपने डिजाइन से परे की ताकतों के सामने झुक गए। भूविज्ञान, जलवायु और शायद अपेक्षाओं (इसे भ्रष्टाचार भी पढ़ सकते हैं) के बोझ की जटिलताएं उन पर भारी पड़ीं। फिर भी इन पुलों का जन्म भी उद्देश्य से हुआ था-समुदायों को जोड़ना, व्यापार को सुविधाजनक बनाना, जीवन को ऊपर उठाना। तो फिर रामायण के पुल को आज के बिहार के पुलों से क्या अलग करता है? यह केवल इस्तेमाल की गई सामग्री या इस्तेमाल की गई तकनीक नहीं है,बल्कि इरादे का सार और भावना की गहराई है। सेतुबंध का पुल अटूट विश्वास और धार्मिकता की खोज की नींव पर बनाया गया था। यह इस विश्वास का प्रमाण था कि समर्पण और एकता के माध्यम से असंभव को भी जीता जा सकता है। इसके विपरीत, बिहार के पुलों को विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया था, लेकिन उन्हें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसने मानव निर्माण की नाजुकता को उजागर किया। वे हमें याद दिलाते हैं कि प्रगति और नवाचार के बीच, एक विनम्र सत्य छिपा है प्रकृति की दुर्जेय शक्तियों के सामने हमारी रचनाओं की नश्वरता।

बिहार इन पुलों के ढहने के बाद के हालात से जूझ रहा है। यह न केवल इंजीनियरिंग की कमियों पर,बल्कि इतिहास और मिथक के स्थायी सबक पर भी विचार करने का समय है। रामायण का पुल एक कालातीत प्रकाश स्तंभ की तरह खड़ा है,जो हमें याद दिलाता है कि सच्ची महानता केवल निर्माण के कार्य में नहीं है, बल्कि इसे चलाने वाले लचीलेपन और उद्देश्य की भावना में है। बिहार में ग्यारह पुलों की कहानी में हम मानवीय महत्वाकांक्षा के द्वंद्व को देखते हैं,जहां निर्माण की इच्छा का सामना अस्तित्व की कठोर वास्तविकताओं से होता है। फिर भी इस चिंतन में आशा है कि जो कुछ गिर गया है उसके खंडहरों से, हम इस बात की गहरी समझ के साथ पुनर्निर्माण कर सकते हैं कि न केवल भौतिक खाई को पाटना,बल्कि समझ और भावना के अंतराल को भी पाटना क्या होता है,जो हमें एक सभ्यता के रूप में एकजुट करते हैं।

अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन

हमारे ऋषि-मुनि पूर्वज, वैज्ञानिक, शात्र-पुराण और हमारा अनुभव सब प्रमाणिक तौर पर यह वाक्य कहते हैं- "प्रथम सुख निरोगी काया" "स्वास्थ्य एक अनमोल रत्न है", "हेल्थ इज वेल्थ" आदि। हमारा मुस्कुराता हुआ तेजमय चेहरा ही हमारे उत्तम स्वास्थ्य का दर्पण होता है। आपके चेहरे पर प्रसन्नता और खुशी सभी नजर आएगी जब आपका शरीर एक दम स्वास्थ्य और फिट होगा। हमारे इस नश्वर शरीर में यदि कहीं भी किसी भी अंग में थोड़ी सी भी परेशानी एवं पीड़ा है तो उतने से ही हम बेचैन हो जाते हैं। संसार की सारी खुशियां त्योहार, उत्सव और हर्षोल्लास उस व्यक्ति के लिए व्यर्थ व निरर्थक हैं,जिसके तन में कोई रोग लगा है। उसको कोई भी आनंद सुहाता नहीं है। उसको किसी भी आनंद में आनन्द नहीं मिल सकता और यदि आपका तन-मन स्वस्थ है तो छोटी सी खुशी में भी आप झूमने लगेंगे। आपके स्वस्थ चेहरे पर प्रसन्नता का भाव और तेज दूर से ही झलकता नजर आएगा।

जगपाल सिंह भाटी
बरेली

आज की इस मिलावटी दौर में स्वास्थ्य को स्वस्थ रखना बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण हो गया है। लाभ, लोभ, लालच और विलासिता के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चला रहा है। हर कोई अपने-अपने फायदे के लिए एक दूसरे को धोखा दे रहा है, जिसकी वजह से शुद्ध वस्तुएं मिलना असंभव सा हो गया है। यहां तक आज के समय में हवा और पानी भी जहरीले हो चले हैं। इस बेहद नाजुक दौर में निरोग स्वस्थ रहना कठिन हो गया है। बच्चा, जवान और बूढ़ा हर कोई आज दवा पर निर्भर हो गया है। मोटापा हाई ब्लड प्रेशर, शुगर कब्ज, अनिद्रा, कमजोरी, नजर कमजोर होना एवं समय से पूर्व बूढ़ा दिखना जैसे फैशन बन गया है। हम कुछ दैनिक नियमों से काफी हद तक अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। नियमित रूप से कम से कम 15 मिनट तक योग, व्यायाम, प्राणायाम या सुबह का टहलना जरूर करें।

प्रातः उठने के पश्चात सबसे पहले आंखों पर ताजे पानी से छप्पा लगाए इससे आखें स्वस्थ रहतीं हैं। सुबह खाली पेट दो गिलास गुनगुना या ताजा पानी अवश्य पिएं। नहाने से पहले और खाने के बाद पेशाब अवश्य जाएं। पानी पीकर तुरंत बाद पेशाब नहीं जाना चाहिए और पेशाब करने के तुरंत बाद पानी नहीं होना चाहिए। खड़े होकर भी पानी न पिएं। लघु शंका (पेशाब) और दीर्घ शंका (लेट्रीन) करते समय अपने दातों को दबाकर रखें। दांत मजबूत और स्वस्थ रहेंगे। कुछ भी खाने के बाद और सोने से पूर्व कुल्ला अवश्य करें। सोने से पूर्व एक गिलास दूध या पानी पीकर सोने से नींद अच्छी आती है। हमेशा पूर्व और दक्षिण दिशा में सिर करके सोना चाहिए। आपका भोजन अधिक से अधिक सादा, हल्का, कम और प्रकृति के अनुकूल होना चाहिए। भोजन प्रसन्न मुद्रा में और चबा-चबा कर करें। अतः आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत और सतर्क रहें, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।

ब्रह्म से मिलन का महापर्व

पुरी रथ यात्रा का त्योहार भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति इस पुरी रथ यात्रा में पूरी श्रद्धा से भाग लेता है, वह जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। भगवान जगन्नाथ के रथ पर सवार होने का एक दर्शन ही बहुत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही काम, क्रोध और लोभ से छुटकारा मिलता है। पुरी में होने वाली रथ यात्रा सबसे भव्य आयोजनों में से एक है, जो दुनियाभर से पर्यटकों को आकर्षित करती है। उत्सव के दिन तीन देवताओं की पूजा की जाती है, उनमें भगवान बलभद्र, जो भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई हैं, सुभद्रा, जो भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन हैं और भगवान जगन्नाथ शामिल हैं।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

प्रत्येक देवता के पास एक रथ है। भगवान बलभद्र के रथ में 16 पहिए हैं, जबकि भगवान जगन्नाथ के रथ में 18 पहिए हैं। इसी तरह सुभद्रा के रथ में 14 पहिए हैं। भक्तगण जगन्नाथ मंदिर से भगवान कृष्ण, भगवान बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों को गुंडिचा मंदिर ले जाते हैं। फिर मूर्तियों को रथों में स्थापित किया जाता है। पुजारी स्नान पूर्णिमा मनाते हैं, जो एक प्रथा है जिसमें तीन मूर्तियों को पानी (109 बाल्टी) से नहलाया जाता है। नहाए गए मूर्तियों को जुलूस के दिन तक अलग रखा जाएगा। इस आयोजन को अंसारा कहा जाता है। ओडिशा के शाही उत्तराधिकारी चेरा पहरा की रस्म निभाते हैं। राजा देवताओं को ले जाता है और चेरा पहरा के आयोजन के दौरान उन्हें रथों पर रखता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव की शुरुआत विशेष प्रार्थना और अनुष्ठानों के साथ देवताओं के आह्वान से होती है और इसे 'रथ प्रतिष्ठा' के नाम से जाना जाता है। इसके बाद तीन मुख्य देवता, देवी सुभद्रा, भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र को उनके संबंधित रथों में बैठाया जाता है। देशभर से भक्त भगवान के रथ को खींचने की उत्कट इच्छा के साथ आते हैं, क्योंकि यह कार्य बहुत पवित्र माना जाता है। रंग-बिरंगी शोभायात्रा ढोल, तुरही या ढोल पर बजने वाले भक्ति गीतों की ध्वनि के साथ आगे बढ़ती है। जुलूस अंत में गुंडिचा मंदिर पहुंचता है जिसे भगवान जगन्नाथ की मौसी का निवास माना जाता है। इस त्योहार को 'घोष यात्रा','दशावतार यात्रा', 'नवदिन यात्रा' या 'गुंडिचा यात्रा' के नाम से भी जाना जाता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव एकीकरण और समानता का प्रतीक है। यह उन दुर्लभ त्योहारों में से एक है, जो सभी प्रकार के भेदभावों से ऊपर है। यहां तक कि मुसलमान भी इस अद्भुत रथ उत्सव में भाग लेते हैं। इस परंपरा की शुरुआत तब होती है जब राजा इंद्रद्युम ने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाई तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया जिसके चलते मूर्तियां अधूरी ही रह गई तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त भी आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंदपुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथयात्रा के रूप में चली आ रही है। एक दूसरी कथा भी जिसके अनुसार सुभद्रा के द्वारिका दर्शन की इच्छा पूरी करने के लिए श्रीकृष्ण और बलराम ने अलग-अलग रथों में बैठकर यात्रा की थी। सुभद्रा की नगर यात्रा की स्मृति में ही यह रथयात्रा पुरी में हर साल होती है। इस रथयात्रा के बारे में स्कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी बताया गया है। इस भव्य रथ उत्सव को देखने के लिए हर साल दस लाख से अधिक तीर्थयात्री पुरी आते हैं।

शिक्षा में नई व्यवस्थाओं की चुनौतियां



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा एक नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। यह नई नीति उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश को लेकर बनाई गई है एवं आयोग ने इसे सत्र 2024-25 से ही लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस नीति के अनुसार विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर भारतीय विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार प्रवेश का मौका दिया जाएगा। सत्र में प्रथम बार प्रवेश जुलाई-अगस्त में तथा दूसरी बार जनवरी-फरवरी में होंगे।

वर्तमान में लागू व्यवस्था के अंतर्गत विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया वर्ष में केवल एक बार अर्थात जुलाई-अगस्त में होती है। नई व्यवस्था को लागू करने एवं इससे संबंधित समस्त इंतजामात सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यूजीसी के द्वारा प्रवेश नीति संबंधी यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है, जबकि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया जोरों से चल रही है। नवीन व्यवस्था को लागू करने के पीछे यूजीसी का तर्क यह है कि इस पद्धति के लागू हो जाने से उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले से संबंधित दिक्कतें दूर हो जाएंगी। किन्हीं कारणों से यदि कोई विद्यार्थी जुलाई-अगस्त में दाखिला लेने से चूक जाता है तो वह पुनः जनवरी-फरवरी में यह अवसर प्राप्त कर सकेगा। नतीजतन उसे अपने पूरे साल का नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा एवं उसकी शिक्षा बिना किसी व्यवधान के आगे बढ़ती रहेगी। इससे पूर्व भी यूजीसी के द्वारा ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश को लेकर यह व्यवस्था लागू की गई थी। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022 में ऑनलाइन कोर्स में जुलाई सत्र में 19.73 लाख, जबकि जनवरी सत्र में 4.28 लाख प्रवेश हुए थे। स्पष्ट है कि विद्यार्थियों की एक अच्छी खासी संख्या ने संबंधित पाठ्यक्रमों में जनवरी सत्र में प्रवेश लिया था। ऐसी स्थितियों को देखते हुए ही नियमित पाठ्यक्रमों में भी दो बार प्रवेश लेने की व्यवस्था को लागू करने का फैसला लिया गया है। यद्यपि यूजीसी का निर्देश है कि इस नियम को लागू किए जाने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, बुनियादी ढांचा इत्यादि की जानकारी यूजीसी को देनी होगी। निस्संदेह यह व्यवस्था विद्यार्थियों के हित में है, क्योंकि प्रायः ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें विद्यार्थी जानकारी के अभाव में किसी बीमारी की वजह से अथवा पिछली परीक्षा का परिणाम देर में आने की वजह से अगली कक्षा में प्रवेश लेने से चूक जाता था। नतीजा यह होता था कि विद्यार्थी को एक बार चूकने के उपरांत पुनः अपना प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पूरे साल इंतजार करना पड़ता था, जिससे उसका समय बर्बाद हो जाया करता था। प्रवेश संबंधी नई व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद इन सभी दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा।

इसी प्रकार शिक्षा मंत्रालय के द्वारा सत्र 2025-26 से दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को भी वर्ष में दो बार कराए जाने के विचार पर सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। प्रथम बार परीक्षा फरवरी में एवं दूसरी बार अप्रैल में होगी। खास बात यह है कि विद्यार्थी के लिए दोनों ही परीक्षाओं में शामिल होने का विकल्प खुला रहेगा। जिस परीक्षा में विद्यार्थी का प्रदर्शन बेहतर होगा, उस परीक्षा में विद्यार्थी के द्वारा प्राप्त किए गए स्कोर को ही उसका अंतिम स्कोर माना जाएगा। इस व्यवस्था से भी कहीं न कहीं विद्यार्थी का हित सुनिश्चित होगा। मान लीजिए कि किसी कारणवश विद्यार्थी का पेपर पहली परीक्षा में खराब हो जाता है तो उसके पास दूसरी परीक्षा का विकल्प हो जाने के कारण किसी भी तरह का तनाव उस पर हावी नहीं हो पाएगा, लेकिन जहां एक ओर इन नवीन व्यवस्थाओं को विद्यार्थियों के हित में माना जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इनके सामने कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनको अगर हल्के में लिया गया तो ये व्यवस्थाएं कहीं न कहीं नुकसानदेह भी साबित हो सकती हैं।

दो बार प्रवेश की व्यवस्था को लागू करने से पहले इस बात पर अवश्य मंथन किया जाना चाहिए कि कक्षाओं का संचालन किसी भी तरह से बाधित न हो एवं पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके। दो बार प्रवेश लेने की सुविधा कहीं न कहीं विद्यार्थियों को लापरवाही की स्थितियों की ओर धकेल सकती है। यहां पर एक विकल्प यह हो सकता है कि ऐसी व्यवस्था केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए लागू की जाए जो किन्हीं वाजिब कारणों की वजह से सत्र के आरंभ में प्रवेश लेने से चूक गए हैं। ठीक इसी प्रकार दो बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजित किया जाना भी विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के साथ ही उन्हें एक सीमा से अधिक बेफिक्र बना सकता है एवं उनके अंदर यह प्रवृत्ति पैदा हो सकती है कि पहली परीक्षा में प्रदर्शन की ओर ध्यान कदापि न दिया जाए। इन सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

फाइल लटकाने पर शिक्षक विधायक का एसडीएम कार्यालय में हंगामा

अपने विधि महाविद्यालय की फाइल पर कार्रवाई लंबित होने पर जता रहे थे नाराजगी

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

अमृत विचार। सूबे की योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करने और भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन का दम भरती है। वहीं सत्ताधारी दल के शिक्षक एमएलसी ने तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है। शनिवार को शिक्षक एमएलसी ने उनके निजी विधि महाविद्यालय की एक फाइल पर कार्रवाई न करने पर जमकर नाराजगी जाहिर की और तहसील के कर्मचारियों को खूब खरी खोटी सुनाई। कहा कि जब एक विधायक की फाइल को चार वर्षों से लटका रखा है, तो आम आदमी की दशा को बखूबी समझा जा सकता है।

भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर शिक्षक विधायक बने बाबूलाल तिवारी का गुस्सा उस समय सातवें आसमान पर पहुंच गया जब नरैनी तहसील के उप जिलाधिकारी के कार्यालय में बीते चार वर्षों से लंबित एक फाइल पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

तहसील कर्मियों को खरी-खोटी सुनाते शिक्षक एमएलसी बाबूलाल तिवारी।

एमएलसी श्री तिवारी दलबल के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंच गए और हंगामा काटने लगे। एमएलसी के आने की सूचना मिलते ही एसडीएम समेत सभी जिम्मेदार वहां निकल लिए और एमएलसी कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को खरी खोटी सुनाकर बैरंग वापस लौट आए।

एमएलसी श्री तिवारी का कहना है कि वह तहसील क्षेत्र के गिरवां कस्बे में डा.बीआर अंबेडकर विधि महाविद्यालय चलाते हैं। बताया कि उन्होंने चार वर्ष पूर्व महाविद्यालय की भूमि गाटा संख्या 1790/1 और 1791/2 को अकृषक भूमि घोषित करने और धारा 143 की कार्रवाई अमल में लाते हुए भूमि को व्यवसायिक घोषित करने का आवेदन किया था। लेकिन एसडीएम और तहसील कर्मियों की मनमानी के चलते चार वर्षों से उनकी फाइल कार्यालय में लंबित है। शनिवार को एमएलसी श्री तिवारी ने एसडीएम से फोन पर इस संबंध में बात की और संतोषजनक उत्तर न मिलने पर वह खुद ही कार्यालय पहुंच गए। उनके आने की सूचना मिलते ही एसडीएम समेत सभी जिम्मेदार मौके से भाग गए।

एसडीएम की खाली कुर्सी देखकर शिक्षक एमएलसी का पारा चढ़ गया और उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों को खरी-खोटी सुनाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। एमएलसी श्री तिवारी ने तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों पर रिश्वत लेने और अवैध खनन में संलिप्त रहने का गंभीर आरोप लगाया है। कहा है कि जब सत्ताधारी दल के विधायक का काम चार वर्षों से लंबित है तो आम आदमी की दुदर्शा खुद ही समझी जा सकती है। उनका कहना है कि तहसील में कोई भी काम बगैर पैसे लिए नहीं किया जाता।

बताते हैं कि एमएलसी ने कालेज में डी.फार्मा के कोर्स की मान्यता के लिए एनओसी की फाइल भी तहसील में प्रस्तुत की थी, लेकिन उस पर यहां के अफसरों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पुत्री की शादी से पहले पिता ने फांसी लगा जान दी

बबेरू-बांदा। पुत्री की शादी के तीन दिन पहले आर्थिक तंगी से परेशान पिता ने घर के बाहर लगे पेड़ पर लुंगी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के अछाह गांव निवासी विशोसर (65) पुत्र रामजियावन ने शुक्रवार की रात घर के बाहर लगे। बबूल के पेड़ पर तहमत से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह घरवालो की नीद खुली शव देखते ही परिजनो में चीखपुकार मच गई। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के पुत्र नीरज ने बताया कि उसका पिता किसानी करता था। हिस्से में डेढ बीघा जमीन है। बहन गोमती की 9 जुलाई को खप्टिहाकलां (पैलानी) से बरात आना था। रुपयों का इंतजाम न होने से पिता आर्थिक तंगी से गुजर रहा। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

मुठभेड़ में इनामी बदमाश को लगी गोली

संवाददाता, फतेहपुर

- एक साल से नहीं चढ़ रहा था पुलिस के हत्थे
- हथगाम और सुल्तानपुर घोष थाने में दर्ज हैं 40 मामले

अमृत विचार। 20 हजार रुपये के इनामिया अपराधी की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली अपराधी के पैर में लगने से वह घायल हो। इसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस अधीक्षक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार अपराधी पर 40 मुकदमे दर्ज हैं।

हथगाम थाना प्रभारी वृंदावन राय और एसओजी प्रभारी विनोद कुमार यादव संयुक्त रूप से टॉप टेन अपराधी की तलाश में निकले थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि थाना क्षेत्र के पट्टी शाह गांव का रहने वाला एक शातिर अपराधी रिजवान (35) पुत्र जमील गांव छोड़कर भागने की फिराक में है और कासिमपुर कटरा रोड से सराय इदरीश नहर पटरी की ओर जा रहा है।

पुलिस टीम नहर पटरी के पास पहुंची तो शातिर अपराधी ने पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम के घेराबंदी करने पर अपराधी ने तमंचा से फायरिंग शुरू कर दी आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई। इससे पुलिस मुठभेड़ में अपराधी के पैर पर गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में घायल अपराधी रिजवान जिले का टॉपटेन अपराधी है और इसके ऊपर जिले के अलग-अलग थाने में करीब 40 मुकदमे दर्ज हैं। इसके ऊपर 2023 में 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था और वह एक साल से फरार चल रहा था। आज गांव आने के बाद भागने की फिराक में था तभी पुलिस मुठभेड़ में घायल होगया है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जिले में शातिर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन लंगड़ा चलाया जा रहा है, जिससे क्राइम कंट्रोल किया जा सके।

मुठभेड़ में घायल आरोपी को ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। किशनपुर पुलिस ने हुसेनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव निवासी शिव उर्फ शिवम उर्फ सनी रैदास पुत्र इंद्रपाल उर्फ छोटेलाल रैदास के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

शिवानी कुमारी को वोट देने के लिए लगाए गए पोस्टर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। गांव की माटी में पली और देशी गंवई अंदाज में सोशल मीडिया पर वीडियो ब्लॉग बनाने वाली शिवानी कुमारी ओटीटी (ओवर दि टॉप) प्लेटफार्म के मशहूर शो बिग बॉस सीजन -3 में पहुंच गई है। इसमें विजेता का चयन ऑनलाइन वोटिंग से किया जाता है। शिवानी को वोट देने के लिए शहर में पोस्टर लगाए गए हैं।

औरैया जिले के छोटे से गांव अरियारी से निकलकर बिग बॉस तक पहुंची शिवानी के जिले समेत देश में लाखों प्रशंसक हैं। इससे लोग जियो सिनेमा पर बिग बॉस सीजन-3 को देख रहे हैं।

इस शो को मशहूर फिल्म अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। इस समय वोटिंग का दौर चल रहा है। शिवानी की टक्कर अरमान मलिक से है। ऐसे में उनको ऑनलाइन वोट देने की अपील के पोस्टर शहर में भी लगाए गए हैं, जिसमें वोटिंग का तरीका भी बताया गया है। रोहित ने बताया कि रेलवे व बस स्टेशन में लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

तिर्वा क्रॉसिंग पर लगे शिवानी कुमारी के पोस्टर। अमृत विचार

- बिग बॉस सीजन-3 के ओटीटी प्लेटफार्म पर लोगों से वोट देने की अपील

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 22 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। नाबालिग से बलात्कार के दोषी को अदालत ने 22 साल की सजा सुनाई है। वहीं 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। फैसला न्यायालय एडीजे पॉस्को कोर्ट उरई द्वारा सुनाया गया है। कोतवाली कोंच में पॉस्को एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त गुलफाम पुत्र सलीम निवासी सिकरी कोंच थाना कोंच को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। वादी की पुत्री के साथ की गयी घटना के सम्बन्ध में कोतवाली कोंच में पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त गुलफाम उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी की गई।

7 बदमाशों को छह-छह साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने सुनाई सजा, लगाया 35 हजार रुपये अर्थदंड

अमृत विचार। हत्या, अपहरण व साक्ष्य मिटाने सहित कई संगीन अपराधों को अंजाम देने वाले सात बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में छह-छह साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने सभी के ऊपर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर सभी को दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया है।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया छह जनवरी 2012 को तत्कालीन सदर कोतवाली प्रभारी श्रीकृष्ण ने ग्राम हीरापुरवा निवासी रामशरण पुत्र रामेश्वर दयाल, रामतीरथ पुत्र रामशंकर, राकेश पुत्र रामगोपाल, अनिल पुत्र परशुराम, शहर के मोहल्ला मुबारकपुर टीला निवासी आबकार पुत्र जुल्फिकार, मोहल्ला कागजियाना निवासी रईस खां, ग्राम पटियन निवासी रामकरन पुत्र कुंवर व बिपलू पुत्र जगदीश के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। यह गैंग चार्ट तत्कालीन जिलाधिकारी ने तीन जनवरी 2012 को अनुमोदित किया था और पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया था। 30 अगस्त 2014 को पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया, जिसमें बताया गया कि रामशरण ही गैंगलीडर है और उसने ज्ञानचंद्र की अपहरण के बाद हत्या कर शव के टुकड़े-टुकड़े कर काली नदी में बहा दिए थे। इसके अलावा इन बदमाशों के ऊपर हत्या, अपहरण, साक्ष्य मिटाने सहित कई संगीन धाराओं में करीब एक दर्जन मुकदमे हैं। 20 जून 2021 को गैंगलीडर प्रधानपति रामशरण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

अभियोजन पक्ष की तरफ से पांच गवाह पेश किए गए। दोष सिद्ध होने पर शनिवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने आबकार, रईस खां, रामतीरथ, राकेश, अनिल, रामकरन व बिपलू को छह-छह साल कठोर कारावास व 35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

ऑटो सवार श्रद्धालुओं पर गिरा पेड़, सात घायल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव बल्लापुर के पास मंदिर पर दर्शन करने जा रहे ऑटो सवारों पर अचानक एक पेड़ गिरने से सात लोग घायल हो गए। पेड़ ने हाई टेंशन खंभे को भी चपेट मे ले लिया। गनीमत रही कि पोल पर लगे तारों में दौड़ रहे करेंट की चपेट में कोई नही आया। वही करीब दो घंटे तक पुलिस सहित कोई भी प्रसाशनिक अधिकारी घटना स्थल पर नही पहुंचा।

जनपद कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना अंतर्गत गुरुवाई गांव निवासी सचिन तिवारी का विवाह करीब सात साल पहले प्रीती के साथ हुआ था। एक पुत्री जान्ह्वी (6) और एक पुत्र सूरज (2) है। सचिन बच्चों के जन्म आदि की पूजा करने के लिए ऑटो से इटावा जनपद के लखना कस्बा स्थित कालिका मंदिरी जा रहे थे।

ऑटो को रसूलाबाद थाना क्षेत्र के बहादुर पुर गांव निवासी अभिषेक (27 वर्ष) पुत्र कृष्ण प्रताप चला रहा था। सचिन, अपनी पत्नी प्रीती, पुत्र सूरज, रिश्तेदार लवी (13 वर्ष) पुत्री रिंकू निवासी गुरुवाई, राजेंद्र (55 वर्ष) और उनकी पत्नी अंशु देवी, मोतीलाल (58 वर्ष) निवासी गुरुवाई, को ऑटो मे बिठाकर ले जा रहा था। अजीतमल क्षेत्र के बाबरपुर-फफूंद मार्ग पर बल्लापुर गांव के पास सड़क के बाईं ओर खड़ा शीशम का सूखा जर्जर पेड़ हाई टेंशन लाइन के पोल को चपेट मे लेता हुआ ऑटो पर जा गिरा। इससे ऑटो सवार सभी लोग घायल हो गए। लोगों ने ऑटो मे फंसे लोगों को बाहर निकाला।

एक्सप्रेस-वे पर कार पलटने से मालिक और चालक की मौत

संवाददाता, तालग्राम-कन्नौज

- दिल्ली से बिहार जाते समय झपकी आने से हुआ हादसा

अमृत विचार। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आ जाने और बरसात का मौसम होने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इससे कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा कर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया जहां दो लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

शनिवार को बिहार के जिला सिवान थाना सिवान टाउन के कसेडा टोला निवासी कार चालक सोनू (34) पुत्र प्रभु प्रसाद कार लेकर दिल्ली से बिहार जा रहा था। शाम के समय एक्सप्रेस-वे के किमी 172 के निकट कार चालक को झपकी आ गई और बरसात के चलते कार नियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में चालक के साथ सह चालक बिहार के जिला गोपालगंज, थाना मीरगंज चौनपुर निवासी जितेंद्र गोस्वामी (35), गाड़ी मालिक बिहार के जिला सिवान सिवान टाउन कसेडा टोला निवासी शिवजी (74) पुत्र बुद्ध शाह व उनकी पत्नी उषा देवी (72) गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा कर्मियों ने घायलों को एंबुलेंस से तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डॉक्टर ने चालक सोनू व शिवजी को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और परिजनों को घटना की सूचना देकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

वहीं, तिर्वा में अनियंत्रित बस की रगड़ टेंपो में लगने से सवार वृद्ध की मौत हो गई। पुत्र घायल हो गया। थाना सौरिख के बगियाहार ईशनपुर गांव निवासी गिरिशचंद्र अपने पिता मोहनलाल (70) की दवा लेने के लिए कस्बा आया था। दवा लेकर टेंपो से लौट रहा था। जैसे ही टैंपो इंदरगढ़ तिराहा पर पहुंचा तो पीछे से आ रही बस रगड़ मारते हुए चली गई।

केन नदी के पुल से युवती ने छलांग लगाई, मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। हमीरपुर जिला के भैस मरी गांव निवासी रोशनी खान (23) पुत्री मन्ना खान 23 मई को अपनी बड़ी बहन शरीफन की ससुराल कमासिन गई थी। वहां पर उसकी बहन की दो बेटी सोनम, निशा की शादी कार्यक्रम निपटाने के बाद शनिवार की दोपहर अपने जीजा रमजानी के साथ बाइक में बैठकर गांव लौट रही थी। पुल के ऊपर से गुजरते समय चक्कर आने पर जीजा से बाइक रुकवा ली। बाइक से उतर कर उसने केन नदी में छलांग लगा दिया। जब तक वह नदी पहुंचा तब तक उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रोशनी को एंबुलेस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मां के साथ खेत गए बच्चे पर गिरी बिजली, मौत

फतेहपुर। मां के साथ खेत गया एक बच्चे पर बिजली गिर गई जिसकी चपेट में आने से बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव के रहने वाले पांच वर्षीय पुत्र अपनी मां रेखा देवी के साथ खेत गया था। खेत में काम करते समय अचानक बारिश शुरू हो गई और तेज आवाज के साथ बिजली खेत में गिरने से पास में मौजूद प्रिंस यादव चपेट में आ गया। बिजली के चपेट में आने से प्रिंस की मौत हो गई। मृतक बच्चे की मां रेखा देवी ने बताया कि पति की मौत दो साल पहले हो गई थी। पति के मौत के बाद खेती किसानी कर भरण पोषण करती है।

अफसर बच गए, लेखपाल का हो गया कानपुर देहात तबादला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कानपुर मंडलायुक्त ने 15 जून को तहसील तिर्वा के संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायतें सुनीं थीं। उन्होंने खतौनी में अवैध वसूली होने का मामला पकड़ा था। कई फरियादियों ने सही निस्तारण न होने के आरोप लगाए थे। उसके बाद यहां के अधिकारियों व आरोपी लेखपाल पर कार्रवाई की बात कही थी। लेखपाल का तो गैरजनपद तबादला हो गया है लेकिन आरोपी अफसर फिलहाल बच गए हैं।

तहसील तिर्वा इलाके के गांव रिहुआ निवासी बृजेश कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त अमित गुप्ता से शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम समाज की खतौनी के लिए कर्मी ने 15 रुपये की बजाय 200 रुपये मांगे हैं। इसकी हकीकत परखने के लिए मंडलायुक्त ने अपने साथ आए कर्मी को भूलेख भेजा था। वहां तैनात कर्मियों ने उससे भी निर्धारित शुल्क से अधिक रुपये की मांग कर दी। इसकी जानकारी मंडलायुक्त को दी गई थी। बाद में भूलेख में तैनात लेखपाल अंकुर को फटकार लगाई गई थी। साथ ही गैरजनपद तबादला व निलंबन के लिए भी कहा था। बताया गया है कि आरोपी लेखपाल का कानपुर देहात तबादला हो गया है। वह तहसील तिर्वा से कार्यमुक्त भी हो गया है। दूसरी ओर चर्चा है कि आलाधिकारियों ने लेखपाल पर तो कार्रवाई कर दी है लेकिन तहसील के अधिकारियों पर इनकी 'कृपा' बरस रही है। कुछ लोगों का कहना है कि वसूली तो वहां तैनात प्राइवेट कर्मी अनुज कर रहा था लेकिन सजा लेखपाल को मिल गई।



16 जून को प्रकाशित खबर।

200 रुपये जा रहे वसूले जबकि सरकारी दर मात्र 15 रुपये

गड़बड़झाला | समाजसेवी ने खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखकर उठाई जांच की मांग

दुकान बैट्री की और आपूर्ति हैंडपंप के सामान की कर दी

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। क्या ऐसा संभव है कि दुकान में जो सामान न हो, उसकी आपूर्ति सरकारी मद में कर दी जा और भुगतान भी ले लिया जाए। आश्चर्यजनक है पर ऐसा हुआ है। बैट्री की दुकान खोले व्यक्ति ने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता किट, सीसीटीवी कैमरे और हैंडपंप के सामान आदि की आपूर्ति कर दी। आरोप है कि जिम्मेदारों की मिलीभगत से इसका लाखों का भुगतान भी करा लिया गया। अब शिकायत हुई तो हड़कंप मचा है।

तहसील अंतर्गत गांव खपटिहा निवासी नारायण दत्त द्विवेदी ने खंड विकास अधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि सरकार के भ्रष्टाचारमुक्त ग्राम पंचायतों के उद्देश्य की कुछ फर्मों द्वारा जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आरोप लगाया कि ऐसी ही एक फर्म है, जिसने गत लगभग चार वर्षों के अंदर कई ग्राम पंचायतों में सचिवों की मिलीभगत से लाखों का भुगतान कराया है।

समाजसेवी का कहना है कि इनके सभी कामों में जमकर अनियमितता की गई है। उन्होंने कहा है कि उनकी जानकारी के मुताबिक, यह फर्म इन्वर्टर और बैट्री की दुकान है लेकिन यहां से गांवों को घटिया किस्म की स्वच्छता किट, सीसीटीवी कैमरे और हैंडपंप की सामग्री की आपूर्ति के नाम पर लाखों का भुगतान कराकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। आरोप लगाया कि मानकविहीन सामान की आपूर्ति के साथ इसके द्वारा निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है।

उन्होंने सवालिया निशान लगाया कि जब दुकान बैट्री] इन्वर्टर की है तो अधिकारियों ने अन्य सामग्री की आपूर्ति के भुगतान के वक्त दुकान की जांच क्यों नहीं की। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से मामले की जांच कराने का अनुरोध भी किया है।

दुकानदार ने माना कि हैंडपंप का सामान नहीं बेचते

बैट्री की दुकान के मालिक से जब बतौर ग्राहक बनकर फोन पर पूछा गया कि क्या आप हैंडपंप का सामान रखते हैं तो उन्होंने सीधा जवाब दिया कि वह सिर्फ बैट्री बेचते हैं। जब और गहराई से जानने की कोशिश की गई कि दुकान तो सिर्फ बैट्री-इनवर्टर की है तो ऐसे में आप गांवों को हैंडपंप का सामान, सीसीटीवी कैमरा, स्वच्छता किट आदि की सप्लाई करते हैं तो उन्होंने कहा कि अन्य जगह से सामान मंगाकर सप्लाई करते हैं और दुकान में जगह नहीं है तो सामान कम ही रखते हैं। जब उनसे यह पूछा गया कि आपकी फर्म किन किन चीजों की सप्लाई कर सकती है इसकी जानकारी उपलब्ध करवाइए तो उन्होंने गोल मटोल जवाब देते हुए फोन काट दिया।

दुकान में नहीं एक मुट्ठी बालू और...

सूत्रों के अनुसार, इस फर्म द्वारा कई गांवों में मानकविहीन इंटरलॉकिंग और खड़ंजा का भी निर्माण किया है। जब एडीओ पंचायत मऊ चंद्रभूषण यादव से इस संबंध में पूछा गया कि कोई फर्म जिसकी दुकान में इंटरलॉकिंग की सामग्री नहीं है और वह इससे संबंधित कार्य कर रही है तो क्या सही है तो उन्होंने कहा कि नहीं यह सही नहीं है। इस संबंध में भी उन्होंने विभागीय जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जानकारी तो यहां तक है कि इस फर्म ने कई प्राथमिक विद्यालयों में डेस्क बेंच आदि की भी आपूर्ति की है। जांच बैठने पर इस तरह के ही कई मामलों का पर्दाफाश होने की संभावना है।

सचिव से थीं नजदीकियां

कथित फर्म के मालिक की एक सचिव से नजदीकियां थीं। उसकी सिफारिश पर ही फर्म को काम मिला। नारायण दत्त द्विवेदी ने कहा कि जब जांच हो तो इनके सबंधो की जांच हो कि आखिर सचिव के द्वारा इस तथाकथित फर्म को मानकों को ताक पर रखकर कैसे भुगतान कराया गया। मामले में जांच की तैयारी है।

नई बाइक का पैसा ले थमाई पुरानी स्कूटी

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- मौदहा की हाण्डा एजेंसी के संचालक पर आरोप

अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम बिदोखर पुरई के एक युवक ने आरोप लगाया है कि मौदहा कस्बे की बरेली हाण्डा की एजेंसी संचालक ने धोखाधड़ी करके नई स्कूटी की जगह सेकेन्ड हैंड स्कूटी थमाकर नई स्कूटी का भुगतान करा लिया है। आरसी मांगने पर सेकेण्ड हैंड स्कूटी होने का आभास होने पर युवक ने एजेंसी संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी करने की तहरीर मौदहा कोतवाली पुलिस को सौंपी है। पुलिस ने जांच कर मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया है। बिदोखर पुरई निवासी मुकेश कुमार का आरोप है कि उसने मौदहा में संचालित बरेली हाण्डा एजेंसी से एक लाख दो हजार पांच सौ रुपये धनराशि की 23 अक्टूबर 23 को एक्टिवा स्कूटी क्रय की थी। जब उसने एजेंसी धारक विवेक निगम से आरसी की मांग की तो वह टालता रहा। बाद में 9 जून 24 को उसे सेकेंड हैंड आरसी थमा दी। इस स्कूटी का प्रथम मालिक महेश कुशवाहा है। तब उसको एहसास हुआ कि एजेंसी धारक ने उसके साथ धोखाधड़ी करके सेकेंड हैंड स्कूटी थमा दी है। आरसी में विक्रय मूल्य 76 हजार 324 रुपये अंकित है। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली मौदहा में देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

छठवीं बार सांप ने डसा, इलाज जारी

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा निवासी विकास दुबे पुत्र सुरेंद्र दुबे शनिवार दोपहर करीब साढ़े चार बजे घर के अंदर अपने कमरे में सो रहा था। इसी दौरान उसे सर्प ने डस लिया। उसका इलाज जारी है। बता दें कि विकास को सर्प ने छठवीं बार डसा है।

बार-बार सांप के डसने से विकास के परिजन व उसके रिश्तेदार काफी परेशान हैं। बताया कि डसने के बाद सांप अचानक से गायब हो जाता है। पहली बार दो जून की रात करीब नौ बजे सांप ने काटा था। विकास के परिजन घबरा गए। उसे मौसी के यहां ले गए लेकिन सांप वहां भी पहुंचकर डस लिया। शनिवार को सर्प के डसने के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। विकास के साथ यह घटना शनिवार या रविवार को होती है। फिलहाल उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

24 घंटे में बारिश से हुए हादसों में 13 लोगों की चली गई जान

बिजली गिरने से कुल छह लोगों, अतिवृष्टि से दो लोगों व डूबने से पांच लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें आकाशीय बिजली गिरने से कुल छह लोगों, अतिवृष्टि से दो लोगों व डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। इस बीच, बारिश को देखते हुए राहत विभाग ने नेपाल की सीमा से लगे जिलों को अलर्ट कर दिया है।

राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार डूबने से मारे गये लोगों में फतेहपुर के दो और मैनपुरी, कौशांबी, प्रतापगढ़ व रायबरेली के एक-एक लोग शामिल हैं, जबकि अतिवृष्टि से मारे गये लोगों में रायबरेली व मैनपुरी के एक-एक लोग शामिल हैं। इसी तरह, डूबने से मारे गये लोगों में फतेहपुर, बुलंदशहर, कन्नौज, फिरोजाबाद व उन्नाव के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को प्रदेश में औसतन 18.3 मिलीमीटर बारिश हुई। एक जून से अब तक 155.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई जो सामान्य वर्षा 134.5 मिलीमीटर के सापेक्ष 115.4 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 75 जिलों में से 48 में अधिक बारिश दर्ज की गई। सभी जिलों में सबसे अधिक 65.5 मिमी बारिश श्रावस्ती जिले में दर्ज की गई।

इस बीच, राहत विभाग ने नेपाल की सीमा से लगे जिलों में स्थानीय प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया है। राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि नेपाल में हाल में हुई भारी बारिश को देखते हुए सभी सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों को 24 घंटे निगरानी के लिए सतर्क किया गया है। जरूरत के हिसाब से बाढ़ पीएसी, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई हैं।

राहत कार्य पर नजर रखें अधिकारी: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिकारी राहत कार्य पर गंभीर नजर रखें और प्रभावित लोगों की मदद करें। पूरी तत्परता से राहत कार्य किये जायं। आपदा से प्रभावित लोगों को अनुमन्य राहत राशि का अविलंब वितरण कराया जाय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राहत से जुड़े अधिकारियों को यह निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल भराव की स्थिति में जल निकासी के लिए प्रभावी प्रबंध किए जायं। नदियों के जल स्तर की सतत निगरानी की जाय। फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाय, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपये की अनुमन्य राहत राशि अविलम्ब दी जाय। जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा है या पशु हानि हुई, तो ऐसे प्रभावित लोगों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता दी जाय।

ठेकेदार ने गोली मार कर की आत्महत्या

अमेठी। पीडब्ल्यूडी और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के ठेकेदार ने अवैध रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ठेकेदार की आत्महत्या का कारण वित्तीय परेशानी बताई जा रही है।

मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे दसवंत खानपुर चपरा गांव निवासी अमरजीत सिंह पीडब्ल्यूडी और भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के ठेकेदार थे। अमरजीत ने शुक्रवार देर रात अवैध पिस्टल से अपने कमरे में गोली मार आत्म हत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन अमरजीत को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।घटना को लेकर मोहनगंज एसएचओ बृजेश सिंह ने कहा कि देर रात ठेकेदार अमरजीत सिंह ने पिस्टल से गोली मार आत्महत्या कर की है।

बिल्डर की पांच फर्मों की जांच के बाद जमा कराए गए 1.25 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विशेष अनुसंधान शाखा ने एक साथ की कार्रवाई

अमृत विचार। जीएसटी के 25 अफसरों की पांच टीमों ने लैंड डेवलप करने, प्लॉट विक्रय और अपार्टमेंट बनाकर बेचने वाले बड़े बिल्डर के पांच प्रतिष्ठानों पर एक साथ जांच की। अलग-अलग जिलों में घंटों चली जांच में बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है।

दस्तावेजों की जांच में तीन साल से गलत तरीके से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) क्लेम सरकार से वसूलने की जानकारी सामने आई है। यही नहीं फर्म ने सालाना टर्नओवर कम दिखाकर जीएसटी चोरी कर बड़ा खेल भी किया है। विशेष अनुसंधान शाखा ने पेनाल्टी समेत कर चोरी का करीब सवा करोड़ रुपया जमा कराया है।

सूचना के आधार पर एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अमरेश त्रिपाठी ने ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह को एक बड़ी टीम गठन करने को कहा। टीम में संयुक्त आयुक्त आयुक्त एके सिंह, डिप्टी कमिश्नर गौरव दयाल, सहायक आयुक्त संजय कुमार, सीटीओ पंकज मिश्र को कमान सौंपी गई। संबंधित जिलों के दलों को सक्रिय किया गया।

संयुक्त आयुक्त सिंह ने बताया कि एक साथ बिल्डर के लखनऊ गोमतीनगर के दो, बाराबंकी एक, सीतापुर (नैमिष) एक और नोएडा मिलाकर कुल पांच प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम ने कार्यवाही की। कई घंटे प्रतिष्ठानों में अभिलेखों को खंगाला गया, तो गलत तरीके से आईटीसी क्लेम कर सरकार को कई करोड़ का चूना लगाने की जानकारी हुई।

टर्नओवर में भी घालमेल पाया गया। सही टर्नओवर को छिपाकर फर्म के जिम्मेदारों ने यहां भी बड़ा खेल किया। कम व्यापार दिखाकर टैक्स में हेरफेर किया गया। टीम के सदस्यों ने प्रतिष्ठानों से इलेक्ट्रानिक गैजेट्स और कम्प्यूटर को कब्जे में ले लिया।

> बिल्डर के अलग-अलग जिलों के प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम की विशेष अनुसंधान शाखा ने एक साथ कार्यवाही की। इसमें गलत तरीके से आईटीसी क्लेम बिल्डर द्वारा वसूला जा रहा था। जांच में इसकी पुष्टि होने पर बिल्डर ने सवा करोड़ रुपया जमा कराया है। अभिलेखों की आगे की जांच जारी है।
>
> -अमरेश त्रिपाठी
> एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2

गर्भवती को चारपाई पर एंबुलेंस तक ले गए परिजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: जिले के तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी रास्ते नहीं हैं। बारिश के दिनों में कच्चे रास्ते कीचड़ से भर जाते हैं और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शनिवार को बंडा क्षेत्र में विकास के झूठे दावे करने वालों को शर्मसार करने वाला वाकया सामने आया। गांव उदरा के लिए पक्की सड़क न होने से परिजनों ने बारिश में कच्चे दलदल वाले संपर्क मार्ग से होते हुए गर्भवती को अस्पताल ले जाने के लिए चारपाई पर लिटाकर गांव के बाहर खड़ी एंबुलेंस तक पहुंचाया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

गांव उदरा टिकरी से मोहनपुर गांव को जोड़ने वाली करीब चार किमी सड़क कच्ची है। रोड पर बरसात में जगह-जगह पानी भर जाता है।

ग्रामीण किसी तरह इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, लेकिन स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

भर्वती को चारपाई पर लेकर जाते परिजन।

डबल डेकर बस पलटी, 38 यात्री हुए घायल

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

- शनिवार तड़के सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसा
- बिहार से लखनऊ सवारियां लेकर जा रही थी बस

अमृत विचार। यात्रियों को लेकर बिहार से लखनऊ जा रही डबल डेकर बस पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर रूप से घायल छह लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाकी घायलों का आसपास के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद बस का ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बस को क्रेन की मदद से हाइवे से हटवा कर यातायात चालू कराया।

शनिवार तड़के बिहार के मुजफ्फरपुर से सवारियां लेकर लखनऊ जा रही डबल डेकर बस बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के भटमऊ के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बेकाबू होकर पलट गई। चालक के नियंत्रण खोने के बाद बस करीब 100 मीटर तक घिसटती हुई चली गई। हादसे के बाद हाइवे पर सवारियों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आस-पास के गांवों के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य शुरू कराया। सवारियों को बस से बाहर निकालकर घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। बस में करीब 80 सवारियां थीं। हादसे में 38 सवारियां घायल हुई हैं। जिनमें से छह की हालत गंभीर बताई गई है।

घटना से क्षतिग्रस्त बस, मौजूद लोग। अमृत विचार

पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हटाया

- बाजार शुकुल पुलिस, एनएच आई व ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से निकाल बाजार शुकुल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां सभी का इलाज शुरू हुआ गंभीर रूप से घायल छह यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

17 घायल यात्रियों को किया गया जिला अस्पताल रेफर

- रिहाना पुत्री नूर आलम 23 वर्ष, रोशन पुत्र मनोज उम्र 25 वर्ष गुड़िया पत्नी मनोज 24 वर्ष अभिषेक पुत्र अमरनाथ उम्र 22 वर्ष रमेश पुत्र हरि नंद मुरार पुत्र मोहन, नीरज पुत्र रामेश्वर रोहित पुत्र मनीष, दीपक पुत्र सत्य प्रकाश राजकुमार पुत्र रामबरन प्रिंस कुमार।

विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ता मजबूती से जुटें: बीएल संतोष

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए पार्टी नेता व कार्यकर्ता मजबूती से जुटें। वह शनिवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, अभियानों व प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे।

राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) ने कहा कि संगठन के विस्तार का कार्य निरंतर व अनवरत चलता है। प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक कार्यक्रमों व अभियानों के साथ ही अपने सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वो के प्रति भी सजग है। प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के संकल्प के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता समेत स्थानीय नागरिकों को भी जोड़ने का काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी संगठन है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

दूसरे दिन भी नहीं खुला पूर्णागिरि मार्ग

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार। मां पूर्णागिरि धाम के पास चट्टान खिसकने से बंद मार्ग दूसरे दिन भी नहीं खुल पाया है। लोनिवि के कर्मचारी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। मार्ग बंद होने से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को जा रहे सैकड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से वापस लौटा दिया गया। वहीं पूर्णागिरि मोटर मार्ग के बाटनागाड़ में भी मलबा डंप होने से वाहनों की आवाजाही ठप रही।

बूम चौकी प्रभारी दिलबर सिंह भंडारी ने बताया कि पूर्णागिरि मंदिर का मुख्य मार्ग नहीं खुलने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। शनिवार को दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से वापस टनकपुर भेज दिया गया। बताया कि श्रद्धालुओं को मार्ग खुलने के बाद ही दर्शनों के लिए भेजा जाएगा। मंदिर मार्ग बंद होने और दर्शन की अनुमति न मिलने से श्रद्धालु निराश होकर घरों को लौट रहे हैं।

पूर्णागिरि धाम के रास्ते से मलबा हटाते श्रमिक। अमृत विचार

टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग 5 घंटे रहा बंद

टनकपुर। पहाड़ों और क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से शनिवार को टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित होता रहा। करीब 5 घंटे तक मार्ग बंद रहने से यात्रियों की भारी फजीहत हुई। गल्लागांव-देवलीमाफी मोटर मार्ग मलबा आने से बंद हो गया है। इससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों का संपर्क कट गया है। क्षेत्र के लोग पुरानी पंगडंडियों से पैदल लोहाघाट-बाराकोट मोटर मार्ग तक पहुंच रहे हैं। ग्रामीण जगदीश चंद्र तिवारी, दीवान राम, कमल कुमार, गिरीश चंद्र आदि ने बताया कि रोड के किमी संख्या पांच में शुक्रवार को पहाड़ी का बड़ा हिस्सा गिर गया था। शनिवार को और अधिक मलबा आने से रोड पूरी तरह बंद हो गई है।

हालांकि काली मंदिर के पास मुख्य धाम के प्रवेश द्वार से ही श्रद्धालु हाथ जोड़कर मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन कर रहे हैं। कई श्रद्धालु मार्ग खुलने के इंतजार में टनकपुर के होटलों में रुके हुए हैं।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल एसिड पीड़ित परिवार से मिला

लखनऊ। प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को किंग जार्ज चिकित्सा विद्यालय के प्लास्टिक सर्जरी विभाग पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता का हालचाल लिया। घटना की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पीड़िता के परिजनों को पार्टी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अस्पताल में चिकित्सकों से मिलकर पीड़िता के समुचित इलाज के लिए अनुरोध किया। साथ ही, सरकार से तेजाब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष प्रज्ञा सिंह, सुशीला शर्मा, प्रदेश सचिव अनामिका यादव, सुनीता रावत, महताब जायसी, नितान्त सिंह, आर्यन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई 15 को

सुलतानपुर। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को वे हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सासंद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सासंद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

निर्वाचन आयोग को तलाश है सिर्फ एक अदद अफसर की

लखनऊ। प्रदेश में नगर निकाय उप चुनाव कराने के लिए अब राज्य निर्वाचन आयोग को सिर्फ एक आईएएस अधिकारी की तलाश है। उप चुनाव के लिए मतदान आठ जुलाई को होना है, पर अभी तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी के तौर पर संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की तैनाती नहीं की गई है। पूर्व में मांगे गये अधिकारियों के न भेजने पर आयोग ने फिर सरकार को पत्र भेजा है। प्रदेश में 29 जिलों में नगर निकायों के खाली पड़े सदस्यों की सीटों पर चुनाव होना है। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने सरकार को पत्र भेजकर आयोग में निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग की थी। पत्र में कहा गया था कि आयोग में स्वीकृत अपर निर्वाचन आयुक्त, संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, उप निर्वाचन आयुक्त व सहायक निर्वाचन आयुक्तों की तैनाती की जाय, पर अभी तक इन अफसरों की तैनाती नहीं की गई है। अब आयोग ने दोबारा पत्र भेजकर संयुक्त निर्वाचन आयुक्त तैनात किये जाने की मांग की है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि चुनाव पर सतर्क नजर रखने के लिए जिले स्तर पर चुनाव प्रेक्षक तैनात किये गये हैं।

एएसपी की गाड़ी से भिड़ी कार

कुंडा प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय जा रहे एएसपी पश्चिमी की गाड़ी में कार ने टक्कर मार दी। जिसमें उनके सिर में चोट आई। गनर और चालक बाल - बाल बच गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्ही की गाड़ी से एएसपी को इलाज के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल भेज दिया गया।

रामंदिर | निर्माण सामिति की बैठक में संग्रहालय की डिजाइन पर हुआ मंथन

दो वर्ष में तैयार हो जाएगा अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम संग्रहालय

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय अगले दो वर्ष में विश्व स्तर के स्वरूप में तैयार हो जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इसका जीर्णोद्धार कर रही है। जिसकी जिम्मेदारी राजकीय निर्माण निगम को दी गई है। संग्रहालय के निर्माण और गुणवत्ता की देखभाल भारत सरकार की संस्था इंजीनियर इंडिया लिमिटेड करेगी। डिजाइन वास्तु के अनुसार नोएडा की फर्म डिजाइन एसोसिएट करेगी।

मंदिर निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम मंदिर की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय को भी भव्यता और दिव्यता दिए जाने पर मंथन हुआ। इसके लिए एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की अध्यक्षता में संग्रहालय के कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान राजकीय निर्माण निगम के साथ भारतीय इंजीनियरिंग लिमिटेड के इंजीनियर के साथ दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय म्यूजियम के भी एक्सपर्ट मौजूद रहे। इस दौरान संग्रहालय के नवनिर्माण किए जाने पर मंथन किया गया।बैठक के बाद राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि एक वर्ष पहले राम मंदिर संग्रहालय को लेने की इच्छा जताई थी। जिसे प्रदेश सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया गया था। कहा कि दो वर्षों में राम कथा संग्रहालय बनकर तैयार हो जाएगा। राम कथा संग्रहालय की लोकेशन भी बहुत अच्छी है और भवन भी बहुत मजबूत और विशाल है।

- राजकीय निर्माण निगम को दी गई जिम्मेदारी

श्री राम कथा संग्रहालय से बाहर आते इंजीनियर और ट्रस्टी। अमृत विचार

बाढ़ से सुरक्षित हैं हम

अयोध्या। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को बाढ़ परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए अयोध्या पहुंचे। भारी बारिश के बीच रामनगरी पहुंचे स्वतंत्र देव ने तटीय इलाकों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि नेपाल में भारी बारिश के बाद सरयू समेत अन्य नदियों में बाढ़ की नौबत आ जाती है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ की 238 परियोजनाएं चल रही है, जिसमें लगभग सभी पूरी हो चुकी है। हमारी कोशिश है कि किसानों को किसी तरह की हानि न पहुंचे। इसके लिए परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। बस्ती से अयोध्या पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि परियोजनाएं पूर्ण होने के बाद पूर्वांचल का इलाका बाढ़ से सुरक्षित है। अयोध्या, देवीपाटन, आजमगढ़ मण्डल समेत गोंडा, बाराबंकी व अम्बेडकरनगर तक हमारी परियोजनाएं कार्य कर रही हैं।

कार्यालय नगर पंचायत कुरारा-हमीरपुर

पत्रांक : 117 / न0पं0कु0 / कुटेशन / 2024-25 दिनांक - 06/07/24

कुटेशन सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्मो / व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि रा0वि0आ0 / निकाय बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत नगर पंचायत कुरारा के निम्नांकित पेयजल टैंकर/ सीवर सेक्शन मशीन / ट्रैक्टर ट्राली की तात्कालिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत मरम्मत कार्य कराया जाना है। उक्त मरम्मत कार्य की दरें प्राप्ति किये जाने हेतु कुटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपना सीलबन्द कुटेशन / दरें दिनांक 08/07/24 से दिनांक 16/07/24 समय अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त सीलबन्द कुटेशन दिनांक 16/07/24 को अपराहन्य 3.30 बजे अध्यक्ष महोदय अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी / कर्मचारी द्वारा खोले जायेंगे। कुटेशन खोलते समय अनुपस्थित ठेकेदार की प्रतीक्षा नहीं की जाएगी ।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आपूर्ति अवधि
1	2	3
1	ट्रैक्टर ट्राली मरम्मत कार्य, 01 अदद	01 सप्ताह
2	टैंकर मरम्मत कार्य / पानी टंकी बदलना स्टेनलेश स्टील पर नया लगाना, 01 अदद	01 सप्ताह
3	सीवर सेक्शन मशीन मरम्मत कार्य, 01 अदद	01 सप्ताह

निर्धारित शर्ते :-
1. उपरोक्त मरम्मत कार्य की अतिरिक्त मांग होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार/ फर्म को स्वीकृत दर पर ही कार्य कराना होगा।
2. निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा ।
3. कुटेशन डालने के पूर्व वाहनों की स्थिति नगर पंचायत में देखी जा सकती है, मरम्मत कार्य के पश्चात् आपूर्ति नगर पंचायत में करनी होगी।
4. एक या समस्त कुटेशनों को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
5. कार्य की गुणवत्ता सन्तोषजनक न होने पर आपूर्ति कर्ता को सामान वापिस कर दिया जायेगा जिसके हानि लाभ का वह स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि अन्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जायेगा ।
7. बिलों से नियमानुसार करों की कटौती की जाएगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुरारा,
हमीरपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत कुरारा,
हमीरपुर

एक नजर

पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदले

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल दिए गए हैं। संयुक्त निदेशक ग्रेड के चिकित्सकों में बस्ती जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.रामेश्वर मिश्र को बदायूं का सीएमओ, अयोध्या में तैनात डॉ.रजत कुमार चौरसिया को सिद्धार्थनगर, अमेठी के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार को बहराइच, सीतापुर में एसीएमओ डॉ.राजीव नयन को फतेहपुर का और शामली के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अनिल कुमार को शामली का सीएमओ बनाया गया है।

50 हजार के इनामी को थाणे से किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने रंगदारी और हत्या के प्रयास के आरोप में दो वर्ष से फरार चल रहे एक अपराधी को महाराष्ट्र के थाणे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपराधी पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था। गोरखपुर पुलिस दो वर्षों से उसकी तलाश कर रही थी। एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि अभियुक्त गौतम गौड़ देवरिया के खामपार बरवापट्टी गांव का रहने वाला था। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह देवरिया के रहने वाले जितेंद्र गुप्ता के कहने पर उसके एक रिश्तेदार से 25 लाख की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी न मिलने पर जान से मारने की नीयत से उसपर फायरिंग भी किया था। इस मामले में वह फरार चल रहा था।

जमीन कब्जाने वाले न बख्शे जाएं: योगी

कहा, जनसमस्याओं के निस्तारण में नहीं चलेगी हीलाहवाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में पीड़िता से बात करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जमीन कब्जाने वाले किसी भी दशा में न बख्शे जाएं। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली नहीं चलेगी। अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं का निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में यह निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने 400 लोगों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सभी लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों की ओर से जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाय, ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े।

▸▸ गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने सुनीं 400 लोगों की समस्याएं

मुख्यमंत्री ने की गोसेवा

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन- पूजन किया और गोशाला में जाकर गोसेवा की। गोवंश को उन्हें गुड़ खिलाया। गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

नए दौर के अनुरूप चलाने होंगे तकनीकी पाठ्यक्रम

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का समय तकनीकी का समय है। समय के अनुरूप ही हमें उन्नत तकनीकी को लेकर आगे बढ़ना होगा। इसके लिए युवाओं को नए दौर के तकनीकी पाठ्यक्रमों की शिक्षा उपलब्ध करानी होगी, ताकि हमारे युवा किसी भी तरह समय से पीछे न हो सकें। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर के सहजनवा के हरदी में राजकीय पॉलिटेक्निक के आवासीय-अनावसीय भवनों का उद्घाटन करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कुछ युवा विभिन्न ऑनलाइन फर्जी कंपनियों की लालच में फंसकर अपना धन व समय दोनों बेकार कर देते हैं। साइबर सिक्योरिटी के लिए भी डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम चलाकर प्रशिक्षित युवाओं को तैयार किया जा सकता है।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे बनकर तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे बनकर तैयार हो चुका है। सहजनवा के गीडा में पहले स्लॉटर हाउस बनाया जा रहा था, आज वहां नए-नए उद्योग लग रहे हैं। गीडा क्षेत्र में पेप्सिको ने भी अपना प्लांट लगाया है जिसका उद्घाटन कार्य शीघ्र ही किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बाढ़ से बचाव के लिए जिले में कुछ बांधों का निरीक्षण किया।

आसानी से पहुंच रहे परिवार नियोजन के साधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में परिवार नियोजन जागरूकता को लेकर सारथी वाहन और सास बेटा बहू सम्मेलन समेत कई कार्यक्रम संचालित हो रहें हैं, जिसकी वजह से दंपतियों में जागरूकता बढ़ी है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधन (बास्केट ऑफ च्वाइस) का निशुल्क वितरण किया जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि प्रदेश में परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (एफपी - एलएमआईएस) से जरूरतमंद दंपतियों तक परिवार नियोजन साधन आसानी से पहुंच रहें हैं। परिवार नियोजन को बढ़ावा मिलने से वर्तमान के साथ ही भविष्य की भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में आशा द्वारा एफपी - एलएमआईएस को लागू करने में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रहा है।

▸▸ एफपी एलएमआईएस को लागू करने में उप्र. देश में प्रथम स्थान पर

बढ़ी आधुनिक साधनों की मांग

परिवार कल्याण कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सूर्यांशु ओझा ने बताया डॉ.सूर्यांशु ने बताया कि प्रदेश में परिवार नियोजन साधनों की कमी की समस्याएं धीरे-धीरे कम हो गई। स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भनिरोधक साधन आसानी से उपलब्ध हैं। जिसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार भी हुए हैं। लखनऊ एसीएमओ डॉ. बीएन यादव ने बताया कि प्रदेश में अनमेट नीड (बच्चे न चाहने वाले दंपति और परिवार नियोजन का साधन न अपनाने वाले) 12.9 फीसद हैं, वहीं अंतराल विधियों की अनमेट नीड 4.8 फीसद है। जो कि पूर्व के रिकार्ड से खासा बढ़ा है।

कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्य सचिव व डीजीपी ने मेरठ में की बैठक

अमृत विचार, लखनऊ: कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मेरठ स्थित मंडलायुक्त सभागार में मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ मंडल के अधिकारियों के साथ साथ उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के बाद दोनों अधिकारियों ने औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि कांवड़ शिविरों तथा कांवड़ मार्गों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। यात्रा पूर्ण रूप से प्लास्टिक फ्री कराने का प्रयास कराएं। संपूर्ण कांवड़ यात्रा की हेलीकॉप्टर से निगरानी एवं पूर्व के वर्षों की भांति श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी। चिकित्सा शिविरों में एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर, आईजी नचिकेता झा, सहित कई जिलों के मंडलायुक्त, डीएम, एसएसपी मौजूद रहे।

राहुल देख रहे प्रधानमंत्री बनने का सपना : आठवले

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में आरपीआई अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया(आरपीआई) के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले शनिवार को राजधानी पहुंचे। रविन्द्रालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा को पूर्व से कुछ सीटें ज्यादा मिली हैं। इसके लिए दोनों पार्टियों ने संविधान बदलने का झूठा प्रोपेगेंडा फैला कर वोटरों को गुमराह किया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे थे, उनका सपना इतनी जल्दी पूरा होने वाला नहीं है। अभी हमारी सरकार 20 से 25 वर्ष और सत्ता में रहेगी। जनता हमारे साथ है।

हाथरस मामले पर आठवले ने कहा, पुलिस प्रशासन की लापरवाही की वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। पुलिस को आगे से ध्यान रखना चाहिए कि किस तरह का कार्यक्रम है, कितनी भीड़ जुटने वाली है, इन सब चीजों पर विचार करके अनुमति दें। महाराष्ट्र में चुनाव होने वाले हैं। 180 सीटें लाने का मेरी पार्टी का लक्ष्य है।

▸▸ कांग्रेस-सपा ने संविधान बदलने का झूठा प्रोपेगेंडा फैला कर वोटरों को किया गुमराह

हाथरस हादसे में हुईं गिरफ्तारियों की तुरंत हो न्यायिक जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि 'हाथरस हादसे' में प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों को गिरफ़्तार किया जा रहा है, जो मूल आयोजन स्थल से दूर थे और गिरफ़्तारी के बाद उनको ही दोषी ठहराये जाने की तैयारी कर रहा है। ये गिरफ़्तारियाँ स्वयं में एक षड्यंत्र हैं। इन गिरफ़्तारियों की तुरंत न्यायिक जाँच हो, ताकि भाजपा सरकार का खेल जनता के सामने लाया जा सके।

सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश का शासन-प्रशासन 'हाथरस हादसे' में अपनी नाकामी छुपाने के लिए, छोटी-मोटी गिरफ़्तारियाँ दिखाकर सैकड़ों लोगों की मौत से अपनी ज़िम्मेदारी का पल्ला झाड़ना चाहता है। अगर इस आयोजन में हुई शासनिक-प्रशासनिक विफलता से किसी ने कोई सबक़ नहीं लिया और ऐसी दुर्घटनाएँ भविष्य में भी दोहरायी जाती रहेंगी।

उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सरकार ये कहती है कि ऐसे आयोजन से उसका कोई लेना-देना नहीं था, तो फिर भाजपा सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक़ नहीं। क्योंकि इस कार्यक्रम में अधिकांश लोग ग़रीब थे, दुखी, शोषित, पीड़ित, वंचित, दमित थे। स्पष्ट है कि ऐसे लोगों से भाजपा सरकार का कोई सरोकार नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि परम्परागत धार्मिक आयोजनों में सरकार को समुचित व्यवस्था करना चाहिए। जिससे किसी तरह की रुकावट या असुविधा न हो सके।

▸▸ प्रशासनिक विफलता से सबक़ नहीं लिया तो होती रहेंगी ऐसी दुर्घटनाएं : अखिलेश

महायोगी गोरखनाथ विवि में भी होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

अमृत विचार, लखनऊ: गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम के मेडिकल कॉलेज (श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) में एमबीबीएस की पढ़ाई होगी। नेशनल मेडिकल कॉउंसिल(एनएमसी) ने नीट काउंसलिंग के जरिए इस सत्र में प्रवेश लेकर पाठ्यक्रम शुरू करने की मान्यता दे दी है।

विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने बताया कि एमबीबीएस की मान्यता मिल जाने से वाराणसी और लखनऊ के बाद गोरखपुर में निजी क्षेत्र का पहला मेडिकल कॉलेज होगा। इससे गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ ही गोरखपुर-बस्ती-आजमगढ़ मंडल से लेकर पश्चिमी बिहार और नेपाल तक के लोगों को अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

भोले बाबा सहित अन्य दोषियों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: हाथरस कांड को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बाबा भोले सहित अन्य जो भी दोषी हैं, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार को राजनैतिक स्वार्थ में ढ़ीला नहीं पड़ना चाहिए, बल्कि ऐसे अन्य बाबाओं के विरूद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि भविष्य में लोगों को अपनी जान न गवांनी पड़े।

बसपा प्रमुख ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि गरीबों, दलितों व पीड़ितों आदि को अपनी गरीबी व अन्य सभी दुःखों को दूर करने के लिए हाथरस के भोले बाबा जैसे बाबाओं के अंधविश्वास व पाखंडवाद के बहकावे में आकर अपने दुःख व पीड़ा को और नहीं बढ़ाना चाहिए। बल्कि डॉ.भीमराव अंबेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर इन्हें सत्ता खुद अपने हाथों में लेकर अपनी तकदीर खुद बदलनी होगी। तभी हाथरस जैसे कांडों से बच सकते हैं, जिसमें 121 लोगों की मृत्यु अति-चिंताजनक है।

तमिलनाडु जाएंगी मायावती: बसपा सुप्रीमो तमिलनाडु जाकर वहां के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में बसपा के कर्मठ एवं समर्पित नेता की हत्या से पूरे समाज में दुख व आक्रोश की लहर है। सरकार को अविलम्ब सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं को आगे रोका जा सके। मालूम हो कि शुक्रवार को अज्ञात हमलावरों ने चेन्नई में के. आर्मस्ट्रांग की हत्या कर दी थी।

▸▸ अंधविश्वास व पाखंड के बहकावे में लोगों को नहीं फंसना चाहिए : मायावती

डॉ. मुखर्जी के कार्य सदैव प्रेरणादायी रहेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि देश की एकता और अखण्डता के लिए जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना सर्वस्व जीवन अर्पण कर दिया। राष्ट्रहित में उनके द्वारा किये गए कार्य और आदर्श व्यक्तित्व हमसभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

वह, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर शनिवार को सिविल हास्पिटल, लखनऊ स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। वहीं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में श्यामा प्रसाद के चित्र पर पुष्पार्चन करके नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए प्रेरित किया। आज पूरा संगठन उनके द्वारा बनाये गए आदर्शों व मूल्यों का आधार बना कर कार्य कर रहा है।

▸▸ भूपेंद्र चौधरी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर उनकी प्रतिमा पर किया पुष्पार्चन

पुष्पार्चन करने के पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल एसिड पीड़िता परिवार से मिला

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को किंग जार्ज चिकित्सा विद्यालय के प्लास्टिक सर्जरी विभाग पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता का हालचाल भी लिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष प्रज्ञा सिंह, सुशीला शर्मा, प्रदेश सचिव अनामिका यादव, सुनीता रावत, महताब जायसी, नितान्त सिंह, आर्यन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-123

बाएं से दाएं

3. 1. किसी बात
4. घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ।
7. 1. कोई चीज़ इतनी तेज़ी से फेंकना या ढकेलना कि वह चक्कर खाते हुए आगे बढ़े 2. लुढ़कने में प्रवृत्त करना।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रकार का विद्युत चुंबकीय विकिरण जिसकी आवृत्ति उप-आण्विक कणों के आपसी टकराव से निकलती है।
2. 1. किसी कथन के पश्चात् होने वाली बातचीत (कथन) 2. वर्णन 3. बातचीत, बहस, चर्चा।
3. 1. अपवित्र, अशुद्ध, नापाक, मलिन, गंदा 2. दुष्ट, ख़राब।
5. प्रेमिका, प्रेयसी।
6. खाने योग्य (पदार्थ)।



वर्ग पहेली -122 का हल

	1 से		2 झों	3 क	ना
4 क	रा	वा		ट	
म			5 अ		
6 अ	प	र	द	न	
स			ब		7 अ
ल			दा		चे
		8 अ	ना	कृ	त

सुडोकू-36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5			7		9		8
			2			7		3
		6	1	8		4		
8		7		9				4
5								1
4				3		6		5
		5		4	6	2		
9		2			7			
6		8		2			3	

सुडोकू -35 का हल

1	5	3	4	9	6	2	7	8
6	9	8	3	2	7	4	1	5
2	7	4	1	5	8	3	6	9
8	1	9	7	3	2	6	5	4
5	6	2	8	4	1	7	9	3
4	3	7	5	6	9	8	2	1
3	2	5	9	7	4	1	8	6
7	4	1	6	8	5	9	3	2
9	8	6	2	1	3	5	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 8 जुलाई 04.59 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लाभ उन्नति का अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में संलग्न लोगों को व्यापार को बढ़ाने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग हैं।

वृष — आज संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा विरोधी गुप्त रूप से आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे। सावधानी बनाए रखें। सामाजिक कार्य में अभिरुचि बढ़ेगी। दूसरों की छोटी-मोटी बातों को तूल न देते हुए अपने लक्ष्य पर फोकस करना उचित रहेगा।

मिथुन — आज विरोधी पक्ष आपकी कमजोरी का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। आपकी सूझबूझ से परिस्थितियों अनुकूल होने लगेंगे। कारोबार में विस्तार की योजना साकार होती हुई नजर आएगी। आर्थिक मामलों में शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आज परोपकार, दया, धर्म में अभिरुचि बढ़ेगी। किसी पुराने कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। मजदूर वर्ग को रोजगार संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। किसी भी जोखिम भरी योजना में निवेश करने से बचना चाहिए।

सिंह — आज नौकरी की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ सकता है। आपको शारीरिक परिश्रम अधिक करना पड़ सकता है। पहले के रुके हुए कार्य पर फोकस करना होगा। उद्योग धंधे से जुड़े लोगों को अपेक्षा से कम सफलता मिलेगी।

कन्या — आज किसी पुराने मुकदमे से छुटकारा मिलेगा। जेल से मुक्त होंगे। समाज में आपके कार्यों की सराहना होगी। व्यापार में नए मित्र बनेंगे। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए लंबी यात्रा पर जाना सफल होगा।

तुला — आज नौकरी में पदोन्नति के योग बनेंगे। भूमि, भवन आदि के कार्य में लगे लोगों को विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कोई काफी समय से रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। राजनीति में आपके नेतृत्व की सराहना होगी।

वृश्चिक — आज किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। राजनीति में मिली असफलता अपमान का सबब बनेगी। व्यापार में तनाव होने से मन खिन्न रहेगा। यात्रा में किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक विश्वास करना हानिकारक सिद्ध होगा।

धनु — आज कोई महत्वपूर्ण कार्य धन के अभाव में बाधित हो सकता है। कृषि कार्य में रुचि कम रहेगी। सरकारी की कोई योजना आपके लिए उन्नति कारक सिद्ध होगी। निर्माण संबंधी कार्य में अकारण विघ्न आ सकते हैं। किसी व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में झूठे आरोप में जेल जाना पड़ सकता है। नौकरी में मनचाही जगह स्थानांतरण हो सकता है। राजनीतिक विरोधी षड्यंत्र रच कर फसा सकते हैं। किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। व्यापार में अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

कुंभ — आज नौकरी में अधीनस्थ से तालमेल बैठाने का प्रयास करें। लंबित कार्य निपट सकेंगे। व्यापार में नए अनुबंध के लिए आपको कठिन प्रयास करना पड़ेगा। आध्यात्मिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को कोई सरकारी सहायता मिल सकती है।

मीन — आज दूर देश में लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन खरीदने की पुरानी इच्छा पूर्ण हो सकती है। शुभचिंतकों की सलाह की अनदेखी करने से बचना चाहिए अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- परदेशी बाबू — सुबह : 11.29
- कोहराम — रात : 07.00
- वलाटी — सुबह :11.22
- कंजूस मखीचूस — रात : 08.00

&pictures

SONY PIX
- वंडर वुमन — सुबह : 08.57
- 65 — रात : 07.25

ZEE CINEMA
- फुकरे 3 — सुबह : 10.26
- सूर्यवंशी — रात : 08.30

colors CINEPLEX
- रुध्रन् — दोपहर : 01.13
- हनुमान — रात : 08.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू- पापा 80 प्रतिशत आए हैं।
पापा- लेकिन मार्कशीट पर तो सिर्फ 40 प्रतिशत लिखा है?
चिंटू- बाकी के 40 प्रतिशत आधारकार्ड लिंक होने पर होने पर सीधे अकाउंट में आएंगे।
चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल!

मास्टर जी- बताओ कौन सी ऐसी चीज है, जो खींचने से छोटी होती है?
टिंकू- सर बीड़ी...
मास्टर जी- नशेड़ी की औलाद, तू निकल मेरी क्लास से बाहर!

एक नजर

अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री से बाढ़ के बारे में ली जानकारी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात कर राज्य में भारी बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली है। शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री से बात कर वहां हुई भारी बारिश के बाद उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। शाह ने कहा, भारी बारिश के कारण असम में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं. मौजूदा स्थिति के बारे में असम के मुख्यमंत्री से बात की। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं, राहत प्रदान कर रहे हैं और पीड़ितों को बचा रहे हैं। प्रधानमंत्री असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

बीआरएस के 7वें विधायक कांग्रेस में हुए शामिल

हैदराबाद। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के गदवाल से विधायक बंदला कृष्णमोहन रेड्डी शनिवार को यहां जुबली हिल्स स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। रेवंत रेड्डी ने कृष्णमोहन रेड्डी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव के साथ अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे। रेड्डी कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के सातवें विधायक हैं। अब तक छह बीआरएस विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है और उनमें कदियम श्रीहरि, दानम नागेंदर, तेलम वेंकट राव, पोचारम श्रीनिवास रेड्डी, संजय कुमार और काले यादैया शामिल हैं। हाल ही में छह बीआरएस एमएलसी भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं।

विभव की न्यायिक हिरासत 16 तक बढ़ाई

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार की न्यायिक हिरासत शनिवार को 16 जुलाई तक बढ़ा दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमला करने का आरोप है। कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के सामने पेश किया गया, जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें उसी दिन एक मजिस्ट्रेट अदालत ने पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने पाया था कि गिरफ्तारी के कारण उनकी अग्रिम जमानत याचिका निरर्थक हो गई है।

कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान, दो निशान समाप्त हो गए हैं : शाह

102वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया

गांधीनगर, एजेंसी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के गांधीनगर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। शाह ने शनिवार को यहां 102वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और सचिव, सहकारिता मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

● कहा- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण बंगाल और कश्मीर आज भारत का हिस्सा

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। आज अगर बंगाल और कश्मीर भारत का हिस्सा हैं, तो इसका एकमात्र कारण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने ही एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के आंदोलन का नेतृत्व किया और इसके लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बाबू जगजीवन राम जी की भी पुण्यतिथि है, जिन्होंने देश के दलितों के लिए कई विकास कार्यक्रम चलाए और सामाजिक समरसता और धर्म परिवर्तन के विरोध की नींव रखी।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज सहकारिता क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों कार्यकर्ताओं के लिए कई प्रकार से एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री ने एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी। पिछली सरकारों ने कभी अलग सहकारिता मंत्रालय की आवश्यकता महसूस नहीं की। गुजरात की धरती से आने वाले मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद आज के समय में सहकारिता की ज़रूरत को समझकर 2021 में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी।

बसपा नेता की हत्या में आठ संदिग्ध पकड़े गए

चेन्नई। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के सिलसिले में कम से कम आठ संदिग्धों को पकड़ा गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवंगत नेता के समर्थकों और नेताओं ने सवाल उठाया है कि गिरफ्तार किए गए संदिग्ध क्या असली अपराधी हैं। आर्मस्ट्रांग के समर्थकों ने दावा किया कि उनकी हत्या योजना बनाकर की गई थी और उन्होंने 52 वर्षीय आर्मस्ट्रांग की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग की। मोटरसाइकिल सवार छह लोगों के एक समूह ने चेन्नई नगर निगम के पूर्व पार्षद आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को पेरम्बूर में उनके घर के पास हत्या कर दी थी।

सूरत में छह मंजिला आवासीय इमारत ढही

सूरत, एजेंसी

● मलबे में चार से पांच लोगों के फंसे होने की आशंका, तलाश व बचाव अभियान जारी

गुजरात के सूरत शहर के पाल इलाके में शनिवार दोपहर छह मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिसके बाद कम से कम चार से पांच लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। सूरत के जिलाधिकारी सौरभ पारधी ने बताया कि मलबे से एक महिला को जीवित बचा लिया गया है, जबकि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से तलाश व बचाव अभियान जारी है क्योंकि स्थानीय लोगों का दावा है कि चार से पांच लोग अब भी फंसे हो सकते हैं।

पारधी ने कहा, शहर के पाल इलाके में दोपहर के समय छह मंजिला इमारत ढह गई। हमें पता चला है कि इमारत में चार से पांच फ्लैट में लोग रहते हैं। एक महिला को बचा लिया गया है। चार से पांच लोगों के अब भी फंसे होने की आशंका है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से तलाश व बचाव अभियान जारी है। हमें उम्मीद है कि कुछ घंटे में अभियान खत्म हो जाएगा। बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंचे सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने पुष्टि की कि बचाव प्रयासों की शुरुआत में फंसे हुए लोगों की आवाज सुनी गईं। उन्होंने कहा कि इमारत का निर्माण 2016-17 में हुआ था। सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया इमारत में लगभग पांच फ्लैट में लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकतर कारखानों में काम करते हैं।

संसद सदस्यों के लिए अपमानजनक टिप्पणियों को वापस लें : धनखड़

मेधावी छात्रों को उत्कृष्टता पदक प्रदान करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़। ● एजेंसी

नयी दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की सांसदों को अंशकालिक बताने वाली टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि यह अत्यधिक अपमानजनक है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। धनखड़ ने केरल के तिरुवनंतपुरम में भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संसद के सदस्यों को अंशकालिक बताया जाना अपमानजनक है।

उन्होंने कहा कि संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है। गौरतलब है कि चिदम्बरम ने एक साक्षात्कार में सांसदों को अंशकालिक बताया है। धनखड़ ने नाम लिए बिना वरिष्ठ सांसद के शब्दों को संसद की बुद्धिमत्ता का अक्षम्य अपमान बताया। उपराष्ट्रपति ने सवाल किया, क्या हम संसद में अंशकालिक लोग हैं? वरिष्ठ सांसद के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा, मेरे पास इस तरह की कहानी की निंदा करने के लिए पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू चार दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचीं

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को ओडिशा के चार दिवसीय दौरे पर भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से यहां पहुंचीं। राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। इसके बाद मुर्मू उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास की 96वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गईं। दास ने 1936 में ओडिशा के अलग राज्य के गठन में अग्रणी भूमिका निभाई थी।

जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को दोबारा खोलने की तिथि को लेकर होगा मंथन

भुवनेश्वर, एजेंसी

● उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने समिति की बैठक के बाद जानकारी दी

ओडिशा सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति रत्न भंडार को पुनः खोलने की तारीख तय करने के लिए नौ जुलाई को बैठक करेगी। इस समिति का गठन जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में आभूषणों समेत कीमती वस्तुओं की सूची बनाने के काम की निगरानी के लिए किया गया है। उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने शनिवार को पुरी में समिति की पहली बैठक के बाद यह जानकारी दी।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान न्यायमूर्ति रथ ने कहा, उपलब्ध दस्तावेजों और ब्यौरे की जांच करने के बाद यह पाया गया कि रत्न भंडार की एक डुप्लिकेट चाबी पुरी सरकारी खजाने में है, इसलिए हमने रत्न भंडार को फिर से खोलने की तारीख तय करने के लिए नौ जुलाई को समिति की एक और बैठक आयोजित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को अगली बैठक में समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लिकेट चाबी पेश करने को कहा गया है।

रथ ने कहा कि चूंकि खजाने का आंतरिक कक्ष कई दशकों से नहीं खुला है और दरवाजे का ताला काम नहीं कर रहा होगा, इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी स्थिति में ताला तोड़ने के लिए सरकार की मंजूरी से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी।

थापर पर हमला करने वाले दो निहंग गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब पुलिस ने शनिवार को शिव सेना नेता संदीप थापर गोरा (58) पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को संदीप थापर पर उस समय हमला किया गया, जब वह सामवेदना ट्रस्ट के संस्थापक-अध्यक्ष रविंदर अरोड़ा की चौथी पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने के बाद सिविल अस्पताल के पास स्थित ट्रस्ट कार्यालय से बाहर अपने स्कूटर पर आ रहे थे।

केजरीवाल राजनीतिक षड़यंत्र के शिकार

नयी दिल्ली, एजेंसी

बोलीं सुनीता केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उन्हें (अरविंद केजरीवाल को) गहरी राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है और ईडी ने एक गवाह के झूठे बयान के आधार पर आबकारी नीति मामले में उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को तेलुगु देशम पार्टी के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया था। तेदेपा सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का घटक दल है। सुनीता केजरीवाल ने लोगों से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक ईमानदार, शिक्षित और देशभक्त व्यक्ति हैं और अगर जनता उनका समर्थन नहीं करती है, तो 'आप' नेता के साथ किए गए व्यवहार को देखते हुए कोई भी शिक्षित व्यक्ति राजनीति में नहीं आना चाहेगा। उन्होंने दावा किया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने अपने बेटे राघव मगुंटा रेड्डी की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत न मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ अपनी मुलाकात के बारे में ईडी को दिया अपना बयान बदल दिया।

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली में रक्षा अलंकरण समारोह-2024 के दौरान कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति सिंह से बातचीत की। ● एजेंसी

कारोबार/कृषि

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) : गेहूं दड़ा 2400-2410 आर. आर .21 2550-2600 गेहूं फारम 2600-2700 जौ 2000 -2100 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200 -2400

दलहन (प्रति क्वि.) : चना 6300 -6400 अरहर 9000 -10000 मसूर 5500 -5600 मटर 3700 -3800 उड़दहरा 11000 -11500 उड़दकाला 8000 -9000 मूंग 7800 -8000

दाल (प्रति क्वि.) : अरहरफूल 16500-16600 अरहरस्पेशल 14500-14600 चनादाल 7900-8000 मटरदाल 4600-4700 मसूरमलका 7200-7250 मसूरदाल 7400-7450 उड़ददाल 9000-13300 उड़द धोवा 10000- 13000 मूंगदाल 8100 -9700 मूंग धोवा 9700-11000

चावल (प्रति क्वि.) : अरवा 2800-3500 बासमती न01 .10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02 .7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1400-1460 मैदा 1380-1450 सूजी 1440-1460 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1370-1410

तिलहन (प्रति क्वि.) : लाही 5600-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11500-12200 मूंगफलीदानाशिवपुरी 9800-11200 बटाली 9000 -11000 सेहुआं 4000 - 4500

तेल (प्रति क्वि.) : सरसों कोल्हू 12300-12400 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000

रिफाइण्ड (प्रति टिन) : सोयाबीन 1590-1611

खली (प्रति क्वि.) : सरसों 2750-2800 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450

वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) : बावर्ची 1585-1585 मयूर 1585-1585 गुड़ (प्रति क्वि.) : मंगलौरलडडू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700

कानपुर मंडी

शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4160-4200 घीदेशी (प्रति क्वि.) : खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400 ब्राण्डेडदेशी घी (प्रति टिन) : अनिक 8100 पातीराम 7900 रतन एगमार्क 8100 अमृतगोल्ड 7800 किराना-मेवा (प्रति क्वि.) : कलीमिर्च 58000-64000 बड़ीइलायची 90000-150000 सोंठ 38000-41000 धनिया 8000-13000 लालमिर्च 14000-34000 जीरा 28000-32000 अजवाइन 20000-28000 सौंफ 13000-32000 हल्दी 17000-22000 सुपारी 40000-48000 चिकनीसुपारी 68000-70000 मेथी 6000-7500 कलौंजी 20000-23000 खटाई 10000-16000 इमली 9000-11000 अनारदाना 50000-55000 गरीगोला 11000-12000 छुहारा 14000-28000 मखाना 50000-90000 किशमिश-इण्डियन 18000-23000 किशमिश-काबुली 30000-40000 मुनक्का 25000-55000 बादाम 18000-60000 काजू (पेटी 22 किलो) 10500-14000 भावप्रतिकिलो : छोटीइलायची 1400-22000 लौंग 850-920 पिपरमेन्टक्रिश्टल 1150-1200 कपूर300-600 कत्था 450-1500 चिरौंजी 1500-1800 केशर 155000-185000 पिस्ता 1200-1400 जायफल 520-640 जावित्री 1600-1800 बादामगिरी 550-630 अखरोट 400-500 अखरोटगिरी 600-950 पोस्तादाना 900-1100

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	94350
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	75750
गिन्नी (प्रति नग)	56000-56200

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	73,200
चांदी आभूषण	91,700

महाराष्ट्र सरकार सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए तीन कंपनियों से कर रही बात : फडणवीस

होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण की विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के बाद बोले

नागपुर, एजेंसी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवा''र को कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बुटीबोरी क्षेत्र में होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। होरिबा इंडिया, जापानी फर्म होरिबा लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है।

फडणवीस ने पुणे और नागपुर में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए होरिबा के चेयरमैन अतुशी

होरिबा को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए होरिबा सहित तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। उन्होंने होरिबा को प्रस्ताव दिया है कि वह नागपुर में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जमीन आरक्षित रखी जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने शहर में अपना संयंत्र शुरू करने के लिए होरिबा इंडिया को धन्यवाद दिया। होरिबा इंडिया ने एक बयान में कहा कि नागपुर संयंत्र में लगभग 200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और यह भारत में 30,000 से अधिक डायग्नोस्टिक लैब और अस्पतालों को सेवाएं देगा।

आईवीपी सेमीकंडक्टर को राजस्व मिलने की उम्मीद

चेन्नई। फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप आईवीपी सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड ने घरेलू बाजार में सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन करने के अपने अभियान के तहत एक उत्पादन परीक्षण संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। आईवीपी सेमीकंडक्टर के सह-संस्थापक और सीईओ राजा मणिकम ने कहा कि कंपनी ने अपनी विस्तार योजनाओं के लिए 50 लाख अमेरिकी डॉलर हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पहले घरेलू बाजार में ग्राहकों की सेवा करना और बाद में कंपनी का विस्तार करके उसे वैश्विक ब्रांड बनना है। मणिकम ने कहा, आज घरेलू सेमीकंडक्टर उद्योग को कई वैश्विक कंपनियां सेवा दे रही हैं। मैं एक भारतीय कंपनी के रूप में उद्योग की सेवा करना चाहता हूं। आईवीपी सेमीकंडक्टर एक भारतीय कंपनी है। उन्होंने कहा, हम मौजूदा खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धी बनने जा रहे हैं, जिनमें से ज़्यादातर वैश्विक कंपनियां हैं।

पीएनबी पर रिजर्व बैंक ने लगाया 1.31 करोड़ जुर्माना

नयी दिल्ली, एजेंसी

● बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 1.31 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना किया है। रिजर्व बैंक ने कल देर रात जारी आदेश में कहा कि पंजाब नेशनल बैंक पर 'ऋण और अग्रिमः वैधानिक और अन्य प्रतिबंध' और अपने ग्राहक को जानें निर्देश, 2016 के निर्देशों के अनुपालन नहीं करने पर 1,31,80,000 रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

केन्द्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया गया है। केन्द्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक का पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण किया गया था। उसके निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उसे कारण बताने की सलाह दी गई थी कि उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने पाया कि बैंक के खिलाफ आरोप सही पाए गए, जिसके लिए मौद्रिक दंड लगाया जाना उचित था।

रतन कुमार बंधन बैंक के अंतरिम एमडी व सीईओ

कोलकाता, एजेंसी

निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने अपने कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी रतन कुमार केश को 10 जुलाई से अंतरिम प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ के रूप में नियुक्त किया है। बैंक के वर्तमान एमडी और सीईओ तथा संस्थापक चंद्रशेखर घोष नौ जुलाई को सेवानिवृत्त होंगे।

बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि केश तीन महीने के लिए या नए पदाधिकारी के कार्यभार संभालने तक, जो भी पहले हो,

अंतरिम एमडी और सीईओ होंगे। केश की नियुक्ति बैंक के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। वह मार्च 2023 से बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी हैं। इससे पहले वह आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, यस बैंक और एक्सिस बैंक में काम कर चुके हैं।

एम3एम इंडिया को नयी परियोजना से 4,000 करोड़ की आय की उम्मीद

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया को गुरुग्राम में नयी आवासीय परियोजना से 4,000 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। कंपनी ने गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर एक नयी आवासीय परियोजना एम3एम एल्टीट्यूड शुरू की है, जहां वह 350 विशिष्ट अपार्टमेंट बनाएगी। एम3एम इस चार एकड़ की परियोजना को विकसित करने के लिए 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि बिक्री से अनुमानित राजस्व करीब 4,000 करोड़ रुपये है। कंपनी इस परियोजना में 10 करोड़ रुपये से लेकर 30 करोड़ रुपये की कीमत वाले अपार्टमेंट बेच रही है।

चीनी, नमक और संतृप्त वसा की जानकारी मोटे अक्षरों में देनी होगी

नयी दिल्ली, एजेंसी

● खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर कुल चीनी, नमक और संतृप्त वसा की पोषण संबंधी जानकारी मोटे अक्षरों में और अपेक्षाकृत बढ़े हुए फॉन्ट आकार में प्रदर्शित करनी होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई के अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में पोषण संबंधी जानकारी के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। इस संशोधन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उपभोग किए जा रहे उत्पाद के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ निर्णय लेने हेतु सशक्त बनाना है। प्रस्तावित संशोधन से संबंधित मसौदा अधिसूचना अब सुझावों एवं आपत्तियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से सार्वजनिक की जाएगी।

हमें बेहतर करना चाहिए था, इसमें कोई छिपी बात नहीं : पेटीएम संस्थापक

नयी दिल्ली। पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने शनिवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई से मिली सीख के बारे में बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह व्यक्तिगत स्तर पर एक भावनात्मक झटका था, जबकि पेशेवर स्तर पर उन्हें जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने का सबक मिला। शर्मा ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा, मैं कहूंगा कि पेशेवर स्तर पर हमें बेहतर करना चाहिए था, इसमें कोई छिपी बात नहीं है। हमारे ऊपर जिम्मेदारियां थीं, हमें उन्हें और बेहतर तरीके से निभाना चाहिए था।

खेल डायरी

विनेश ने जीता स्पेन ग्रां प्री का स्वर्ण पदक

मैड्रिड। पेरिस ओलंपिक जाने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किलोवर्ग का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तिशुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। पूर्व में रूस की खिलाड़ी रही मारिया अब तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलती है। बुधवार को ऐन मौके पर शेंगेन वीजा पाने वाली विनेश ने तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। विनेश ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराया। इसके बाद कनाडा की मेडिसन पार्क्स को चित किया और सेमीफाइनल में कनाडा की ही कैटी डचाक को 9-4 से मात दी।

सबसे उम्रदराज ग्रैंडस्लैम चैंपियन विक का निधन

लंदन। विंबलडन विजेता और टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल विक सेक्सास का 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह सबसे उम्रदराज ग्रैंड स्लैम चैंपियन थे। सेक्सास की बेटी टोरी की पुष्टि के आधार पर उनके निधन की घोषणा की। उनका शुक्रवार को निधन हो गया। वह हॉल ऑफ फेम के सबसे उम्रदराज सदस्य थे और 1953 विंबलडन एकल खिताब जीतने वाले इस खिलाड़ी को इसमें 1971 में शामिल किया गया था।

भुल्लर मोरक्को में संयुक्त दूसरे स्थान पर

रबात (मोरक्को)। ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं।

अभय एशियाई स्क्वाश टूर्नामेंट में दो स्वर्ण की दौड़ में

नई दिल्ली। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह शनिवार को मलेशिया के जोहोर में एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में पुरूष युगल और मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीय अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने जापान के टोमोटाका एंडो और नाओकी हयाशी की जोड़ी पर 23 मिनट में 11-9, 11-2 से शानदार जीत सं पुरुष युगल खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत मलेशिया के दूसरे वरीय ओंग साई हंग और स्याफिक कमाल की जोड़ी से होगी। फिर अभय ने तीसरी वरीय अनुभवी जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चेंग नगा चिंग और लाई चेउक नाम मैथ्यू की हांगकांग की जोड़ी पर 11-8, 11-10 से जीत हासिल की। अब अभय और जोशना का सामना मिश्रित युगल फाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय टोंग त्सज विंग और टैंग मिंग हांग की जोड़ी से होगा।

टाईब्रेकर में हारा भारत, कारुआना ने जीता खिताब

बुखारेस्ट (रोमानिया)। भारत के आर प्रज्ञाननंदा और डी गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञाननंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए। प्रज्ञाननंदा मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे। जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली जिससे विजेता का फैसला करने के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टाइब्रेकर की स्थिति बन गई। अमेरिका के इस खिलाड़ी ने टाइब्रेकर में तीनों प्रतिद्वंदियों गुकेश, प्रज्ञाननंदा और अलीरेजा को हराकर 68500 अमेरिकी डॉलर का पहला पुरस्कार जीता।

जिम्बाब्वे के घर में भारतीय युवा पस्त

पहले टी-20 में जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रन से हराया, रजा और चतारा ने झटके 3-3 विकेट

अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

कप्तान सिकंदर रजा के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने शनिवार को खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में भारत को 13 रनों से हराकर 8 साल बाद ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बल्लेबाजों के लिए मुश्किल भरी पिच पर 116 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी फ्लॉप रही। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी के आगे भारतीय बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटते रहे और पूरी टीम 19.5 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। यह 2024 में भारत की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली हार थी। यह आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की पहली हार भी है।

भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल ने 29 गेंदों में पांच चौके लगाते हुये सर्वाधिक (31) रनों की पारी खेली। 11वें ओवर में सिकंदर रजा ने गिल को बोल्ड का मैच का रुख पलटा। हालांकि इसके बाद वाशिंगटन सुंदर और आवेश खान ने एक बार फिर से टीम की वापसी करते हुये मैच रूख भारत के पक्ष में कर दिया था। आवेश ने 12 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये 16 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 27 रन बनाए। भारत के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। टी-20 मुकाबले में यह जिम्बाब्वे की भारत के खिलाफ तीसरी जीत है। जिम्बाब्वे की ओर से सिकंदर रजा और टेंडई चतारा ने तीन-तीन विकेट लिए। ब्रायन बेनेट, वेलिंग्टन मसाकाट्जा, ब्लेसिंग मुजाराबानी और ल्यूक जॉन्गवे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां हरारे स्पोट्स क्लब में भारत के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में मुकेश कुमार ने इनोसेंट काइया (शून्य) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद वेस्ले मधेवीरे और ब्रायन बेनेट ने दूसरे विकेट के लिये 34 रन जोड़े। छठें ओवर में रवि बिश्नोई ने ब्रायन बेनेट (22)को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया।

बिश्नोई ने आठवें ओवर में वेस्ले मधेवीरे (21) को भी बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान सिंकदर रजा ने (17) डिओन मेयर्स (23) रन बनाकर आउट हुये। क्लाइव मडांडे ने 25 गेंदों में नाबाद (29) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी के आगे जिम्बाब्वे के पांच बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। रवि बिश्नोई (चार विकेट) और वॉशिंगटन सुंदर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को निर्धारित 20 ओवरों में 115 स्कोर रोक दिया था। भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने चार ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लिए और इस तरह टी-20 में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। मुकेश कुमार और आवेश खान को एक-एक विकेट मिला।

सिकंदर रजा की गेंद को समझने में नाकाम हुए कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

जिम्बाब्वे 115/9 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
वेसली मेडेवेरे बो बिश्नोई	21	22	3/0
इनोसेंट केइया बो मुकेश	0	1	0/0
ब्रायन बेनेट बो बिश्नोई	22	15	5/0
सिकंदर रजा का बिश्नोई बो आवेश	17	19	1/1
डियोन मायर्स का और बो सुंदर	23	22	2/0
जोनाथन कैंपबेल रन आउट	0	1	0/0
क्लाइव मडांडे नाबाद	29	25	4/0
वेलिंगटन मसाकाजा स्ट जुरेल बो सुंदर	0	0	0/0
ल्यूक जोंगवी पगबाधा बो बिश्नोई	1	3	0/0
ब्लेसिंग मुजाराबानी बो बिश्नोई	0	2	0/0
टेंडाइ छटारा नाबाद	0	9	0/0

अतिरिक्त : 2, **गेंदबाजी** : खलील 3-0-28-0, मुकेश 3-0-16-1, बिश्नोई 4-2-13-4, अभिषेक 2-0-17-0, आवेश 4-0-29-1, सुंदर 4-0-11-2

भारत 102/10 (19.5 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
अभिषेक कैच मसाकाजा बो बेनेट	0	4	0/0
शुभमन गिल बोल्ड सिकंदर रजा	31	29	5/0
ऋतुराज कैच इनोसेंट बो मुजाराबानी	7	9	1/0
रियान पराग कैच ब्रॉडेन बो छटारा	2	3	0/0
रिंकू सिंह कैच ब्रॉडेन बो छटारा	0	2	0/0
ध्रुव जुरेल कैच मडांडे बो जोंगवी	7	14	1/0
वॉशिंगटन कैच मुजाराबानी बो जोंगवी	27	34	1/1
रवि बिश्नोई पगबाधा बो रजा	9	8	2/0
आवेश खान कैच रजा बो मसाकाजा	16	12	3/0
मुकेश बोल्ड रजा	0	3	0/0
खलील अहमद नाबाद	0	1	0/0

अतिरिक्त : 3, **गेंदबाजी** : ब्रायन बेनेट 1-1-0-1, वेलिंगटन मसाकाजा 3-0-15-1, टेंडाइ छटारा 3.5-1-16-3, ब्लेसिंग मुजाराबानी 4-0-18-1, ल्यूक जोंगवी 4-0-28-1, सिकंदर रजा 4-0-25-3

करो या मरो मुकाबले में वापसी करना चाहेगी भारतीय महिला टीम

मैच का समय : शाम 07:00 बजे

चेन्नई। भारतीय महिला टीम पहले मैच में 12 रन से मिली हार के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए दूसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना चाहेगी। भारत को शुक्रवार को हुए पहले मैच में कैच छूटने और बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे टीम दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 189 रन के जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीका के इस मौजूदा दौरे में यह पहली जीत थी और इससे पहले उसे वनडे श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से शिकस्त मिली थी। शुक्रवार के मैच के बाद दोनों टीमों के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। भारत की ऋचा घोष और दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स को क्रमशः सिर में चोट और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। खिलाड़ियों के दिमाग में क्षेत्ररक्षण में फ्लॉप शो जरूर चल रहा होगा। विशेषकर पर तब जब मुख्य कोच कोच अमोल मजूमदार इस मामले में बेहद सख्त हैं।

हमने गेंदबाजी में गलतियां की : राधा

चेन्नई। भारतीय स्पिनर राधा यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 12 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों ने कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। तजमिन ब्रिट्स (81) और मारिजान कैप (57) ने गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी जिससे दक्षिण अफ्रीका चार विकेट पर 189 रन बनाने में सफल रहा। जवाब में भारत चार विकेट पर 177 रन ही बना पाई। राधा ने कहा यह जानना महत्वपूर्ण था कि विकेट पर किस लेंथ और किस गति से गेंदबाजी करनी है। हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में कुछ गलतियां की। हमने उन्हें 10 से 15 रन अधिक बनाने दिए। हमें उन्हें यॉर्कर लेंथ पर गेंद करनी चाहिए थी। हमें रणनीति पर अमल करना होगा और जल्द ही विकेट के व्यवहार को समझना होगा।

विंबलडन सेंटर कोर्ट पर तेंदुलकर का अभिवादन

लंदन। चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का शनिवार को दोपहर में यहां पहुंचने पर विंबलडन सेंटर कोर्ट पर दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। बादामी रंग का सूट पहने तेंदुलकर ने हाथ हिलाकर सभी के अभिवादन का जवाब दिया। विंबलडन ने एक्स पर डाले वीडियो के साथ लिखा सेंटर कोर्ट पर फिर आपका स्वागत है सचिन। सेंटर कोर्ट पर प्रस्तोता ने भी तेंदुलकर का स्वागत करते हुए कहा हमारे बीच भारत के महान क्रिकेटर, विश्व कप विजेता और क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लीजैंड हैं।

सचिन तेंदुलकर का स्वागत कीजिये। इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी रॉयल बॉक्स में बैठे थे। तेंदुलकर पिछले काफी साल से नियमित तौर पर विंबलडन देखने जाते हैं।

पेरिस डायमंड लीग

साबले और जेना के सामने होंगे विश्व स्तरीय खिलाड़ी

पेरिस। भारत के शीर्ष स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले और भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना रविवार को एक दिवसीय डायमंड लीग के पेरिस चरण में अपनी ओलंपिक तैयारियों को बेहतर करने की उम्मीद करेंगे।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ समय से परेशान कर रही जांघ की समस्या के कारण इसमें हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। साबले और जेना दोनों ही फॉर्म में नहीं हैं और उन्होंने ओलंपिक से पहले ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है। पर अब वे पेरिस की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में एथलेटिक्स स्पर्धायें एक अगस्त से शुरू होंगी। 29 वर्षीय साबले ने अभी तक दो 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धाओं में हिस्सा लिया है। उन्होंने पोर्टलैंड में 8:21.85 और पंचकुला में 8:31.75 का समय निकाला था जबकि उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 8:11.20 है। एशियाई खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता ने कहा मैंने पिछले दो साल में गलतियां की हैं।

सदस्य इकाइयों से डाउनलोड होंगे खिलाड़ियों के पहचान पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया की ई-गवर्नेंस की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अब खिलाड़ी सदस्य इकाइयों के पोर्टल से सीधे अपने पहचान पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र को जारी करने की प्रणाली शुरुआत कर दी है। यह नई प्रणाली पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। यह कई प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करती है।

पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया में सदस्य इकाई पोर्टल पर खिलाड़ी पंजीकरण, सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण तथा दस्तावेज प्रस्तुत करना, सदस्य इकाई द्वारा प्रोफाइल की समीक्षा, हॉकी इंडिया को स्वीकृत प्रोफाइल प्रस्तुत करना, हॉकी इंडिया द्वारा अंतिम समीक्षा और अनुमोदन तथा आखिर में खिलाड़ियों को सदस्य इकाई पोर्टल पर अपना विवरण दर्ज करके सीधे अपना डिजिटल आईडी

कार्ड डाउनलोड करने की क्षमता शामिल है। इन सुविधाओं को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप सिंह टिर्की ने कहा, हमें आधार कार्ड मॉडल की तरह डिजिटल खिलाड़ी पहचान पत्र पेश करने पर बहुत गर्व है। यह एक अच्छी पहल है। हॉकी इंडिया का यह कदम न केवल हमारे खिलाड़ियों के लिए पहचान पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, बल्कि पहुंच और सुविधा को भी काफी हद तक बढ़ाता है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक तथा सरल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, यह उस दिशा में एक बड़ा कदम है।

एंडर्स एंटोनसेन को हराकर राजावत सेमीफाइनल में

कैलगरी (कनाडा), एजेसी

भारत के प्रियांशु राजावत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने शुक्रवार रात एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21 21-19 16-21 से हार गई। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से

होगा। राजावत ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। एंटोनसेन ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की लेकिन राजावत ने उन्हें कड़ी चुनौती दी। तीसरे गेम में राजावत एक समय 5-1 से आगे थे लेकिन एंटोनसेन इंटरवल तक 11-10 मामूली बड़त हासिल करने में सफल रहे।

घुटने के दर्द से जूझते हुए जीते ज्वेरेव

लंदन, एजेंसी

एलेक्जेंडर ज्वेरेव

- ज्वेरेव बोले- पेप को देखा तो हो गया था नर्वस
- चौथे दौर में पहुंचे बेन शेल्टन, उगो हम्बर्ट भी जीते
- महिला वर्ग में चीन की जिन्यू जीतीं

जर्मनी के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने घुटने की समस्या, मैराथन टाई-ब्रेकर और रॉयल बॉक्स में अपने आदर्शों में से एक को देखने की घबराहट पर काबू पाकर यहां विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने शनिवार को सेंटर कोर्ट पर टाईब्रेकर में अपना छठा मैच प्वाइंट हासिल करने के बाद कैमरून नौरी को 6-4, 6-4, 7-6 (15) से हरा दिया। नौरी टूर्नामेंट में आखिरी ब्रिटिश खिलाड़ी थे। ज्वेरेव दूसरे सेट में गिरने के बाद बायें घुटने से परेशान रहे उन्हें कई बार उपचार की जरूरत पड़ी।

रॉयल बॉक्स में कई प्रमुख खेल हस्तियां बैठी थीं जिसमें से एक मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला को देखकर वह थोड़े नर्वस भी थे। ज्वेरेव ने कहा, जब मैंने पेप को देखा तो मैं कुछ गेम के दौरान नर्वस हो गया था। बेन शेल्टन भी चौथे दौर में पहुंच गए। तीसरे पांच सेट के मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को हराया जिसे पहले सेट में बारिश के कारण रात भर के लिए स्थगित कर दिया था। वहीं, उगो हम्बर्ट ने ब्रैंडन नाकाशिमा को हराया जिससे अब उनका सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। महिला वर्ग में चीन की जिन्यू वांग ने ब्रिटेन की हैरियट डार्ट को हराया। जबकि येलेना ओस्टापेंको ने बर्नार्डा पेरा को 6-1, 6-3 से पराजित किया।

बारिश ने बाधित किया खेल, डि मिनौर को वॉकओवर

लंदन। बारिश के कारण लगातार दूसरे दिन विम्बलडन में खेल बाधित हो गया और मौसम विभाग का कहना है कि यह मौसम दोपहर तक बना रह सकता है। नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को चौथे दौर में वॉकओवर मिला जब उनके प्रतिद्वंद्वी फ्रांस के क्वालीफायर लुकास पोउली ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। दूसरे दौर में भारत के यूकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट्टी को जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से पुरुष युगल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

रोनाल्डो का सपना टूटा, फ्रांस सेमीफाइनल में पहुंचा

हैम्बर्ग (जर्मनी), एजेंसी

फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया।

इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद

यूरो 2024 में फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हार के बाद पेपे को गले लगाते पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

थियो हर्नांडेज ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम 16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी। पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। रोनाल्डो ने रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।

मेरिनो के गोल से स्पेन सेमीफाइनल में, जर्मनी बाहर

स्टुटगार्ट (जर्मनी)। माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2-1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। मेरिनो ने गोल करने के बाद कॉर्नर फ्लैग के पास उसी तरह से जश्न मनाया जैसे उनके पिता मिगुएल मेरिनो ने 1991 में यूएफा कप में इसी स्टेडियम में खेले गए मैच में ओसासुना की तरफ से स्टुटगार्ट के खिलाफ गोल करने के बाद मनाया था। मेरिनो ने कहा मैं जानता था कि बहुत कम समय बचा है और यह हमारी तरफ से आखिरी हमला हो सकता है। कुछ सेकेंड तक तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। मैं बेहद खुश हूं। हमने कड़ी मेहनत की थी और हमें अपने पर भरोसा था। मैच में तीनों गोल स्थानापन खिलाड़ियों ने किए।

जर्मनी के खिलाफ मैच में हेडर लगाता स्पेन का खिलाड़ी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

ट्यूनीशिया ने राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा की

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया में राष्ट्रीय चुनाव कराने वाली स्वतंत्र निकाय (आईएसआईई) ने अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिये कार्यक्रमों की घोषणा की है। ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने शुक्रवार को बताया है कि आईएसआईई तीन सितंबर को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा करेगा। चुनाव अभियान 14 सितंबर से शुरू होगा और चार अक्टूबर को समाप्त होगा। राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम परिणाम नौ नवंबर तक घोषित किए जाएंगे। देश के मौजूदा राष्ट्रपति कैस सईद 2019 में चुने गए थे। उन्होंने अभी तक 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की घोषणा नहीं की है।

चीन में शक्तिशाली तूफान पांच लोगों की मौत

जिनान। पूर्वी चीन के शांदोंग प्रांत के हेज शहर में आए शक्तिशाली तूफान में पांच लोगों की मौत हो गयी है। हेज के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर को डोंगमिंग काउंटी और जुआनचेंग काउंटी में आए भयंकर तूफान में 88 लोग घायल हो गये। इनमें से पांच लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आपदा में कुल 2,820 घर, 60,900 म्यू (4,060 हेक्टेयर) फसलें और 48 बिजली आपूर्ति लाइनें क्षतिग्रस्त हो गयीं।

लेबनान-इजरायल सीमा पर बढ़ सकता तनाव

संयुक्त राष्ट्र। संरा ने ब्लू लाइन के नाम से मशहूर लेबनान-इजरायल सीमा पर तेज झड़पों पर शुक्रवार को गंभीर चिंता व्यक्त की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता के कार्यालय के एक नोट के अनुसार गुरुवार को हुई शत्रुता की यह हालिया वृद्धि, पूर्ण पैमाने पर युद्ध के खतरे को बढ़ाती है। नोट में संयम की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है, जिसमें कहा गया है, टकराव बढ़ने से बचा जा सकता है।

पाकिस्तानी प्रांतों में बाढ़ की चेतावनी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के एनडीएमए ने देश में जारी मूसलाधार वर्षा के कारण संभावित बाढ़ आने को लेकर चेतावनी जारी की है। एनडीएमए के राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि बारिश के कारण इस्लामाबाद, पूर्वी पंजाब के कुछ हिस्सों और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की स्थानीय नदियों में अचानक बाढ़ आने के आसार हैं।

मानसून में एसी का इस्तेमाल करते वक्त जान लें ये जरूरी बातें, वरना हो सकता नुकसान

मानसून के मौसम में तापमान में गिरावट तो आती है लेकिन कई बार यह बारिश उमस भी बढ़ा देती है। उमस से बचने के लिए हम एसी का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस मौसम में एसी के रखरखाव की जरूरत बढ़ जाती है क्योंकि नमी वाले वातावरण में एसी आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। दरअसल बारिश के समय बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इनके लिए एसी का नम तापमान सबसे मुफीद माना जाता है। इसलिए बरसात के मौसम में एसी का इस्तेमाल करते समय बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। इसलिए मानसून के समय एसी को किस टेंपरेचर पर चलाना सही है, साथ ही जानेंगे कि एसी का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

मानसून में हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती है

बारिश की वजह से जब बाहर का मौसम ठंडा हो जाए तो कई घंटे तक एसी का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। मानसून के दौरान रात भर एसी चलाकर सोने से मसल्स में दर्द या थकान हो सकती है। एसी की ठंडक की वजह से सर्दी, जुकाम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एक बार जब एसी से कमरा ठंडा हो जाए तो सीलिंग फैन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्टेबलाइजर्स का इस्तेमाल जरूरी

बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वोल्टेज के घटने-बढ़ने की सामने आती है। ऐसे में एसी व घर के अन्य एप्लायंसेज की सेफ्टी के लिए वोल्टेज स्टेबलाइजर्स का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। यह बिजली की अचानक होने वाली कटौती और उतार-चढ़ाव से बचाता है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक एप्लायंसेज की शेल्फ लाइफ को बढ़ाता है।

एसी का टेंपरेचर पर ध्यान दें

मानसून के दौरान एसी को 24 से 30 डिग्री टेंपरेचर के बीच चलाने की सलाह दी जाती है क्योंकि बरसात के दिनों में बहुत ज्यादा ठंडा रखना स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकता है। इस पर बिजली की खपत भी कम होती है। बारिश के समय एसी का इस्तेमाल करना सही है या नहीं यह यक्ष प्रश्न हमेशा लोगों के मन में उठता है, लेकिन हमेशा कम तापमान में एसी चलाने से बचना चाहिए।

क्या बारिश होने पर एसी चालू करना सही है

सिर्फ बारिश से एयर कंडीशनर को कोई खासा नुकसान नहीं पहुंचता है क्योंकि अधिकांश एसी में मौसम के अनुसार ठंडा, गर्म, ड्राई करके का ऑप्शन दिया होता है। हालांकि तेज बारिश और आंधी-तूफान की स्थिति में एसी को बंद करना ही बेहतर है क्योंकि आंधी-तूफान से एसी यूनिट के आस-पास धूल-मिट्टी जमा हो सकती है। साथ ही बारिश की वजह से एसी के कॉइल गीले हो सकते हैं। इससे ओवरहीटिंग के कारण ब्रेकडाउन हो सकता है। अगर आउटर यूनिट वाली जगह कवर नहीं है तो एसी को नहीं चलाना चाहिए। विंडो एसी में भी अगर उसका पिछला हिस्सा खुली जगह में है तो तेज बारिश के दौरान उसे बंद रखना ही बेहतर है।

ऐसे करें एसी का रखरखाव

- तेज बारिश आउटडोर यूनिट को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए आउटडोर यूनिट को बारिश के डायरेक्ट एक्सपोजर से बचाने के लिए उसके ऊपर टीन कवर का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- बारिश के दौरान एसी में पानी का रिसाव, पानी की रुकावट और फिल्टर के जाम होने की समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए मानसून से पहले एसी की मरम्मत कराना जरूरी है।
- मानसून के मौसम से पहले एसी की सर्विसिंग जरूर कराएं। सर्विसिंग से यह पता लगाया जा सकता है कि एसी के सभी पार्ट्स सही से काम कर रहे हैं या नहीं। शॉर्ट सर्किट का खतरा रहता है।
- बारिश के मौसम में ड्राई मोड का इस्तेमाल करना चाहिए। यह हवा से नमी को हटाता है और कमरे को ठंडा और ड्राई बनाता है।

स्टार्मर बोले-एफटीए को जल्द करेंगे पूरा

मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से फोन पर की बातचीत, शीघ्र भारत आने का दिया निमंत्रण

नई दिल्ली, एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर से शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर बात की और उन्हें शीघ्र भारत आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान स्टार्मर ने कहा कि दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए वह तैयार हैं। भारत और ब्रिटेन दो वर्षों से अधिक समय से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दोनों देशों में आम चुनावों के बीच 14वें दौर में वार्ता रुक गई थी।

उम्मीद है कि अब स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली नई लेबर सरकार फिर वार्ता शुरू करेगी। लेबर सरकार को इस सप्ताह भारी बहुमत से वोट मिला है। नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री की हिंद-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित अंतरराष्ट्रीय फोन वार्ता के संबंध में डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि शनिवार को सबसे पहले मोदी से बात हुई और उसके बाद जापान और ऑस्ट्रेलिया से बात की गई। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा दोनों नेताओं ने चुनावी जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी और ब्रिटेन तथा भारत के बीच संबंधों की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दोनों पक्षों के लिए लाभकारी समझौता करने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द मिलने की उम्मीद जताई। जनवरी, 2022 में जब बोरिस जॉनसन ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे, तब से दोनों पक्ष 38.1 अरब पाउंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके बाद से वार्ता को ब्रिटेन में राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा। पहले लिज ट्रस को थोड़े समय के लिए प्रधानमंत्री बनाया गया, उसके बाद ऋषि सुनक ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री बने।

फोन पर बातचीत में दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मोदी ने स्टार्मर को शीघ्र भारत की यात्रा पर आने का निमंत्रण दिया है तथा दोनों नेता आपस में बराबर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री स्टार्मर से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने बातचीत में भारत और ब्रिटेन के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख किया और पारस्परिक व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराया।

दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी

मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई, अगले सप्ताह नाटो की बैठक के लिए वाशिंगटन जाएंगे

लंदन। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शनिवार को मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुलाई। स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने नए आधिकारिक आवास के बाहर समर्थकों की मौजूदगी में कहा किसी देश को बदलना स्विच दबाने जैसा नहीं है। इसमें कुछ समय लग जाएगा। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बदलाव का काम तुरंत शुरू हो गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री अगले सप्ताह नाटो बैठक के लिए वाशिंगटन जाएंगे और 18 जुलाई को यूरोपीय राजनीतिक समुदाय शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे।

प्रधानमंत्री स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल हैं। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के विगन संसदीय क्षेत्र से भारी अंतर के साथ पुनर्निर्वाचित होने वालीं लीसा नंदी (44) शनिवार को ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री के रूप में अपना पदभार ग्रहण करेंगी। आम चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने वाले स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में शामिल 11 महिलाओं में रेचेल रीव्स (वित्तमंत्री), एंजेला रेनर (उप प्रधानमंत्री) भी शामिल हैं। दोनों ने इतिहास रचा है क्योंकि रीव्स के तौर पर ब्रिटेन को पहली महिला वित्तमंत्री मिली हैं, वहीं रेनर उप प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला हैं।

आलोक शर्मा उच्च सदन के सदस्य मनोनीत

लंदन। भारतीय मूल के पूर्व सांसद आलोक शर्मा को संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स का सदस्य मनोनीत किया गया था। शर्मा के मनोनयन पर ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने अपनी मुहर लगा दी जिसके बाद वह हाउस ऑफ लार्ड्स के सदस्य बन गये हैं। ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने (दो दिन पहले) शर्मा समेत सात व्यक्तियों को उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री थेरेसा मे भी शामिल हैं। शर्मा ने कहा कंजरवेटिव पार्टी के कई अच्छे उम्मीदवारों का हारते देखकर दुख हुआ। आगरा में जन्मे शर्मा (56) को दो साल पहले सीओपी-26 जलवायु शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर उनके योगदान के लिए चार्ल्स तृतीय की नव वर्ष सम्मान सूची में सर आलोक की उपाधि दी गई थी।

ईरान की जनता ने सुधारवादी नेता को स्वीकारा, कट्टरपंथी को नकारा

दुबई, एजेंसी

- सुधारवादी पेजेशकियान ने हिजाब कानून में ढील देने का किया वादा, आर्थिक प्रतिबंधों के संकट से बाहर निकालना होगा चुनौती
- हृदय रोग विशेषज्ञ हैं पेजेशकियन, चुनाव प्रचार के दौरान शिया शासन प्रणाली में परिवर्तन नहीं करने का किया था वादा

ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। सुधारवादी मसूद पेजेशकियान ने जीत हासिल की है, उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराया है। पेजेशकियन ने आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है। साथ ही आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है।

ईरान में राष्ट्रपति का चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक स्तर पर तनाव है और ईरान पिछले कई वर्षों से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पेजेशकियन का झुकाव पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी की ओर है, जिनके शासन के तहत तेहरान ने विश्व शक्तियों के साथ 2015 का ऐतिहासिक परमाणु समझौता किया था। हालांकि, यह परमाणु समझौता रद हो गया था और कट्टरपंथी नेता दोबारा सत्ता पर काबिज हो गए थे। पेजेशकियन (69) फिर से परमाणु समझौता करने और पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने के पक्षधर हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रिय ईरानवासियों, चुनाव समाप्त हो चुके हैं और यह हमारे सहयोग की शुरुआत मात्र है। आगे का कठिन रास्ता आपके सहयोग, साथ और विश्वास के बिना आसान नहीं होगा। मैं अपना हाथ आपकी ओर बढ़ाता हूं और कसम खाता हूं कि मैं आपको इस रास्ते पर अकेला नहीं छोड़ूंगा। आप भी मुझे अकेला मत छोड़िएगा।

जीत का जश्न मनाते मसूद पेजेशकियान

कौन हैं मसूद पेजेशकियान

29 सितंबर 1954 को जन्में मसूद पेजेशकियान पेशे से डॉक्टर हैं और वह ईरान की तबरीज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रमुख रहे हैं। साल 1994 में एक कार हादसे में मसूद पेजेशकियान की पत्नी और बेटी की मौत हो गई थी। पेजेशकियान साल 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। मसूद पेजेशकियान ने साल 2011 में पहली बार ईरान के राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया था, लेकिन बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। पेजेशकियान की पहचान एक उदारवादी नेता की है और वह पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के करीबी माने जाते हैं।

बेरिल तूफान से दस लाख प्रभावित आज टेक्सास के तट से टकराएगा

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

चक्रवाती तूफान बेरिल मेक्सिको के रिसॉर्ट शहर टुलम को पार करते हुए शुक्रवार को मेक्सिको की खाड़ी की ओर बढ़ गया। जिससे संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ और रविवार देर रात या सोमवार सुबह तक यह अमेरिकी में टेक्सास के तट पर टकरा सकता है। यह जानकारी मौसम विज्ञानियों ने शनिवार को दी।

वहीं, तूफान से कैरेबियाई क्षेत्र में 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने वर्तमान अनुमानों का हवाला देते हुए कहा कि सेंट विंसेंट

और ग्रेनेडाइंस में लगभग 40 हजार लोग, ग्रेनेडा में 1लाख10 हजार से अधिक लोग और जमैका में 9 लाख 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। मेक्सिको की नागरिक सुरक्षा एजेंसी की प्रमुख लौरा वेलाज़क्वेज़ ने कहा कि बेरिल के कारण किसी के हताहत नहीं होने की सूचना दी। उन्होंने कहा कि तूफान के कारण बाधित हुई बिजली 70 प्रतिशत बहाल कर दी गई है और रविवार तक पूरी तरह से सुचारु रूप से बहाल कर ली जाएगी।

कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज की समुद्री आत्मरक्षा बल रिश्वत कांड में फंसी

टोक्यो। जापान की कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी पर आरोप है कि उसने अवैध धन से देश के समुद्री सुरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) के पनडुब्बी चालक दल के सदस्यों के लिए व्यक्तिगत जरूरत के सामान खरीदने और उनके मनोरंजन के खर्चे उठाए। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कंपनी को जेएमएसडीएफ के पनडुब्बी बेड़े के लिए पनडुब्बियों कल-पुर्जों के निर्माण और रखरखाव के ठेके मिले हैं। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने इस काम में छोटे ठेकेदारों को प्रभावित कर लेन-देन के बीच बिलों में हेराफेरी कर अरबों येन का अवैध धन प्राप्त किया। आरोप है कि कंपनी ने इस धन से पनडुब्बी चालक दल के सदस्यों को रिश्वत दी।

यूक्रेन पर परमाणु हमले के विकल्प खुले हैं

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि यूक्रेन की मदद कर रहे पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को ऐसा कभी नहीं करेगा तो यह उनकी गलती है।

पुतिन ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है जब यूक्रेनी सैन्य बलों को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मदद पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे हैं। पुतिन ने इन नाटो सदस्यों को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर उनका रूस के साथ संघर्ष हो सकता है जो परमाणु संघर्ष में बदल सकता है।

मॉस्को ने हाल में दक्षिणी रूस में सहयोगी बेलारूस के साथ मिलकर अपने परमाणु



- बोले- पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को परमाणु का इस्तेमाल नहीं करेगा तो यह उनकी गलती

हथियार संबंधी सामरिक तैयारी के लिए अभ्यास किया। पश्चिमी देश यूक्रेन में नाटो सैनिकों की तैनाती और रूसी क्षेत्र में सीमित हमलों के लिए उसे लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। रूस ने अपने सैन्य अभ्यास को पश्चिमी देशों के इसी कदम की प्रतिक्रिया बताया। पुतिन ने यूक्रेन में 24 फरवरी 2022 को हमला शुरू किया था और इसके बाद से वह युद्ध में पश्चिमी देशों के हस्तक्षेप को हतोत्साहित करने के लिए रूस की परमाणु ताकत का कई बार जिक्र कर चुके हैं।

पुतिन बोले- अगर हमला किया तो अमेरिका बचाने नहीं आएगा

पुतिन ने रूस की हालिया सैन्य सफलताओं के बीच कहा कि मॉस्को को यूक्रेन में जीत के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं है लेकिन यूरोप में खासकर छोटे देशों समेत नाटो के सदस्यों के प्रतिनिधियों को यह अंदाजा होना चाहिए कि वह किसके साथ खेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रूस उन पर हमला करता है तो अमेरिकी सुरक्षा पर भरोसा करना उनकी गलती हो सकती है। पुतिन ने कहा लगातार तनाव के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यदि यूरोप में ये गंभीर परिणाम होते हैं, तो सामरिक हथियारों के मामले में हमारी क्षमता को देखते हुए अमेरिका क्या कदम उठाएगा? कहना मुश्किल है। क्या वे वैश्विक संघर्ष चाहते हैं।

सीमा पार से दुश्मन कश्मीर में भय फैलाने के लिए भाड़े के सैनिकों का इस्तेमाल कर रहा : डीजीपी

डोडा/जम्मू। डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि सीमा पार से दुश्मन जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बरकरार रखने के मद्देनजर लोगों में भय का माहौल पैदा करने के लिए भाड़े के विदेशी सैनिकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी स्वैन ने कहा कि पुलिस अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डोडा जिले के गंदोह इलाके में हाल में आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान बहादुरी के लिए सात विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को कांस्टेबल के रूप में पदोन्नत करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुलिस प्रमुख ने कहा कि लोग सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। गंदोह इलाके में 26 जून को हुई मुठभेड़ में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए थे। इस इलाके में एक दशक से अधिक समय में यह पहली मुठभेड़ थी।

बॉलीवुड हलचल

जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के संगीत समारोह में मचाई धूम

मुंबई। मशहूर अंतर्राष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह में अपनी प्रस्तुतियों से मनोरंजन जगत और खेल जगत की नामचीन हस्तियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जस्टिन बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे थे। उन्होंने रात में नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गानों बेबी, सॉरी, लव योर सेल्फ और पीचेस से धूम मचा दी। समारोह में सलमान खान, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अर्जुन कपूर जैसी बॉलीवुड की हस्तियों के अलावा क्रिकेटर एम एस धोनी उपस्थित रहे।

सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान को विक्की कौशल का तौबा तौबा गाना पर डांस बेहद पसंद आया है। विक्की कौशल की आने वाली फिल्म बैड न्यूज से उनका गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कई सेलेब्स ने उनकी डांस मूव्स की तारीफ की। अब सलमान खान ने भी विक्की का डांस वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने उनके डांस मूव्स की तारीफ भी की है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर वीडियो सॉन्ग 'तौबा तौबा' शेयर कर कैप्शन में लिखा, शानदार मूव्स विक्की, गाना बहुत अच्छा लग रहा है। बेस्ट विशेज। सलमान खान से तारीफ पाकर विक्की कौशल को बेहद खुशी हुई। विक्की ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, सो स्वीट ऑफ यू सलमान सर।

अमिताभ ने फैंस के प्रति जताया आभार

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के प्रति आभार जताया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। कल्कि 2898 एडी को समीक्षकों और दर्शकों से शानदार समीक्षा मिली है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा की भूमिका निभाई है, जो भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

हुंकार बाइडेन ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं व खराब प्रदर्शन से चुनावी दौड़ से बाहर होने की अटकले की खारिज

केवल भगवान ही मुझे चुनाव लड़ने से रोक सकता है

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुई पहली बहस में खराब प्रदर्शन के बाद, उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर ही उन्हें मुकाबले से बाहर होने के लिए राजी कर सकते हैं।

बाइडेन (81) ने यह बात एक टेलीविजन चैनल से साक्षात्कार के दौरान कही। राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं की पार्टी (डेमोक्रेटिक पार्टी) के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था।



- अटलांटा में 27 जून को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद गिरी रेटिंग
- कई नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का किया था आग्रह

बाइडेन ने कहा कि राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई अपनी पहली बहस से पहले वह थके हुए और बीमार थे। साथ ही कहा कि केवल भगवान ही उन्हें 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते हैं। बाइडेन ने दावा किया कि वह दुनिया को चला रहे हैं और राष्ट्रपति बनने के लिए उनसे ज्यादा योग्य कोई नहीं है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का लक्ष्य लिए चुनावी मैदान में उतरे बाइडेन ने ट्रंप पर आदतन झूठा होने का आरोप लगाया। बाइडेन ने एबीसी न्यूज से साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति पद के चुनाव के तहत हुई अपनी पहली बहस में अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कहा मैं थक गया था। मैंने तैयारी के दौरान अपने मन की बात नहीं सुनी। अपनी पहली बहस के बाद किसी टेलीविजन चैनल के साथ उनका पहला साक्षात्कार था।

मैं बीमार था और अस्वस्थ महसूस कर रहा था

उन्होंने कहा मैं बीमार था और बहुत अस्वस्थ महसूस कर रहा था। चिकित्सक मेरे साथ थे। मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मेरी कोविड-19 संबंधी जांच की है। वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि मेरे बीमार होने का कारण क्या है। उन्होंने मेरी कोविड जांच की लेकिन मुझे संक्रमण नहीं हुआ था। मुझे बस सर्दी लगी थी। बाइडेन ने कहा कि बहस में उनके खराब प्रदर्शन में किसी और की नहीं बल्कि मेरी गलती थी। डेमोक्रेटिक पार्टी के किसी भी प्रमुख नेता ने उनसे चुनाव से हटने के लिए नहीं कहा है। बाइडेन ने इससे पहले विस्कॉन्सिन में एक रैली के दौरान कहा कि वह चुनावी दौड़ में हैं और वह फिर से चुनाव जीतेंगे।